RNI NO.UPHIN/2010/36547

वर्ष 13 अंक 328

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 21 सितंबर, 2023

पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3

लखनऊ नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





मणिपुर संकट के लिए कांग्रेस की नीतियां जिम्मेदार

राष्ट्रीय-11


# लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पारित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आमतौर** पर महिला आरक्षण विधेयक के रूप में जाने जाने वाले 'नारीशक्ति वंदन अधिनियम' को समर्थन देते हुए, लोकसभा में शाम को पारित कर दिया गया। कांग्रेस संसदीय दल प्रमुख सोनिया गांधी के नेतृत्व में पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी, टीएमसी, शिवसेना और राकांपा के सांसदों सहित अन्य ने विधेयक को 'जुमला' और 'दिखावा' करार देते हुए सरकार पर हमला बोला। विधेयक के पक्ष में 454 वोट पड़े और विरोध में 2 वोट पड़े।

## विधेयक के पक्ष में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े



लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद प्रसन्नता व्यक्त करतीं सांसद

विधेयक में निचले सदन द्वारा पारित 33 प्रतिशत के भीतर ओबीसी, एससी/एसटी के उचित प्रतिनिधित्व को शामिल करने की कई मांगें रखते हुए, विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्यों ने विधेयक के प्रारूप की आलोचना की। इस विधेयक को लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले लाया गया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को लोकसभा में पारित करने के लिए पेश करने के तुरंत बाद सोनिया गांधी ने बहस शुरू की और कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक है और सदस्यों से इसे सर्वसम्मति और आम सहमति से पारित करने का आग्रह किया। मेघवाल ने कहा कि बिल पर चर्चा के दौरान जो भी सुझाव आएंगे उन पर सरकार विचार करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर संसद फैसला करती है तो महिलाओं के लिए कोटा 15 साल से आगे बढ़ाया जा सकता है। राहुल ने मांग की कि कोटा तुरंत लागू किया जाए और जाति जनगणना के बाद एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं को भी आरक्षण दिया जाए, जबकि सोनिया ने जोर देकर कहा कि उनके पति पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी ने स्थानीय इकाइयों में महिलाओं के लिए आरक्षण लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। विपक्ष की ओर से विधेयक पर हिंदी में तैयार पाठ को पढ़ते हुए सोनिया ने कहा कि आरक्षण को लागू करने में कोई भी देरी भारतीय महिलाओं के लिए 'घोर अन्याय' होगा।

सोनिया ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से, मैं सरकार से मांग करती हूं कि नारीशक्ति वंदन अधिनियम 2023 के रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करते हुए इसे जल्द से जल्द लागू किया जाए। ऐसा करना न केवल आवश्यक है, बल्कि संभव भी है। 76 वर्षीय कांग्रेस नेता ने कहा कि वह दिवंगत राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने पहली बार स्थानीय इकाइयों में महिला आरक्षण के लिए प्रयास किया था, जो पीवी नरसिम्हा राव के शासनकाल के दौरान फलीभूत हुआ, जिन्होंने इस आशय का विधेयक पारित किया था। उन्होंने कहा कि आज स्थानीय इकाइयों में 15 लाख निर्वाचित महिलाएं हैं.. राजीव का आधा सपना अब इस विधेयक के साथ पूरा होगा। राहुल ने समर्थन व्यक्त करते हुए इसके तत्काल कार्यान्वयन की वकालत की और कहा कि ओबीसी के लिए कोटा के प्रावधान के बिना कानून 'अधूरा' है। अपने भाषण के दौरान उन्होंने दावा किया कि भारत सरकार के 90 सचिवों में से केवल तीन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं और बजट का केवल पांच प्रतिशत नियंत्रित करते हैं, जिसे उन्होंने पिछड़े वर्गों का 'अपमान' कहा। राहुल ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोगों का ध्यान विभिन्न मुद्दों से भटकाना पसंद करते हैं। अपनी टिप्पणी में, राहुल ने नए संसद भवन के उद्घाटन और स्थानांतरण के आसपास आयोजित कार्यक्रमों को लेकर भी सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहूंगा कि यह काफी अच्छी इमारत है। अच्छे मोर, जमीन पर अच्छे मोर पंख, कुर्सी पर अच्छे मोर पंख। यह एक अच्छी, बेहतरीन इमारत है। लेकिन सच कहूं तो मुझे इस प्रक्रिया में भारत के राष्ट्रपति को देखना अच्छा लगता। महिला आरक्षण विधेयक को 'दिखावा' करार देते हुए, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि इसका नाम बदलकर 'महिला आरक्षण पुनर्निर्धारण विधेयक' रखा जाना चाहिए और कहा कि कार्रवाई की जरूरत है, न कि 'विधायी रूप से अनिवार्य विलंब का समाधान। लोकसभा में विधेयक पर बहस में भाग लेते हुए, मोइत्रा ने कहा कि महिला आरक्षण पूरी तरह से दो 'अनिश्चित तारीखों' पर निर्भर है और पूछा कि क्या इससे बड़ा कोई जुमला हो सकता है। शिवसेना सदस्य अरविंद सावंत ने लोकसभा में आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक लाना बेरोजगारी और महंगाई जैसे विभिन्न मोर्चों पर अपनी 'विफलता' को छिपाने के लिए मोदी सरकार का राजनीति से प्रेरित कदम है। उन्होंने कहा कि अगर कोई निर्वाचित महिला सदस्य अच्छा प्रदर्शन करती है और उसे उसकी पार्टी उसी सीट पर दोबारा टिकट देती है, तो आरक्षण प्रभावी रूप से 33 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। यह कहते हुए कि जब महिला पहलवान विरोध कर रही थीं तो कोई आंसू नहीं बहा, सावंत ने कहा कि यह विधेयक पूरी तरह से राजनीतिक है। चुनावों को ध्यान में रखकर लाया गया है। विपक्षी दल राकांपा और सपा ने भी महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी के लिए आरक्षण की मांग की और सवाल उठाया कि जब विधेयक को जनगणना और परिसीमन से पहले लागू नहीं किया जा सकता है तो विशेष सत्र बुलाने का क्या कारण है। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर बहस में भाग लेते हुए, राकांपा की लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने कानून को 'पोस्ट डेटेड चेक' करार दिया और सरकार से इसके कार्यान्वयन के लिए तारीख और समयसीमा बताने की मांग की। समाजवादी पार्टी सदस्य डिंपल यादव ने विधेयक में पिछड़े वर्ग, एससी/एसटी और अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान करने की मांग की।

# यूपी में सर्वाधिक 3.43 करोड़ लोग गरीबी से मुक्त हुए: योगी

## प्रदेश में गरीबी उन्मूलन की दिशा में हुई प्रगति की मुख्यमंत्री ने की प्रशंसा

**पायनियर समचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) मुख्यत: अंग्रेजी के पांच 'पी' (पीपुल, प्रॉस्पेरिटी, पीस, पार्टनरशिप और प्लेनेट) के सिद्धांत पर आधारित है। सतत विकास लक्ष्यों में सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय क्षेत्रों के अन्तर्गत निर्धारित किए गए लक्ष्यों को वर्ष 2030 तक प्राप्त किए जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री बुधवार को सतत विकास लक्ष्यों के प्रभावी अनुश्रवण के लिए संबधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने एसडीजी के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी संबंधित विभागों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सतत विकास लक्ष्यों के अन्तर्गत चिह्नांकित सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय क्षेत्रों में प्रदेश की प्रगति पर संतोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश द्वारा सतत् विकास के लक्ष्य गरीबी उन्मूलन में अत्यंत सराहनीय प्रगति करते हुए सर्वाधिक 3.43 करोड़ व्यक्ति बहुआयामी गरीबी से मुक्त हुए हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सर्वाधिक लाभार्थियों को आच्छादित किया जा चुका है। प्रदेश सरकार वर्ष 2024 तक हर घर में नल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़े हुए श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। प्रदेश में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2018 से ओडीओपी योजना संचालित की जा रही है। जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश की वास्तविक प्रगति के आंकड़ों को भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और नीति आयोग, भारत सरकार को परिलक्षित कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

सतत विकास लक्ष्यों के एजेंडा-2030 की प्राप्ति के लिए संबंधित विभागों द्वारा नियमित अनुश्रवण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्रों में सुधार करते हुए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र में और अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए। भूगर्भ जल दोहन को कम करते हुए भूगर्भ जल में वृद्धि के लिए सम्बंधित विभागों द्वारा मिशन मोड में कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 15 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराया जाए।

# रेलवे ने ट्रेन दुर्घटनाओं में अनुग्रह राशि में दस गुना बढ़ोतरी की

**भाषा।** नई दिल्ली

**रेलवे** बोर्ड ने ट्रेन दुर्घटनाओं में किसी की मृत्यु होने या घायल होने पर मिलने वाली अनुग्रह राशि 10 गुना बढ़ा दी है। अनुग्रह राहत को आखिरी बार 2012 और 2013 में संशोधित किया गया था। पीटीआई-भाषा को प्राप्त रेलवे के 18 सितंबर के एक परिपत्र से इसकी जानकारी मिली है।

इसके अनुसार, ट्रेन दुर्घटनाओं और अप्रिय घटनाओं में जान गंवाने वाले और घायल यात्रियों के आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राहत राशि को संशोधित करने का निर्णय लिया गया है...। इसमें कहा गया है कि सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए अनुग्रह राहत भी बढ़ा दी गई है, जो मानवयुक्त समपार फाटक पर रेलवे की प्रथम दृष्टया जवाबदेही के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं और यह 18 सितंबर से यानी परिपत्र जारी होने की तारीख से लागू होगा। परिपत्र के मुताबिक, ट्रेन और मानवयुक्त समपार दुर्घटनाओं में मृत यात्रियों के परिजन को अब 5 लाख रुपए मिलेंगे, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को 2.5 लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं साधारण चोट वाले यात्रियों को 50,000 रुपए मिलेंगे। पहले ये रकम क्रमश: 50,000 रुपए, 25,000 रुपए और 5,000 रुपए थी। इसमें कहा गया है कि किसी अप्रिय घटना में मृत व्यक्ति के आश्रितों, गंभीर रूप से घायल और साधारण रूप से घायल यात्रियों को क्रमश: 1.5 लाख रुपए, 50,000 रुपए और 5,000 रुपए मिलेंगे।

पूर्ववर्ती अनुग्रह योजना में यह राशि क्रमश: 50,000 रुपए, 25,000 रुपए और 5,000 रुपए थी। अप्रिय घटनाओं में आतंकवादी हमला, हिंसक हमला और ट्रेन में डकैती जैसे अपराध शामिल हैं। ट्रेन दुर्घटनाओं के मामले में गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 30 दिनों से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रखने पर अतिरिक्त अनुग्रह राहत की घोषणा करते हुए, परिपत्र में कहा गया है, हर 10 दिन की अवधि के अंत या छुट्टी की तारीख, जो भी पहले हो, 3,000 रुपए प्रति दिन जारी किए जाएंगे। रेलवे अधिनियम 1989 में ट्रेन दुर्घटनाओं और अप्रिय घटनाओं में यात्रियों की मृत्यु या चोट के लिए मुआवजा दायित्व निर्धारित किया गया है।

# कनाडा में हालात ठीक नहीं, सतर्क रहें भारतीय

## एडवायजरी में छात्रों को विशेष रूप से सावधानी बरतने को कहा, एक दिन पहले ही कनाडा ने अपने नागरिकों को भारत यात्रा के दौरान सतर्क रहने की दी थी सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## विदेश मंत्रालय की सलाह




कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो का फाइल चित्र

**खालिस्तानी** अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंधों में तनाव के बीच, नई दिल्ली ने बुधवार को कनाडा में अपने नागरिकों और वहां यात्रा करने विचार कर रहे देश के लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने का परामर्श जारी किया है।

सावधानी का यह नोट कनाडा द्वारा अपने नागरिकों को भारत की यात्रा के दौरान सतर्क रहने की सलाह जारी करने के एक दिन बाद आया है। बताया जाता है कि एक अन्य घटनाक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पिछले दो दिनों की घटनाओं की के बारे में जानकारी दी। भारत ने मंगलवार को ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरित' कहकर खारिज कर दिया था और इस मामले में ओटावा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गारसेटी ने कहा कि कनाडा एक प्रिय मित्र, साझेदार और सहयोगी है और हमारा उत्तरी पड़ोसी है। हम कनाडा की उतनी ही परवाह करते हैं जितना कि हम भारत को गहराई से चाहते हैं।

मुझे लगता है कि ऐसे क्षण नहीं आने चाहिए। मुझे उम्मीद है कि हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए और हम सभी उस जानकारी और उस जांच के लिए जगह दे सकें। इससे पहले कि कोई निर्णय पर पहुंचे। जहां तक? विदेश मंत्रालय द्वारा जारी की गई सलाह का संबंध है, इसमें कहा गया है कि कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक रूप से क्षमा किए जाने वाले घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए, वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों और यात्रा पर विचार करने वाले लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया जाता है।

## एनआईए ने खालिस्तानी आतंकियों पर कार्रवाई तेज की, पांच पर इनाम घोषित

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज करते हुए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार को हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा और लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा सहित प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के पांच सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को नकद इनाम दिए जाने की घोषणा की। संघीय एजेंसी ने रिंदा और लांडा प्रत्येक के लिए 10 लाख रुपए के इनाम और परमिंदर सिंह खैरा उर्फ पट्टू , सतनाम सिंह उर्फ सतबीर सिंह और यादविंदर सिंह उर्फ यद्दा पर पांच लाख रुपए के नकद इनाम की घोषणा की।

# सर्वोच्च न्यायालय सांसदों को मुकदमे से छूट देने के फैसले पर पुनः विचार करेगा

**भाषा।** नई दिल्ली



**देश** को झकझोर देने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत कांड के करीब 25 साल बाद उच्चतम न्यायालय सांसदों और विधायकों को संसद या राज्य विधानसभाओं में भाषण या वोट देने के बदले में रिश्वत लेने के मामलों में मुकदमा चलाने से छूट देने के अपने 1998 के फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए बुधवार को सहमत हो गया। न्यायालय ने कहा कि यह राजनीति की नैतिकता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाला एक महत्वपूर्ण मुद्दा है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्ईय संविधान पीठ ने कहा कि वह मामले पर नए सिरे से सुनवाई के लिए सात सदस्ईय पीठ गठित करेगी। शीर्ष न्यायालय की पांच सदस्ईय पीठ ने पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई मामले में 1998 में दिए अपने फैसले में कहा था कि सांसदों को सदन के भीतर कोई भी भाषण तथा वोट देने के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने से संविधान में छूट मिली हुई है। वर्ष 2019 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पीठ ने इस अहम प्रश्न को पांच सदस्ईय पीठ के पास भेजते हुए कहा था कि इसके व्यापक प्रभाव हैं और यह सार्वजनिक महत्व का सवाल है।

तीन सदस्ईय पीठ ने तब कहा था कि वह झारखंड में जामा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन की अपील पर सनसनीखेज झामुमो रिश्वत मामले में अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगी। सीता सोरेन पर 2012 में राज्यसभा चुनाव में एक विशेष उम्मीदवार को मत देने के लिए रिश्वत लेने का आरोप था। उन्होंने दलील दी थी कि सांसदों को अभियोजन से छूट देने वाला संवैधानिक प्रावधान उन पर भी लागू किया जाना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### नीट-पीजी 2023 की सभी श्रेणियों में कटऑफ शून्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा परास्नातक (नीट पीजी) 2023 में काउंसलिंग के लिए अनिवार्य क्वालिफाइंग परसेंटाइल को घटाकर शून्य कर दिया है। सरकार के इस कदम के बाद नीट पीजी परीक्षा देने वाले सभी विद्यार्थियों को काउंसलिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा। भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने एक नोटिस में कहा है कि नीट पीजी काउंसलिंग 2023 के लिए पीजी पाठ्यक्रमों (मेडिकलाडेटल) के लिए क्वालीफाइंग परसेंटाइल को मंत्रालय ने सभी श्रेणियों में शून्य कर दिया गया है। परसेंटाइल को घटाने के बाद पात्र विद्यार्थियों के लिए पीजी काउंसलिंग के राउंड-तीन के लिए पंजीकरण और पसंद भरने की खिड़की फिर से खोली जाएगी। इसमें कहा गया है कि पीजी काउंसलिंग राउंड-3 का नया कार्यक्रम जल्द ही एमसीसी वेबसाइट पर डाला जाएगा। हाल ही में, फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से नीट पीजी 2023 परीक्षा के लिए कट-ऑफ अंक को कम करने पर विचार करने की अपील की थी।

# ईरान की संसद ने कड़ा हिजाब कानून बनाया, दस साल तक की हो सकती है सजा


**एपी।** दुबई

**ईरान** की संसद ने सार्वजनिक स्थानों पर अनिवार्य इस्लामी हेडस्कार्फ (हिजाब) पहनने से इनकार करने वाली महिलाओं और उनका समर्थन करने वालों के लिए सजा के प्रावधान वाले एक विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। यह कदम 22 वर्षीय महसा अमिनी की बरसी के कुछ ही दिनों बाद आया, जिसे हिजाब का विरोध करने के लिए नैतिक पुलिस ने हिरासत में लिया था। महसा की हिरासत में मौत को लेकर देश में महीनों तक विरोध प्रदर्शन हुए थे। महसा की 16 सितंबर 2022 को मौत हो गई थी। इस विधेयक में अनिवार्य हिजाब नहीं पहने महिलाओं को सेवाएं मुहैया कराने वाले प्रतिष्ठानों के मालिकों के लिए सजा का प्रावधान किया गया है। यदि अपराध संगठित तरीके से होता है तो उल्लंघनकर्ताओं को 10 साल तक की सजा हो सकती है। विधेयक को ईरान की 290 सीटों वाली संसद में 152 सांसदों द्वारा पारित किया गया है।

# मतदाताओं को मताधिकार के बारे में जागरूक करेंगे चाचा चौधरी

## प्राण कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित 'चाचा चौधरी और चुनावी दंगल' नामक एक कॉमिक बुक लॉन्च की गई

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली






**प्रतिष्ठित** हास्य चरित्र 'चाचा चौधरी का दिमाग कंप्यूटर से भी तेज काम करता है'- 90 के दशक का हर बच्चा चाचा चौधरी और साबू की हास्य श्रृंखला की इस प्रसिद्ध पंक्ति से परिचित है। प्राण कुमार शर्मा द्वारा रचा गया अविस्मरणीय चरित्र, जो हर भारतीय के दिल में गहराई तक बसा हुआ है।

लाल पगड़ी और डबल अंदर की जेब वाला वास्कट पहने सबसे बड़े नायकों में से एक, चाचा चौधरी अब लोगों को उम्मीदवारों के लिए वोट देने के अपने अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। यह पहली बार नहीं है कि सरकार ने प्रचार या जागरूकता पैदा करने के लिए चाचा चौधरी और अन्य प्रतिष्ठित कॉमिक पात्रों का उपयोग किया है। चुनाव आयोग (ईसी) बच्चों में चुनाव के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए चाचा चौधरी, साबू, राका, धमाका सिंह, बिल्लू और अन्य जैसी प्रतिष्ठित हास्य हस्तियों का उपयोग करेगा। एक अनोखे प्रयास में, लोकप्रिय कॉमिक पात्रों के माध्यम से बच्चों के बीच चुनाव के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्राण कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित 'चाचा चौधरी और चुनावी दंगल' नामक एक कॉमिक बुक लॉन्च की गई है। पुस्तक का विमोचन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्तों अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल के साथ किया।

चाचा चौधरी, साबू, राका, बिल्लू और धमाका सिंह सहित अन्य लोग अब बच्चों को चुनाव के महत्व और मतदाता के रूप में नामांकन कैसे करें के बारे में सिखाएंगे। कॉमिक में चुनावी पहलुओं पर 10 लघु कथाएँ शामिल होंगी। कॉमिक में, चाचा चौधरी पाठकों को भारत के चुनाव आयोग द्वारा विकसित विभिन्न ऐप जैसे सीविजिल और केवाईसी से परिचित कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे उन्हें चुनाव प्रक्रिया में एक सक्रिय और सूचित भागीदार बनने में सशक्त बनाया जाता है। इसके अलावा, कॉमिक बुक महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के ईसीआई प्रयासों के साथ जुड़कर चुनावी प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर दृढ़ता से जोर देती है।

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि यह कॉमिक प्रिंट और डिजिटल दोनों प्रारूपों में उपलब्ध है, जो सभी प्लेटफार्मों पर पहुंच सुनिश्चित करती है। इसके अतिरिक्त, युवा दिमागों को प्रेरित करने के लिए, कॉमिक बुक की मुफ्त प्रतियां स्कूलों में वितरित की जाएंगी, जिससे भविष्य के मतदाताओं को चुनाव के बारे में शिक्षित किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि 30,000 प्रतियां मुफ्त में वितरित की जाएंगी और लाखों बच्चों के लिए उन्हें डिजिटल रूप से देखने का भी प्रावधान होगा।

# न्यायालय ने विधानसभा और विधान परिषद में हुईं नियुक्तियों की सीबीआई जांच के आदेश दिए

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 2022-23 में विधान सभा व विधान परिषद में भर्तियों में हुई कथित गड़बड़ी पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सीबीआई को प्रारम्भिक जांच का आदेश दिया है। कहा है कि सीबीआई पता लगाए कि क्या इन भर्तियों में गड़बड़ी की गई है। पीठ ने सीबीआई को नवंबर के पहले हफ्ते तक अपनी जांच रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया है। जस्टिस एआर मसूदी एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश दो याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए स्वत: संज्ञान लेकर दर्ज की गई एक जनहित याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष वर्ष 2022-23 में विधान सभा व विधान परिषद में हुई भर्तियों के मुद्दे पर सुनवाई हो रही थी। पीठ को सुनवाई के दौरान प्रस्तुत रिकॉर्ड को देखने पर भर्ती में धांधली की आशंका हुई।

# पांच माह में तैयार हुईं 11 लाख से अधिक घरौनियां, स्वामित्व योजना में ललितपुर अव्वल

**● पीएम स्वामित्व योजना की मुख्यमंत्री खुद कर रहे मॉनीटरिंग, दिसंबर तक 90 हजार से अधिक गांवों के लिए शत-प्रतिशत घरौनी तैयार करने का लक्ष्य**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में पीएम स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनियों के निर्माण और वितरण की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है। अब तक 66 लाख से ज्यादा घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। प्रदेश के 90 हजार से अधिक गांवों के लिए घरौनियां तैयार कराई जा रही हैं, जिनमें से 47 हजार से अधिक गांवों की घरौनियों का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसमें भी प्रदेश के ललितपुर का परफॉर्मेंस सबसे अच्छा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिसंबर तक हर हाल में घरौनी बनाने के कार्य को शत प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य दिया है।

योगी द्वारा सीधी मॉनीटरिंग की वजह से प्रदेश में घरौनी बनाने के कार्य में तेजी देखने को मिली है। प्रतिमाह दो लाख घरौनी बनाने के लक्ष्य के सापेक्ष बीते 45 दिनों में 431794 से अधिक घरौनियां बनाई गई हैं, जो 144 प्रतिशत तेज गति से लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। बता दें कि प्रदेश में ड्रोन सर्वे के आधार पर 90908 गांवों के लिए घरौनी बनाने का कार्य चल रहा है। अब तक 47893 गांवों के लिए घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। 24 अप्रैल से 15 सितंबर तक 1144936 घरौनियां तैयार की जा चुकी हैं। वहीं 24 अप्रैल 2020 को योजना की शुरुआत होने से लेकर 15 सितंबर 2023 तक प्रदेश में 6659905 घरौनियां बनाने का कार्य पूरा हो चुका है। स्वामित्व योजना में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों में ललितपुर सर्वश्रेष्ठ रहा है। इसके बाद कासगंज, मुरादाबाद, जालौन और संभल टॉप 5 जिलों में शामिल है। इन सभी जिलों में लक्ष्य के सापेक्ष 99 फीसदी से ज्यादा कार्य संपन्न हुआ है। वहीं प्रदेश के सबसे खराब जनपदों में हरदोई बॉटम 5 में सबसे ऊपर है। इसके बाद प्रयागराज, लखनऊ, कुशीनगर और गोंडा जनपद भी सबसे खराब परफॉर्मेंस वाले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन सभी जिलों के जिलाधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि पीएम स्वामित्व योजना के तहत गांव के उन लोगों को अपने घर की जमीन का मालिकाना हक दिया जाता है, जो किसी भी सरकारी आंकड़े में दर्ज नहीं है। दरअसल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी ऐसे लोग हैं, जिनकी घर की जमीन किसी भी सरकारी आंकड़ों में दर्ज नहीं है, जिससे उनकी जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा कब्जा होने का खतरा हमेशा बना रहता है। इसके अलावा इस जमीन पर लोन भी नहीं मिल पाता। इसी समस्या को देखते हुए 24 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम स्वामित्व योजना का शुभारंभ किया था। इससे संपत्तियों के मुद्रीकरण को सुगम बनाने और बैंक ऋणों को आसान बनाने, संपत्ति विवादों को कम करने सहित व्यापक ग्राम स्तरीय योजना शामिल हैं। इसके अलावा यह पंचायतों के सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल को और बढ़ाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए दुनिया देखेगी समृद्ध यूपी की झलक

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज करेंगी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ

**● 2000 से अधिक एग्जिबिटर्स अपने उत्पादों को करेंगे प्रदर्शित**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**पहले** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से ग्रेटर नोएडा का इंडिया एक्सपो मार्ट उत्तर प्रदेश की समृद्धि की झलक दिखाने को तैयार है। गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस भव्य आयोजन का शुभारंभ करेंगी। इस आयोजन के माध्यम से 2000 से ज्यादा एग्जिबिटर्स अपने उत्पादों को देश और दुनिया के उद्यमियोंए एक्सपोर्टर्स के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इनमें ओडीओपी से लेकर हेल्थकेयर, फूड प्रॉसेसिंग, फार्मा, डेयरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ई-कॉमर्स समेत तमाम सेक्टर्स शामिल होंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश के कई विभाग भी अपने स्टॉल के माध्यम से प्रदेश की क्षमता और विकास का रोडमैप प्रदर्शित करेंगे। मुंबई डिब्बावाला समेत प्रदेश सरकार के कई विभाग और संस्थाएं विभिन्न सेशंस के माध्यम से बिजनेस गतिविधियों को लेकर चर्चा करेंगे। इंटरनेशनल ट्रेड शो में 11 बजे से 3 बजे तक बिजनेस आवर्स रहेगा जबकि इसके बाद 3 बजे से लेकर रात 8 बजे तक यह आम पब्लिक के लिए खुला रहेगा। आम पब्लिक का इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रवेश निशुल्क रहेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार इस आयोजन को बड़े पैमाने पर होस्ट कर रही है। इंटरनेशनल ट्रेड शो की परिकल्पना उत्तर प्रदेश के छोटे, मध्यम और बड़े उद्यमों को एक विशिष्ट पहचान के साथ बढ़ावा देने के लिए एक नियमित मेले के रूप में की गई है।

यूपीआईटीएस में 44 एग्जिबिटर कैटेगरीज के तहत प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इंटरनेशनल ट्रेड शो में 2 हजार से ज्यादा एग्जिबिटर्स शामिल हो रहे हैं। यूपी सरकार के महत्वपूर्ण विभागों के अलावा इनमें मल्टी सेक्टर, मल्टी ब्रांड्स और मैन्युफैक्चरर्स शामिल होंगे। जिन बड़े ब्रांड्स ने इंटरनेशनल ट्रेड शो में शामिल होने की सहमति दी है, उनमें श्री सीमेंट, टाटा मोटर्स, एक्मे, अल्ट्राटेक, टोरेंट गैस, होंडा, पतंजलि, वीवो, एलजी, जेके सीमेंट, इफ्को टोकियो, मैक्स लाइफ , हमदर्द, एसबीआई, अडानी रिएलिटी, डीएलएफ , रेड टेप, गलगोटिया, एसआरएमएस, शारदा यूनिवर्सिटी, पीएनबी, कपिला, नमस्ते इंडिया, सर्वोटेक, हुंडई के अलावा हजारों ब्रांड्स दिखाई देंगे। सभी एग्जिबिटर्स द्वारा एक्सपो मार्ट के 13 हॉल्स में अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हॉल-1 में यूपीसीडा/ इनवेस्ट यूपी, ऑटोमोबाइल/ ईवी/ ऑटो कंपोनेंट/ फूड प्रॉसेसिंग एंड डेयरी प्रोडक्ट्स, गवर्नमेंट मिशन, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट, इंफ्रा, इंजीनियरिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे अन्य सेक्टर्स को प्रदर्शित किया जाएगा। इसी तरह हॉल-3 में कॉस्मेटिक्स एंड पर्सनल केयर, एफएमसीजी, हेल्थ केयर, स्पोर्ट्स, टॉय सेक्टर और वाटर इंडस्ट्रीज के उत्पादों की प्रदर्शनी होगी। हॉल-5 में 100 से ज्यादा स्टार्टअप और ई कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, हॉल-6 में डिफेंस कॉरिडोर, रीयल एस्टेटए हॉल-7 में फर्नीचर, फार्मास्युटिकल्स, पावर इंडस्ट्री, हॉल-8 में एजुकेशन, फाइनेंशियल सर्विसेज, हॉल-9 में ओडीओपी (400 से ज्यादा पार्टिसिपेंट्स), टेक्सटाइल्स, हैंडीक्राफ्टस, लेदर, हॉल-10 में एमएसएमई, हॉल-11 में फूड प्रॉसेसिंग एंड डेयरी प्रोडक्ट्स, हॉल-12 में इवेंट मैनेजमेंट, लेदर, प्रेस-मीडिया और प्रिंटिंग इंडस्ट्री जैसे सेक्टर्स को स्टॉल होंगे। हॉल 14-15 हॉल्स ऑफ एक्सपर्ट एक्सीलेंस होगा जहां 600 से अधिक एक्सपोर्टर्स और रेडीमेड गारमेंट्स, हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम्स, कारपेट्स व स्पोर्ट्स को कवर किया जाएगा।

# हर सितंबर माह में गुरु-शिष्य के रिश्ते की मिसाल बनती है गोरक्षपीठ

**● 26 सितंबर से शुरू होगा साप्ताहिक आयोजन का सिलसिला**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोरखपुर** स्थित गोरक्षपीठ के लिए सितंबर का महीना खास होता है। इस महीने पीठ हफ्ते भर अपनी ऋषि और सनातन परंपरा में गुरु-शिष्य के जिस रिश्ते का जिक्र किया जाता है, उसकी जीवंत मिसाल बनती है। दरअसल सितंबर में ही ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पड़ती है। अपने पूज्य गुरुओं और उनके सरोकारों को याद करने, उनसे प्रेरणा लेने, उनको आगे बढ़ाने का संकल्प लेने के लिए करीब आधी सदी से इस आयोजन का सिलसिला जारी है। इस साल 26 सितंबर से 3 अक्टूबर तक यह आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि वैश्विक महामारी कोरोना में भी सोशल डिस्टेंसिग का पालन करते हुए यह आयोजन हुआ था। यह इसके अहमियत का प्रमाण है। आयोजन के उद्घाटन और समापन समारोह में गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान श्रीगोरक्षपीठ, गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर की गौरवशाली धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक परंपरा को नई दिशा देने वाले युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ ही समाज एवं राष्ट्र की ज्वलंत समस्याओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर देश के नामचीन विशेषज्ञए धर्माचार्य और संत समाज के लोग अपनी राय रखेंगे। चर्चा के लिए राष्ट्रीय महत्व के जिन समसामयिक विषयों को चुना गया है उनमें 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना', 'पर्यावरण रक्षा: भविष्य की सुरक्षा', 'आयुर्वेद: सम्पूर्ण आरोग्यता की गारंटी', 'संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति', 'भारतीय संस्कृति एवं गो-सेवा' और 'महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ के कृतित्व और व्यक्तित्व पर केंद्रित श्रद्धांजलि सभा।

# आधा अधूरा बिल महिला आरक्षण जैसे विषय का उपहास: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने नई संसद के पहले दिन से ही महाझूठ से अपनी शुरुआत की है। जब जनगणना और परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता है, जिसमें वर्षों लग जाएंगे तो भाजपा सरकार को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या जरूरत है, भाजपा सरकार न जनगणना के पक्ष में है और न ही जातीय जनगणना के, जिसके बिना तो महिला आरक्षण संभव ही नहीं। ये आधा अधूरा बिल महिला आरक्षण जैसे गंभीर विषय का उपहास है। इसका जवाब महिलाएं आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के विरूद्ध वोट डाल कर भाजपा को ही अनिश्चितकाल तक सत्रा से बाहर कर देंगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार महिला आरक्षण को लेकर कभी ईमानदार नहीं रही है। केन्द्रीय मंत्रिमण्डल और अभी तक हुए चुनावों में भाजपा ने अपने यहां 33 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दिया। वर्तमान महिला आरक्षण बिल में लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन नहीं है। समाजवादी पार्टी की नीति रही है कि महिला आरक्षण में पिछड़े, दलित, मुस्लिम, अल्पसंख्यक, आदिवासी समाज की महिलाओं का निश्चित प्रतिशत होना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा महिलाओं को आरक्षण देने की है ही नहीं वह सिर्फ चुनावी जुमले के तहत महिला आरक्षण के नाम पर एक धोखा है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज का पंजीकरण रद्द किए जाने के आदेश को निरस्त करने मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जनपद अमेठी, तहसील मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल के पंजीकरण को रद्द करने के आदेश को निरस्त करने के संबंध में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। उन्होंने अस्पताल के पंजीकरण के निरस्तीकरण के आदेश को तत्काल वापस लेने का निवेदन किया है।

प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी न बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को पत्र लिखकर स्थानीय नागरिकों की असुविधाओं की तरफ ध्यान आकर्षित कराया है और कहा है कि अस्पताल दशकों से स्थानीय और आसपास के जनपदों के नागरिकों को न्यूनतम शुल्क पर बिना लाभ के स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करता रहा है, जिससे लाखों लोग स्वास्थ्य लाभ पाते हैं। संजय गांधी अस्पताल अमेठी क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं की लाइफ लाइन है। ऐसे में अस्पताल द्वारा प्रदत्त सेवाओं को स्थगित करने से जनपद अमेठी और समीपवर्ती इलाके के ग्रामीण नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि अस्पताल द्वारा बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), आंतरिक रोगी विभाग एवं शल्य चिकित्सा (सर्जरी) के लिए आने वाले लाखों नागरिकों को अत्यंत निम्न व्यय पर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं हैं, इसी अस्पताल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के लिए कार्डिओलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गेस्ट्रो, डर्माटोलॉजी, श्वास और फेफड़ों से सम्बन्धित रोगों सहित सामान्य शल्य, नेत्र, नाक, कान, मुंह, दात तथा महिला और शिशु रोगों के मामले में आमंत्रित अथवा पूर्णकालीन उपलब्ध चिकित्सकों के माध्यम से चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायी जाती रही हैं। अस्पताल में उपलब्ध आकस्मिक स्वास्थ्य सेवाएं तथा सीटी स्कैन, रेडियोलॉजी, ब्लड बैंक, दवाखाना, नवजात शिशु के जन्म के लिए लेबर रूम जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के तत्काल उपलब्ध होने के कारण सामान्य स्थिति में इस क्षेत्र के नागरिकों को बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ता है। अजय राय ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा है कि उक्त अस्पताल इतनी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आम नागरिकों को न्यूनतम व्यय और कतिपय मामलों में बिल्कुल निशुल्क प्रदान कर रहा था तब प्रदेश शासन से मात्र एक मामले का संज्ञान लेते हुए उक्त अस्पताल के पंजीकरण को निरस्त किए जाने की घोषणा की बिल्कुल अपेक्षा नहीं की जा सकती। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से जनहित में प्रदेश प्रशासन द्वारा उक्त अस्पताल के पंजीकरण के निरस्तीकरण के आदेश तत्काल वापस लेने का निवेदन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पत्र लिखकर विश्वास व्यक्त किया है कि जनहित को ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ सकारात्मक निर्देशों से संजय गांधी अस्पताल, मुंशीगंजए का संचालन कराना सुनिश्चित करेंगें, जिससे अमेठी की ग्रामीण जनता के साथ-साथ अस्पताल के कर्मचारियों और चिकित्सकों के साथ अन्याय न होने पाए।

# महिला आरक्षण पर भाजपा की नीयत साफ नहीं: मायावती

**● बसपा प्रमुख ने कहा, आरक्षण बिल में ऐसा प्रावधान कि 15-16 साल इसका लाभ मिलने वाला नहीं**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केंद्र** सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए महिला आरक्षण बिल को लेकर बहुजन समाज पाटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि आरक्षण पर भाजपा की नीयत साफ नहीं है। मायावती ने कहा कि संसद में पेश किए गए महिला आरक्षण को लागू होने पर अभी कई साल लग जाएंगे। यह बिल बिना जनगणना और परिसीमन के लागू नहीं हो सकता है। 2011 के बाद आज तक जनगणना नहीं हुई। जनगणना कराने में कई साल लग जाएंगे। जनगणना के बाद परिसीमन का काम होगा जबकि भाजपा ने आरक्षण की सीमा 15 साल रखी है। कई चुनाव तक ये आरक्षण नहीं मिल पाएगा।

मायावती ने भाजपा की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा है कि महिला आरक्षण बिल में ऐसा प्रावधान किया गया है कि 15-16 साल तक इसका लाभ मिलने वाला नहीं है। केंद्र सरकार ऐसे उपाय तलाशे जिससे इस विधेयक के तहत जल्द लाभ मिल सके। यह भी मांग की है कि 33 प्रतिशत महिलाओं के आरक्षण में एससी व एसटी को जो आरक्षण दिया जाए, वह वर्तमान में लागू आरक्षण के अतिरिक्त हो और ओबीसी महिलाओं का कोटा अलग से तय किया जाए।

मायावती ने ने बुधवार को पार्टी कार्यालय पर बातचीत में कहा कि विधेयक के पास होने के बाद पहले पूरे देश में जनगणना कराई जाएगी। जब यह पूरी हो जाएगी उसके बाद लोकसभा और राज्य की विधानसभाओं का परिसीमन पुन: कराया जाएगा। तब यह महिला आरक्षण संबंधी संशोधन विधेयक लागू होगा जबकि 128वें संशोधन विधेयक की सीमा ही 15 वर्ष रखी गई है। यह बात भी किसी से छिपी नहीं है कि देश भर में नए सिरे से जनगणना कराने में अनेकों वर्ष लग जाते हैं। पिछली जनगणना वर्ष 2011 में प्रकाशित हुई थी, इसके बाद आज तक नहीं हो सकी है।

उन्होंने कहा कि स्पष्ट है कि यह संविधान संशोधन विधेयक वास्तव में महिलाओं को आरक्षण देने की साफ नीयत से नहीं लाया गया है, बल्कि आने वाली विधानसभाओं और लोकसभा के चुनावों में देश की भोली-भाली महिलाओं को प्रलोभन देकर उनका वोट हासिल करना है। उन्होंने कहा कि एससीए एसटी व असेबीसी की महिलाओं के आरक्षण के मामले में मेरी इस अपील पर सरकार अमल नहीं करती है, तब भी हमारी पार्टी इस बिल का समर्थन करेगी। आरक्षण देने के मामले में पूर्व में केंद्र की रही कांग्रेसी सरकार द्वारा लाए गए बिल में भी इसकी व्यवस्था नहीं की गई थी, जिसके चलते यह पास नहीं हो सका था। कांग्रेस अब राजनीतिक लाभ के लिए इन वर्ग की महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की वकालत कर रही है। इससे साफ है कि भाजपा व कांग्रेस की नीयत साफ नहीं है।

# रामपुर के एसपी हटाए गए, तीन आईपीएस के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने बुधवार को रामपुर और हरदोई के पुलिस अधीक्षकों का तबादला कर दिया। रामपुर में तैनात पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार का तबादला सीबीसीआईडी में कर दिया गया है। अशोक कुमार के स्थान पर हरदोई के एसपी राजेश द्विवेदी को रामपुर का नया एसपी तैनात किया गया है। वहीं सीबीसीआईडी में तैनात केशव चंद्र गोस्वामी को एसपी हरदोई के पद पर भेजा गया है।

हांलाकि शासन ने इन तबादलों के पीछे कानून-व्यवस्था को मुख्य वजह बताया है लेकिन रामपुर एसपी अशोक कुमार के तबादले को आजम खान के घर तीन दिनों तक चली आयकर विभाग की रेड से जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि अशोक कुमार को आजम खान के घर आयकर विभाग के छापे के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न करने और ढिलाई बरतने के कारण हटाया गया है। चर्चा है कि आजम खान के केस में अशोक कुमार लगातार नरमी बरत रहे थे। इसकी शिकायत शासन स्तर पर की गई थी। जिसके बाद उन्हें हटाने की कार्रवाई की गई।

**PUBLIC NOTICE**

I, JAIKISHAN ANANDANI holder of Indian Passport No:Z4918894 issued at DUBAI on 10/08/2020 and Permanent Resident of 1002 10TH FLOOR TOWER-26 LOTUS BOULEVARD NOIDA SECTOR 100 NOIDA GAUTAM BUDH NAGAR PIN 201304 UTTAR PRADESH INDIA and presently residing at GR FLR 02 BLDG NO.19 MINA AL ARAB R.A.K UAE do hereby change the name of my minor child SAISHA holding Indian Passport No:S8664967 issued at DELHI on 31/10/2018 from SAISHA to SAISHA (Given name) ANANDANI (Surname) with immediate effect.

# सचिवालय के कार्यों को रफ्तार देने के लिए ऑफिसर डेस्क प्रणाली लागू करने की तैयारी

**● फाइलों के त्वरित निस्तारण संग भ्रष्टाचार पर लगेगी लगाम**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने सचिवालय के कार्यों में तेजी लाने, समयबद्ध निस्तारण और पारदर्शिता के लिए विभागों में सचिवालय डेस्क ऑफिसर प्रणाली लागू करने का निर्णय किया है। इससे जहां फाइलों का तेज निस्तारण होगा, वहीं भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। साथ ही सरकार की योजनाओं को बिना देरी के लागू किया जा सकेगा। इसका सीधा फायदा प्रदेश की जनता को मिलेगा। मालूम हो कि मोदी सरकार के 40 मंत्रालयों में 623 डेस्क इकाई स्थापित की गयी है। डेस्क ऑफिसर प्रणाली के तहत एक अनु सचिव या वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी डेस्क से जुड़ी जिम्मेदारियों की प्रकृति के आधार पर डेस्क अधिकारी के रूप में कार्य करता है। योगी सरकार द्वारा सचिवालय में लागू की जा रही डेस्क ऑफिसर प्रणाली का उद्देश्य सचिवालय स्तर पर विभागों में नियामक कार्यों का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण करना है। यह प्रणाली ऑफिसर ओरिएंटेड है। इसके जरिए सचिवालय स्तर पर स्थित विभागों में अनुभागों के माध्यम से उच्चाधिकारियों तक पत्रावली प्रस्तुतिकरण के दौरान त्वरित कार्य निस्तारण में विलम्ब की संभावना को समाप्त करना है। ऐसे में सचिवालय स्तर पर विभागों में नियामक कार्यों (रेग्युलेटरी वर्क) के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए सचिवालय स्तर पर स्थित विभागों में एक-एक डेस्क इकाई गठित की जाएगी। इसके लिए विभागों से सुझाव मांगे गये थे। इस पर सचिवालय के बीस विभागों द्वारा अपने विभाग में डेस्क ऑफिसर प्रणाली लागू करने पर सहमति दी गयी, जहां पर इसे जल्द लागू कर दिया जाएगा।

# मोटो जीपी के जरिए दुनिया के 200 देशों में 'ब्रांड यूपी' को प्रमोट करेगी प्रदेश सरकार

**● 22 से 24 सितंबर के मध्य ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित होगी चैंपियनशिप**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**भारत** के ग्रोथ इंजन बनने के लिए प्रयासरत उत्तर प्रदेश अब मोटो जीपी भारत 2023 के आयोजन के जरिए वैश्किं पटल पर अपनी छवि को और अधिक मजबूती प्रदान करने जा रहा है। योगी सरकार 22 से 24 सितंबर के मध्य ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस वैश्विक ख्याति प्राप्त इवेंट में अपनी सहभागिता दर्ज कराने जा रही है। इस इवेंट के सफल आयोजन के जरिए उत्तर प्रदेश को दुनिया के 200 से अधिक देशों में बतौर 'ब्रांड यूपी' स्थापित करने का मौका मिलेगा। इस आयोजन से रेसिंग स्पोर्ट्स समेत तमाम स्पोर्टिंग इवेंट्स के लिए भी भारत और विशेषकर उत्तर प्रदेश मोस्ट फेवरेबल डेस्टिनेशन के तौर पर उभरेगा। वहीं दुनियाभर की नामी कंपनियों के बीच उत्तर प्रदेश की छवि एक ब्रांड के तौर पर उभरेगी, जिससे योगी सरकार के वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी के संकल्प की पूर्ति होगी। पूरे आयोजन में योगी सरकार की सहभागिता का रोडमैप उत्तर प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए बनाई गई नोडल एजेंसी इन्वेस्ट यूपी द्वारा तैयार किया गया है।

उत्तर प्रदेश में इसी वर्ष 10 से 12 फरवरी के बीच ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के सफल आयोजन के जरिए 37 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रदेश में निवेश आया था। इसमें दुनिया की सभी प्रमुख कंपनियों की भी व्यापक उपस्थिति थी। अब प्रदेश में मोटो जीपी के आयोजन के दौरान भी स्पोर्टिंग वर्ल्ड समेत दुनिया की लीडिंग मल्टीनेशनल ब्रांड्स की प्रदेश में उपस्थिति रहेगी। इस मौके को प्रदेश में निवेश को गति देने के अवसर के तौर भुनाने के लिए भी योगी सरकार तमाम प्रयास कर रही है। इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमड्ब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के सीईओ भी इवेंट में शिरकत करने आ रहे हैं, ऐसे में योगी सरकार की प्राथमिकता इन कंपनियों के सीईओज के साथ बैठक करने पर है। बैठकों के जरिए प्रदेश में अगर इन कंपनियों के निवेश का रास्ता साफ हो गया तो इससे ब्रांड यूपी की वैश्विक स्वीकार्यता में बड़ी बढ़ोत्तरी होगी। इस ग्लोबल रेसिंग इवेंट में कुल मिलाकर प्रति दिन 1.5 लाख के करीब लोग प्रतिभाग करेंगे। वहीं, विदेशों से 10000 लोग इस इवेंट का हिस्सा बनने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट आएंगे। इसके अतिरिक्त, 200 देशों में इस इवेंट को टेलीकास्ट किया जाएगा और 800 से लेकर 1.80 लाख रुपए तक की प्राइस रेंज में इवेंट से जुड़े टिकट्स बिक रहे हैं। कुल 20 अलग-अलग रेसिंग इवेंट्स का आयोजन इन तीन दिनों में होगा जिसमें मेन स्पोर्टिंग इवेंट के तहत फाइल रेस 24 सितंबर को होगी। इसमें मुख्यत: 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं और दुनिया के सभी देशों से रेसिंग इवेंट के शौकीन दर्शक ग्रेटर नोएडा का रुख कर रहे हैं। यह आयोजन कितना बड़ा है इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि एक आंकलन के अनुसार, इस इवेंट की टेलीकास्टिंग को पूरी दुनिया में 45 करोड़ से अधिक व्यूअरशिप मिलेगी। जाहिर सी बात है, इतने बड़े अवसर को योगी सरकार केवल एक आयोजन तक ही सीमित नहीं रखना चाहती। मोटो जीपी रेसिंग इवेंट में निवेश, पर्यटन, उद्योग समेत व्यापारिक दृष्टिकोण से छुपीं सभी संभावनाओं को तलाश को योगी सरकार पूरी प्रमुखता दे रही है।

पायनियर वर्गीकृत

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है B.ED हेतु प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की। योग्यता विश्वविद्यालय/यू0जी0सी0 के मानकानुसार जे0बी0एस0 इन्स्टीट्यूट, बन्दी का पुरवा, तिन्धवानी, बाराबंकी

**सूचना**

मैंने अपना नाम SAZIA BANO से बदलकर SHAZIA MAJID ANSARI कर लिया है। भविष्य में मुझे SHAZIA MAJID ANSARI के नाम से जाना व पहचाना जाये। SHAZIA MAJID ANSARI W/o Mohammad Majid Asim Ansari, 48K/5K/1K, Gausnagar, Kareli, Allahabad

# एनकाउंटर कभी सरकार की पॉलिसी नहीं रही: स्पेशल डीजी

**● बीते 24 घंटों के दौरान हुई मुठभेड़ों को लेकर प्रशांत कुमार ने कहा, पुलिस आत्मरक्षा में ही चलाती है गोली**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न जिलों में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद यह चर्चा है कि पुलिस ने अपना ट्रेंड फिर बदला है और प्रदेश में एनकाउंटर का सिलसिला शुरू हो गया है। शाहजहांपुर में हुई मुठभेड़ में तो एक बदमाश पुलिस की गोली से मारा गया। इस घटना के बाद बुधवार को उत्तर प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार का बयान आया है कि पुलिस आत्मरक्षा में ही गोली चलाती है। प्रशांत कुमार ने बताया कि एनकाउंटर कभी भी सरकार की पॉलिसी नहीं रही। जब भी अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो जाते हैं कि गिरफ्तारी के दौरान या बाद में पुलिस पर हमला करके भागने की कोशिश करते हैं तब आवश्यक बल इस्तेमाल करके उन्हें नियंत्रित किया जाता है। उन्होंने बताया कि बीते कुछ दिनों में कुछ ऐसी घटनाएं हुईए, जिनमें अपराधियों ने बेटियों, महिलाओं के साथ छेड़खानी की और जब पुलिस ने गिरफ्तारी की तब भागने की और पुलिस का हथियार छीनने की भी कोशिश की। शाहजहांपुर में प्रोफेसर की हत्या करने वाला मारा गया है। पुलिस पर गोली चलाने वाले अपराधी पर कार्रवाई होगी। पुलिसकर्मी कानून हाथ में लेंगे तो उस पर भी कार्रवाई होगी। शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में महिलाओं की सुरक्षा है। इनसे किसी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**IN THE COURT OF MS. RUCHIKA SINGLA, LD ADJ-3, N/W ROOM NO. 311, 3RD FLOOR, ROHINI COURTS, DELHI**

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT**

(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)

| Case No. | Title |
| --- | --- |
| 379/2020 | Novateur Electrical & Digital Systems Pvt. Ltd. Vs. M/s Aircon India Incorporated |

To

1. M/S. AIRCON INDIA INCORPORATED THROUGH ITS PARTNERS FLAT E, 2/3, LANDMARK TOWER PHASE I, VDA COLONY BARA LALPUR, CHANDMARI VARANASI (UP)-221007 — Defendant No. 1
2. Pradeep Mehta, Partner M/S. Aircon India Incorporated Flat E, 2/3, Landmark Tower Phase I, VDA Colony Bara Lalpur, Chandmari Varanasi (Up)-221007 — Defendant No. 2
3. Varun Mehta, Partner M/S. Aircon India Incorporated Flat E, 2/3, Landmark Tower Phase I, VDA Colony Bara Lalpur, Chandmari Varanasi (Up)-221007 — Defendant No. 3
4. Amitabha Sur, Partner M/S. Aircon India Incorporated Flat E, 2/3, Landmark Tower Phase I, VDA Colony Bara Lalpur, Chandmari Varanasi (Up)-221007 — Defendant No. 4
5. Tata Project Limited Construction of Trade Facilitation Center Cum Craft Museum Kendranchal Colony, Bada Lalpur, Varanasi-221007 — Defendant No. 5

Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on dt **30-10-2023** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined *Ex-Parte*.

Given under my hand & seal of the court on this **17-07-2023**

Seal

**Addl. Dist. Judge-03 (NW)**
**Rohini Court, Delhi**

# बच्चों के बीच शिक्षक बनीं राज्यपाल, गणित के सवाल कराये हल





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बुधवार को चौक स्थित लाजपत नगर के बेसिक विद्यालय में शिक्षक की भूमिका में नजर आई। उन्होंने कक्षा में न केवल बच्चों से संवाद किया वरन उनकी कापियों को भी चेक किया। साथ ही उनसे गणित के सवाल हल करवाये और कविता पाठ भी सुना। राज्यपाल ने बच्चों को स्वाध्याय व पाठ का निरंतर अभ्यास तथा समय से रिवीजन हेतु कहा। उन्होंने बच्चों को अच्छी ड्रांइग के लिए उत्साहवर्द्धन भी किया।

बेसिक विद्यालय लाजपत नगर, चौक पहुँची राज्यपाल ने सबसे पहले स्कूल का निरीक्षण किया। विद्यालय पहुॅचने पर स्कूल के बच्चों द्वारा अभिनंदन कर स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने कक्षा अध्यापक से बच्चों की उपस्थिति भी जानी और उन्हें आवश्यक दिशा.निर्देश देते हुए कहा कि एक शिक्षक को इस बात की जानकारी अवश्य होनी चाहिए कि कौन.सा छात्र या छात्रा पढ़ने में कमजोर है और कौन.सा पढ़ने में ठीक है। यह शिक्षक का दायित्व है कि विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति अभिरूचि पैदा करें। छात्र.छात्राओं से संवाद के क्रम में राज्यपाल उनकी रूचियों से भी अवगत हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों के ड्रांइग की कॉपियां को भी चेक किया तथा उन्हें अच्छी ड्रांइग के लिए उत्साहवर्द्धन किया। राज्यपाल जी ने विद्यार्थियों को महापुरूषों की जीवनी, पंचतंत्र व प्रेरणादायी शिक्षाप्रद कहानियों की पुस्तकें तथा फल वितरित किये और बच्चों को इन पुस्तकों से सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ने को कहा। राज्यपाल ने मध्याह्न भोजन का निरीक्षण किया व उसे चखकर उसका स्वाद भी लिया। उन्होंने इस दौरान विद्यालय में साफ–सफाई, नामांकन की स्थिति आदि की भी जानकारी ली। इस अवसर पर राज्यपाल विद्यालय में हाल ही में अपनी बहादुरी से कुड़िया घाट के पास गोमती नदी में एक नवजात को डूबने से बचाने वाले चार बहादुर बच्चों तौसीफ, हसीब, जीशान और गुफरान से भी मिली तथा उनका हालचाल व पढ़ाई.लिखाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों के अभिभावकों से भी मुलाकात कर उनसे वार्ता की, उनका कुशलक्षेम जाना। बता दें कि राज्यपाल द्वारा इन साहसी बच्चों को राजभवन बुलाकर सम्मानित भी किया गया था तथा राज्यपाल की प्रेरणा से ही इन बच्चों का नामांकन समीप के बेसिक विद्यालय लाजपत नगर चौक, लखनऊ में करवाया गया था। राज्यपाल ने इन बच्चों के टीकाकरण, परिवार में राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड व केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अध्यापकगण व छात्र.छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा फार्म में ऑनलाइन ठीक कर सकेंगे गड़बड़ी, बोर्ड ने दिया मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद की यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट–2024 की परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरने में हुई गलतियों को सुधारने का मौका दिया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकान्त शुक्ला ने परीक्षार्थियों को राहत देते हुए परीक्षा फॉर्म में हुई गलती को सुधारने का ऑनलाइन विकल्प दिया है। सचिव ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र.छात्राओं के शैक्षिक विवरण में हुई गलतियों के निस्तारण के लिए अब तक उनको ऑफलाइन संशोधन कराए जाने की प्रक्रिया थी। अब इस साल से इस प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। परीक्षा फॉर्म भरने वाले सभी छात्र अपने सभी शैक्षिक विवरणों जैसे छात्र का नाम, माता–पिता का नाम, जन्मतिथि, जेंडर, जाति, फोटो व विषय आदि को एक साथ ऑनलाइन संशोधित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि परिषद की वेबसाइट पर जाकर संशोधन किया जा सकता है। इस बावत सचिव की ओर से प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वह परिषद की वेबसाइट पर अपलोड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 के सभी संस्थागत व व्यक्तिगत छात्र–छात्राओं के शैक्षिक विवरणों की विद्यालय अभिलेख से मिलकर जांच कर लें। इसके साथ ही छात्र–छात्राओं व उनके अभिभावकों से भी इनके चेकलिस्ट की जांच कर ली जाए, जिससे किसी प्रकार की गलती मिलने पर वेबसाइट पर उसे तत्काल संशोधित कराकर अपडेट किया जा सके। सभी प्रधानाचार्य को यह सुनिश्चित करना होगा कि 2024 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले एक भी छात्र–छात्रा का विवरण निर्धारित तिथि के अंतर्गत परिषद की वेबसाइट पर अपलोड होने से छूटने न पाए। साथ ही सभी छात्र. छात्राओं के शैक्षिक विवरण में किसी प्रकार की गलती ना रहने पाए। इसके बाद संशोधन का कोई अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जाएगा।

# नौवीं कक्षा के छात्र की क्लास में पढ़ते वक्त दिल का दौरा पड़ने से मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र के एक निजी स्कूल में नौवीं कक्षा के एक छात्र की बुधवार को क्लास में पढ़ते समय दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

घटना अलीगंज स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में हुई। यहां नौवीं कक्षा में पढ़ने वाला आतिफ सिद्दीकी (15) रसायन विज्ञान की कक्षा में अध्ययन कर रहा था, तभी वह अचानक बेहोश हो गया। उन्होंने बताया कि उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के लारी कार्डियोलॉजी में भेज दिया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। स्कूल के शिक्षक नदीम खान ने संवाददाताओं को बताया कि मैं केमिस्ट्री (रसायन विज्ञान) की क्लास ले रहा था, तभी आतिफ अचानक अपनी सीट से गिर गया। हमने उसे टेबल पर लिटा दिया और स्कूल डिस्पेंसरी से नर्स को बुलाया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पीड़ित के पिता मोहम्मद अनवर सिद्दीकी ने कहा कि वह बेटे को अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योति कश्यप ने बताया कि छात्र अचानक बेहोश हो गया और यह दुखद घटना घटी। पुलिस ने मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### नाले में फंसे बच्चे के पैर का वीडियो वायरल

**लखनऊ।** महानगर में बुधवार को स्कूली बच्चे का बायां पैर नाले के ऊपर रखे पत्थरों के बीच फंसने का वीडियो वायरल हो गया। जिसमें बच्चे ने पहले खुद पैर निकालने का प्रयास किया। जब पैर नहीं निकाल सका तो उसने लोगों को आवाज दी। जिसके पर करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पैर निकाला गया। बच्चे को काफी खरोंचें और चोटें आई हैं।

घटना महानगर स्थित माउंट फोर्ड स्कूल की है। बताया जा रहा है कि जूनियर शाखा की छुट्टी के बाद बच्चे घर जा रहे थे। तभी एक बच्चे का पैर गहरे नाले के ऊपर रखे दो पत्थरों के बीच फंस गया। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग और स्कूल के कर्मचारी पहुंचे। बच्चे का पैर निकालने का प्रयास असफल रहा तो हथौड़ी से पत्थर तोड़ा जाने लगा। पत्थर पर हथौड़ी पड़ने पर बच्चा चीख पड़ता। इस पर हाथ से पत्थर हटाने की कोशिश की गई। नाकाम रहने पर धीरे. धीरे हथौड़ी से पत्थर तोड़ा गया, तब उसका पैर निकला।

घटना के बाद लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नाराजगी जताई। लोगों का आरोप है कि नाले ठीक तरह से ढंके नहीं गए हैं। जगह.जगह खुले हैं, जिनमें बच्चा व बड़ा कोई भी गिर सकता है।

## मूल्य तंत्र जितना मजबूत होगा उतना ही कम्प्यूटर नैतिकता अच्छी होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग की तरफ से बुधवार को कम्प्यूटर नैतिकता और सुरक्षा नीतियां विषय पर आनलाईन विशिष्ठ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो दिनेश कुमार द्वारा प्रो मृदुला मिश्रा, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन प्रबंधन, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी का स्वागत किया गया।

व्याख्यान के आरम्भ में प्रो मृदुला मिश्रा द्वारा बताया गया कि किसी भी कार्य को सुव्यवस्थित करने के लिए उससे सम्बन्धित आचार संहिता का पालन करना चाहिए। कम्प्यूटर के उपयोग के दौरान कुछ नैतिक चिन्ताएं सामने आती है जिसको हम अपने मूल्यों के द्वारा उनका समाधान कर सकते है। हमारा मूल्य तंत्र जितना मजबूत होगा उतना ही कम्प्यूटर नैतिकता अच्छी होगी। नैतिकता का मतलब है कि जो भी बात हम किसी को सिखाते हैं या बताते हैं वही नैतिकता हमारे व्यवहारों में झलकना चाहिए। नीति या नैतिक अनुसंधान में महत्वपूर्ण है जो कि किसी भी विषय से संबंधित आकड़ों को पढ़ते देखते या लिखते हैं, उसे हमें संदर्भ ग्रन्थ सूची में लिखना चाहिए। जिससे साहित्यिक चोरी से बचा जा सकता है। साहित्यिक चोरी से बचने के लिए टर्नटिन और उर्कुण्ड जैसे साफ्टवेयर का प्रयोग करके बचा जा सकता है। सुरक्षा, शुद्धता एवं सम्पत्ति अधिकार से संबंधित समस्याएं कम्प्यूटर नैतिकता से जुडी हुई हैं। उन्होने बताया कि हमेशा कॉपीराइट कानूनों और नीतियों का सम्मान करना चाहिए, दूसरों की निजता का सम्मान करना चाहिए। ठीक उसी तरह जैसे आप दूसरों से उम्मीद करते हैं, अवैध संचार और गतिविधियों के बारे में यदि पाया जाता है तो इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से शिकायत करनी चाहिए और इंटरनेट का नैतिक रूप से उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में डॉ हेमेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मुख्य वक्ता का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में डॉ सूर्य नारायण गुप्ता सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## एलयू के विधि संकाय में प्रो बोनो क्लब का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के विधि संकाय में बुधवार को संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. बीडी सिंह ने प्रो. बोनो क्लब का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व डीन, प्रोफेसर आरके सिंह, प्रोफेसर विनीता काचर, प्रोफेसर राजकुमार, प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर, एसोसिएट प्रोफेसर राजीव राठी, डॉ. आलोक कुमार यादव मौजूद रहे। जबकि विशिष्ठ अतिथि स्नेहा शर्मा, कार्यक्रम प्रबंधक, न्याय विभाग भारत सरकार गूगल मीट के माध्यम से समारोह में सम्मिलित हुईं।

प्रो. बोनो क्लब योजना भारत सरकार के कानून और न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा की गई एक पहल है। योजना का प्राथमिक उद्देश्य प्रो बोनो एसोसिएट्स के नाम से जाने जाने वाले सक्षम कानून छात्रों के माध्यम से प्रो बोनो अधिवक्ताओं को सहायता प्रदान करके प्रो बोनो कानूनी सेवाओं की दक्षता और गुणवत्ता में सुधार करना है। न्याय बंधु कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों के लिए न्याय तक पहुंच के जनादेश और सभी के लिए नि:शुल्क कानूनी सहायता के संवैधानिक दायित्व को पूरा करना है। यह प्रयास छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देगा और साथ ही, यह प्रो बोनो अधिवक्ताओं को आवश्यक सहायता भी प्रदान करेगा। क्लब की पहल में वर्ष के अंत तक दो गांवों को गोद लेना, संकाय के छात्रों के बीच वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र की संस्कृति विकसित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की एडीआर प्रतियोगिता का आयोजन करना, ऑनलाइन सलाह के लिए न्याय बंधु योजना में पूर्व छात्रों का नामांकन करना और उनके साथ मिलकर वंचितों के लिए काम करना शामिल है।

### छात्रों को बताया मूट कोर्ट का महत्व

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के विधि संकाय की मूट कोर्ट एसोसिएशन ने बुधवार को विधि पाठ्यक्रम के पंचवर्षीय एवम त्रिवर्षीय प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन सेशन का आयोजन कराया। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो बंशीधर सिंह ने छात्रों को मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और इस प्रतियोगिता का महत्व भी बताया।



आलमबाग फतेह अली तालाब स्थित रेलवे कॉलोनी में 16 सितंबर को छत गिरने से पांच लोग की मौत होने के बाद उप मुख्यमंत्री घटना स्थल पर जायजा लेते हुए

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस की तैयारियां जोरों पर, गेट मीटिंग जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- 24 को विशेषज्ञ लेक्चर ऑनलाइन, 25 को सम्मेलन और वैज्ञानिक गोष्ठी का होगा आयोजन

**फार्मासिस्ट** स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रहे है। इस विषय पर 25 सितंबर को विश्व भर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाएगा। इस परिपेक्ष्य में फार्मासिस्ट फेडरेशन ने देश और प्रदेश के सभी संगठनों, संस्थाओं और फार्मासिस्टों से इसे समारोह पूर्वक मनाने की अपील की है। फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि लखनऊ में 24 और 25 दोनों दिन कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस हेतु गेट मीटिंग लगातार जारी है। विभिन्न चिकित्सालयो में फार्मासिस्ट साथियों के साथ बैठक की जा रही है। साइंटिफिक कमेटी के चेयरमैन प्रो डॉ हरलोकेश ने बताया कि 24 सितंबर को फार्मेसी क्षेत्र के वैज्ञानिक, वरिष्ठ शिक्षाविद, उद्योगों के फार्मासिस्ट, औषधि एवं खाद्य विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों के अस्पताल और सामुदायिक फार्मासिस्टों की एक ऑनलाइन मीटिंग होगी। जिसमें फार्मासिस्ट फेडरेशन के मानक सलाहकार डॉक्टर पी सी दीवान, कुलपति प्रो रमेश गोयल और सभी क्षेत्र के वरिष्ठ जनों का संभाषण होगा। जिसे विभिन्न सोशल मीडिया पर लाइव किया जाएगा। वहीं 25 सितंबर को लखनऊ में एक फार्मासिस्ट सम्मेलन एवं वैज्ञानिक संगोष्ठी भी आयोजित की गई है। फेडरेशन के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि पूरे कार्यक्रम के लिए एक संचालन समिति बनाई गई है।

## एलयू से सम्बद्ध 16 कालेजों में संचालित होंगे कौशल आधारित कोर्स

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 16 कालेजों में कौशल विकास आधारित कोर्स शुरू होंगे। बुधवार को सम्पन्न हुई आकस्मिक कार्य परिषद की बैठक में इस पर मंजूरी दी गयी। वहीं पिछले दिनों एकेडमिक काउंसिल से पास मुद्दों को भी अनुमोदन दिया गया।

कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में पीएचडी व स्नातक अध्यादेश को भी मंजूरी दी गई। ट्विनिंग, ज्वाइंट व डुअल डिग्री अध्यादेश भी पास किया गया। वहीं एकेडमिक काउंसिल से पास कला, वाणिज्य, विधि, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी व विधि संकाय के मुद्दों को भी कार्य परिषद से अनुमोदन प्राप्त हुआ। कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि आकस्मिक कार्य परिषद की बैठक में एकेडमिक काउंसिल से पास किए गए बिंदुओं पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

## लखनऊ में डेंगू के 15 नये मरीज मिले



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में डेंगू के रोगियों के मिलने का सिलसिला जारी है। बुधवार को डेंगू के 15 नये मरीज सामने आये हैं। इनमें अलीगंज में 1, चिनहट में 2, चन्दरनगर में 2, सरोजनीनगर में 2, इंदिरानगर में 3, एनके रोड इलाके में 2, टूड़ियागंज में 3 मरीज शामिल हैं।

आज लगभग 784 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 3 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों, भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव किया गया। डेंगू रोग पर प्रभावी रोकथाम एवं नियन्त्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की संयुक्त टीमों द्वारा आज जनपद के नियर लखनऊ मांटेसरी स्कूल सदर, जलालपुर फाटक राजाजीपुरम, हाथी बाबा मंदिर त्रिवेणी नगर, खरगापुर पेट्रोल पंप, कृष्णा नगर यातायात पार्क, बिलोजपुरा गिरधारी लाल इंटर कॉलेज, मानस सिटी पानी टंकी के पास, प्रिंस प्लाजा रजनी खंड के आस.पास लार्वा रोधी रसायन एवं फागिंग का कार्य कराया गया तथा जनसामान्य को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में शामिल होगा एकेटीयू, चुनिंदा स्टार्टअप्स का होगा प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का इनोवेशन हब यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो नोएडा में शामिल होगा। 21 से 25 सितंबर तक चलने वाले इस ट्रेड शो में इनोवेशन हब के नेतृत्व में 40 इनोवेटिव स्टार्टअप भाग ले रहे हैं। शो में देश विदेश के तमाम बड़ी कंपनियां और खरीदार हिस्सा ले रहे है। इस अवसर स्टार्टअप्स को अपने प्रोडक्टस को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम शीर्ष और सबसे नवोन्मेषी स्टार्टअप, ओडीओपी उत्पाद, जीआई.टैग उत्पाद और उत्तर प्रदेश में निर्मित कई अन्य उत्पादों का प्रदर्शन करेगा। इन स्टार्टअप्स और एमएसएमई के पास वैश्विक स्तर पर विपणन के लिए अपार मंच संभावनाएं होंगी। विश्वविद्यालय स्थित इनोवेशन हब और 15 सरकारी इन्क्यूबेशन सेंटर पूरे उत्तर प्रदेश से 50 प्रौद्योगिकी. आधारित नवीन उत्पाद.आधारित स्टार्टअप का प्रदर्शन करेंगे। स्टार्टअप्स के अलावा यहां उत्तर प्रदेश के विविध उत्पाद.श्रेणियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर स्टार्टअप को विश्व स्तर पर अपने प्रोडक्ट और स्टार्टअप को पहचान दिलाने का मौका रहेगा। शो में कुलपति प्रो जेपी पांडेय के मार्गदर्शन में वित्त अधिकारी सुशील कुमार गुप्ता, डॉ अनुज कुमार शर्मा, इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह, वंदना शर्मा, रितेश सक्सेना सहित अन्य लोग भागीदारी करेंगे। शो के दूसरे दिन इनोवेशन हब नॉलेज सेशन मे प्रतिभाग करेगा, जिसमे प्रदेश मे नवाचार को बढ़ावा देने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही पहल की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### टेक्नोलॉजी एंड भारतीय भाषा समिट में एकेटीयू के शिक्षक और छात्र लेंगे भाग

**नई** शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए शिक्षा मंत्रालय लगातार पहल कर रहा है। इसी क्रम में डिजिटल तकनीकी प्लेटफॉर्म में भारतीय भाषाओं के प्रयोग और प्रचार प्रसार के लिए नई दिल्ली के डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 30 सितंबर और एक अक्टूबर को टेक्नोलॉजी एंड भारतीय भाषा समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट में हिस्सा लेने के लिए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों को कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में प्रो राजीव कुमार ने पत्र जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार समिट में शामिल होने के लिए हर संस्थान से कम से कम दो शिक्षक, एक शोध छात्र और एक इस तकनीकी से जुड़ा छात्र होना चाहिए। इस समिट में शामिल होने से विश्वविद्यालय के डेलीगेट को काफी कुछ अनुभव होगा। भारत सरकार की नई शिक्षा नीति को धरातल पर लाने की मुहिम और भारतीय भाषाओं को तकनीकी से जोड़ने की पहल की भी जानकारी होगी।

## एकेटीयू : बीटेक में प्रवेश के लिए 19000 हजार ने जमा की फीस

- दूसरे चरण की काउंसलिंग आज से होगी शुरू

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक में प्रवेश के लिए कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में चल रही प्रथम चरण की काउंसलिंग के तहत 23793 सीटों के अलॉटमेंट के सापेक्ष बुधवार को शाम तक करीब 19 हजार अभ्यर्थियों ने सीट कन्फर्मेशन फीस जमा कर दिया। वहीं करीब 5 हजार अभ्यर्थियों ने सीट को फ्रीज किया है। जिन अथ्यर्थियों ने सीट फ्रीज नहीं किया है उनका अपने आप सीट फ्लोट हो जाएगा। वहीं, सीयूईटी यूजी के पाठ्यक्रमों में 2817 सीटों के अलॉटमेंट में से 722 ने फीस जमा की। जबकि सीयूईटी पीजी में करीब 25 सौ आवंटित सीटों में से 570 ने सीट कन्फर्मेशन फीस जमा कर दी। बीटेक में एडमिशन के लिए 33ए793 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। जबकि 28450 ने चॉइस भरी थी। जिसमें प्रथम राउंड की काउंसलिंग के तहत 15 सरकारी संस्थानों के 4569 सीटों के सापेक्ष 3462 सीट आवंटित की गयी है। आपको बता दें कि सीट कंफर्मेशन फीस सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए 20 हजार रूपये है। जबकि एससी और एसटी अभ्यर्थियों को सीट कन्फर्मेशन फीस के रूप में 12 हजार रूपये जमा करना है। समन्वयक प्रो अरूण कुमार तिवारी ने बताया कि दूसरे राउंड की काउंसलिंग 21 सितंबर से शुरू हो रही है।

# किसानों को अपनी उपज के विक्रय में न हो कठिनाईः दुर्गा शंकर

## ● धान के लिए 4000 व श्री अन्न की खरीद के लिए 677 स्थापित होंगे क्रय केन्द्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन धान तथा 5.80 लाख मीट्रिक टन श्री अन्न (मोटे अनाज) के क्रय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान खरीद हेतु 4000 तथा श्री अन्न की खरीद हेतु प्रदेश में 677 क्रय केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। धान एवं श्री अन्न के विक्रय हेतु खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट पर किसानों का पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है। धान की खरीद 1 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारियों द्वारा समीक्षा कर किसानों के पंजीकरण व सत्यापन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करा लिया जाये। जिन क्षेत्रो में फसल की पैदावार अधिक है, वहां पर क्रय केन्द्र अवश्य स्थापित किये जायें। सभी क्रय केन्द्रों पर खरीद सम्बन्धी आवश्यक व्यवस्थाओं व तैयारियों को समय से पूरा करा लिया जाये। सभी क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने, वाहन की पार्किंग, पेयजल, ट्वायलेट आदि मूलभूत सुविधायें अवश्य उपलब्ध हो। क्रय केन्द्रों पर खरीद सम्बन्धी उपकरणों को चेक कराकर क्रियाशीलता का सर्टिफिकेट प्राप्त कर लिया जाये। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने यह निर्देश बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों को अपनी उपज के विक्रय में किसी भी प्रकार की कठिनाई कतई नहीं होनी चाहिये। खरीद केन्द्र पर किसानों के उपज की समय से तौलाई करायी जाये तथा मानक के नाम पर किसानों का धान रिजेक्ट न किया जाये। अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार कर निर्धारित लक्ष्य से अधिक की खरीद करायी जाये। धान के मूल्य का भुगतान समय से डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में किया जाये। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज की खरीद पर विशेष बल दिया जायेए ताकि आने वाले वर्षों में इसकी खरीद को और बढ़ाया जा सके। क्रय केन्द्रों के निर्धारण में क्वालिटी काउन्सिल ऑफ इण्डिया के निर्देशानुसार क्रय केन्द्रों पर सुविधा, सुगमता व सहूलियत के मानकों का अनुपालन कराया जाये। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाये जाने से रोकने हेतु अपेक्षित कार्यवाहियां अभी से प्रारम्भ कर दी जाये। पराली प्रबंधन हेतु किसानों को जागरूक किया जाये। संवेदनशील जनपदों में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। फसल अवशेष प्रबन्धन से सम्बन्धित कृषि यंत्र क्रियाशील रहे। ई खसरा पड़ताल की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि सर्वे का कार्य हर हाल में 30 सितम्बर तक पूरा करना है।

सभी जिलाधिकारियों व उप जिलाधिकारियों द्वारा इसका प्रतिदिन समीक्षा कर सर्वे कार्य में अपेक्षित प्रगति लायी जाये। इनएक्टिव पंजीकृत सभी सर्वेयर व सुपरवाइजर को एक्टिव किया जाये। बैठक में बताया गया कि 30 जनपदों में सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 7 जनपदों में सर्वे का कार्य पूर्णता की ओर है। अब तक 27,642 गांवों में सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। मेरी माटी मेरा देश अभियान की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार.प्रसार कर उत्सव का वातावरण सृजित किया जाये। इस अभियान से प्रदेश के हर नागरिक को जोड़ा जाये। अभियान के तहत जनपदों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के फोटोग्राफ्स और वीडियो को पोर्टल पर अवश्य अपलोड किया जाये। इससे पहले जिलाधिकारी बदायूं द्वारा 'बाढ़ राहत कार्यों का प्रबंधन' विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने जनपद में बाढ़ से पूर्व तथा बाढ़ के पश्चात जनपद में संचालित गतिविधियों से अवगत कराया गया। 2 माह की कांवड यात्रा में कछला घाट, गंगा पर कुशल प्रबन्धन से एक भी डूबने की घटना नहीं हुई। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, सचिव खेलकूद सुहास एल वाई, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद मनीषा त्रिघाटिया, राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार, निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार, निदेशक आईसीडीएस सरनीत कौर ब्रोका सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकसित होंगे पर्यटन स्थल, पहली योजना लखनऊ में शामिल

## ● अलीगंज हनुमान मंदिर धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत प्रदेश की सभी विधानसभाओं में पर्यटन स्थल विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके सापेक्ष पर्यटन विभाग में अब तक 68 प्रस्ताव आ चुके हैं। पहली योजना स्वीकृत हो गई है। लखनऊ के अलीगंज स्थित हनुमान के मंदिर का मुख्यद्वार बनाया जाएगा। इसमें 191 लाख रुपये खर्च होंगे। इस योजना के अलावा अन्य पर कार्रवाई चल रही है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि लखनऊ के अलीगंज में स्थित हनुमान मंदिर आस्था का केंद्र है। दर्शन पूजन के लिए दूर दूर से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। यहां पर्यटकों का भी आना.जाना रहता है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की ओर से मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत मुख्यद्वार बनाने के लिए प्रस्ताव आया था। इसे स्वीकृति मिल गई है। इसमें कुल 191.51 लाख रुपये खर्च होंगे। इसमें 50 प्रतिशत राज्य सरकार और 50 प्रतिशत मंदिर ट्रस्ट की ओर से खर्च किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत यह जरूरी नहीं प्रस्ताव केवल जनप्रतिनिधि ही देंगे। इसके तहत सक्षम व्यक्ति अथवा संस्था व संगठन भी प्रस्तावक हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे कार्य पर खर्च होने वाली राशि का 50 प्रतिशत सरकार और 50 प्रतिशत व्यक्ति या संस्था देगी। इसी तरह जनप्रतिनिधि की ओर से भी जो प्रस्ताव आएंगे उसमें भी सरकार 50 प्रतिशत राशि देगी और 50 प्रतिशत जनप्रतिनिधि को देने होंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रत्येक विधानसभा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्थल का चयन या अल्पज्ञात पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर उसे उच्चस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। इसके जरिये पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी करना, साथ ही पर्यटन सेवा प्रदाताओं को आकर्षित करना है।

# छात्रा के परिजनों से मिले विधायक, दी आर्थिक सहायता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पिछले** दिनों फर्म ईईएसएल की लापरवाही के चलते विद्युत स्पर्शाघात से कृष्णा लोक कॉलोनी निवासी 11वीं की छात्रा कीर्ति द्विवेदी की मौत के बाद बुधवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह छात्रा के घर पहुँच कर उनके परिजनों से अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही परिवार को 50 हज़ार रुपयों की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। विधायक राजेश्वर सिंह ने इस दौरान चौथी कक्षा में पढ़ने वाले कीर्ति के छोटे भाई की इस साल की शिक्षा का पूरा व्यय तथा भविष्य की शिक्षा के लिए हर सम्भव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। साथ ही सूरत में कार्यरत कीर्ति के पिता विनीत द्विवेदी को उनकी इच्छा के अनुरूप लखनऊ में ही कार्य दिलवाने का आश्वासन दिया, जिससे की वह अपने परिवार के साथ रह कर उनकी अच्छे से देख.रेख व भरण. पोषण कर सकें।

बेटी को दिलाया न्याय

5 अगस्त 2023 को कीर्ति द्विवेदी जब कोचिंग से अपने घर लौट रही थीए तभी फिनिक्स मॉल के निकट खुले तार में उतरे करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। घटना को लेकर डॉ राजेश्वर सिंह ने सदन में भी आवाज उठाई। विधायक राजेश्वर सिंह ने प्रकरण को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने के साथ नियम.51 के अंतर्गत उक्त विषय को विधानसभा में उठाया। डॉ सिंह के प्रयासों के कारण ही इस मामले में लापरवाहों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई और परिजनों को त्वरित राहत के लिए 6 लाख की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई थी।

## नौकरी पाने वाली 16 बेटियों को विधायक ने टैबलेट और वस्त्र देकर किया सम्मानित

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बुधवार को क्षेत्र की 16 बेटियों को अपने आशियाना आवास पर सम्मानित किया। उन्होंने बेटियों को टैबलेट व साड़ियां बांटी। इन बेटियां को डॉ सिंह के प्रयासों से सरोजनीनगर में नि:शुल्क व उचित प्रशिक्षण प्रदान किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें स्वदेशी ई.कॉमर्स कंपनी में रोजगार मिला। इस दौरान सरोजनीनगर विधायक ने बेटियों को भविष्य में उच्च शिक्षा, कॉलेज में एडमिशन, स्टडी मैटिरियल, करियर गाइडेंस और रोजगार उपलब्ध कराने के साथ.साथ हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने बेटियों को प्रोत्साहित किया एवं उनका मार्गदर्शन भी किया। बेटियों से बातचीत के दौरान डॉ सिंह ने उन्हें उच्च शिक्षा की महत्वता बताते हुए प्रतियोगिता परीक्षाओं में हिस्सा लेने और उज्जवल भविष्य बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। बता दें कि डॉ सिंह ने बेटियों की डिजिटल साक्षरता पर भी खास जोर दिया है।

# नियमित रोजगार मेला के जरिए युवाओं को दिये जाये रोजगार के अवसरः कपिल देव

## ● अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 6 प्रशिक्षण प्रदाताओं को मंत्री ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के व्यावासायिक शिक्षाए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को कौशल विकास मिशन कार्यालय लखनऊ में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रशिक्षण प्रदाताओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ.साथ रोजगार से जोड़ने का कार्य पूरी ईमानदारी से करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि दिये गये लक्ष्यों को निर्धारित समय से पूरा करें।

उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देने में लापरवाही करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाय। कौशल विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है। उन्होंने कहा कि सेवायोजित होने वाले युवाओं की नियमित रूप से ट्रेकिंग की जाय, जिससे यह पता चल सके कि सेवायोजित युवा सम्बन्धित कम्पनी में कार्य कर रहे या नही। उन्होंने निर्देश दिया कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन कर रोजगार के अवसर प्रदान किये जाय। उन्होंने कहा कि दिये गये दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें, लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार दिलाना है इसलिए प्रशिक्षण देने वाली एजेन्सीज को अपने दायित्व को निर्वहन करें। कौशल विकास मंत्री ने कहा कि टैक्नोलॉजी के विस्तार ने नये-नये क्षेत्रों में रोजगार के अवसर व आवश्यकताओं को जन्म दिया है। इसलिए भविष्य में रोजगार की संभावना के क्षेत्रों को चिन्हित कर उनमें प्रशिक्षण दिलाने की विशेष कार्ययोजना तैयार करे। उन्होंने रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इण्टेलीजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कम्प्यूटरिंग, ग्रीन इनर्जी जैसे क्षेत्रों मे युवाओं को प्रशिक्षण देने पर जोर दिया।

## लोकायुक्त जांच में आईएएस आलोक कुमार को मिली राहत

**लखनऊ।** लोकायुक्त जांच रिपोर्ट में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आलोक कुमार को राहत मिल गई है। भ्रष्टाचार के मामले में लोकायुक्त के पास चल रहा परिवाद बुधवार को समाप्त कर दिया गया। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार के खिलाफ मोनिका सिंह पुत्री रविन्द्र बहादुर सिंह के द्वारा लोकायुक्त के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया गया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग में टेंडर आदि देने में वित्तीय अनियमितता करने की शिकायत की गई थी। इस सम्बन्ध में बुधवार को संयुक्त सचिव लोक आयुक्त राजेश कुमार ने पत्र जारी कर बताया कि प्रमुख सचिव आलोक कुमार के प्रकरण में जांचोपरान्त गुण-दोष के आधार पर लोकायुक्त द्वारा परिवाद समाप्त कर दिया गया है।

# महाकुंभ में 100 हेक्टेयर में सजेगी टेंट सिटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन तट पर दुनिया के सबसे बड़े मेले के रूप में महाकुंभ 2025 जैसे जैसे नजदीक आ रहा है, विभाग द्वारा तैयारियां भी उतनी तेज हो रही हैं। उन्होंने बताया कि देश विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित तरीके से स्नानए ध्यान के साथ साथ ठहरने का इंतजाम किया जा रहा है। अरैल में 100 हेक्टेयर में टेंट सिटी सजाने की तैयारी की गई है। इसमें करीब 60 दिनों तक दो हजार बेड की व्यवस्था रहेगी।

महाकुंभ 2013 के समय प्रयागराज में जनवरी, फरवरी और मार्च के महीने में कुल सात करोड़ 86 लाख 65 हजार पांच सौ पर्यटक आए थेए जबकि 2019 में अर्द्धकुंभ लगा था। इसमें तीन महीने के दौरान 24 करोड़ पांच लाख श्रद्धालु आए थे। इस प्रकार देखा जाय महाकुंभ की अपेक्षा अर्द्धकुंभ में 16 करोड़ 18 लाख 34 हजार पांच सौ ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। इसकी वजह यह कि प्रदेश की वर्तमान सरकार ने शुरू से ही कुंभ को बहुत ही गंभीरता से लिया। उन्होंने बताया कि वहां श्रद्धालुओं की जरूरतों को देखते हुए बहुत तेजी से विकास कार्य कराए गए। इसका संदेश न केवल देश बल्कि दुनिया में फैला। इसी का नतीजा रहा कि वर्ष 2019 में देश.दुनिया से बड़ी संख्या में लोग स्नान ध्यान के लिए आए और यहां से सुखद स्मृति लेकर गए। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पिछले कुंभ के आयोजन में सफलतम साबित हुई प्रदेश सरकार वर्ष 2025 में होने वाले महाकुंभ की तैयारियां तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि 2025 में भी पूर्व की तुलना में और अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

## गौ संवर्धन योजना के तहत गौ पालकों को मिलेगा 80 हजार रूपये तक का अनुदान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत गौ पालकों को अधिकतम 80,000 रूपये का अनुदान दिए जाने की व्यवस्था की है। योजना के प्रथम चरण में योजना 18 जनपदों यथा लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, गोण्डा, बस्ती, गोरखपुर, वाराणसी, आजमगढ़, प्रयागराज, चित्रकूट, मिर्जापुर, झाँसी, आगरा, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ एवं सहारनपुर में संचालित की जा रही है।

योजना के लाभ हेतु आवेदन की प्रक्रिया 18 सितंबर से प्रारम्भ कर दी गई है और आवेदन की अन्तिम तिथि 17 अक्टूबर है। पशुधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत बाह्य प्रदेश से उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों गिर, साहीवाल, थारपारकर एवं हरियाणा प्रजाति के क्रय पर अनुदान दिया जाएगा। महिला दुग्ध उत्पादकों, गौपालकों को 50 प्रतिशत वरीयता दी जाएगी। क्रय की जाने वाली गाय प्रथम अथवा द्वितीय ब्यात की होनी चाहिए। अनुदान.अधिकतम 2 गाय की इकाई की स्थापना के लागत का 40 प्रतिशत, 80000 रूपये तक अनुमन्य होगा। इस योजना के सम्बन्ध में आवेदन पत्र का प्रारूप व सम्बन्धित शासनादेश विभागीय पोर्टल पर तथा सम्बन्धित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, दुग्धशाला विकास अधिकारी, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, खण्ड पशुचिकित्सा अधिकारी के कार्यालयों में उपलब्ध है।

## लोकसभा चुनाव के साथ पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिले आरक्षण का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने महिलाओं को संसद और राज्यसभा में 33 फीसदी आरक्षण देने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय लोकदल चाहता है कि इस आरक्षण का लाभ 2024 के लोकसभा चुनाव तथा 5 राज्यों के होने वाले विधानसभा चुनाव में ही देश की जनता को मिले। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक व पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह जी ने सन् 1977 में ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण देने की वकालत की थी और कहा था कि महिलाओं को संसद और राज्यसभा और विधानसभा में आरक्षण मिलना चाहिए। बुधवार को बयान दुबे ने कहा कि केन्द्र सरकार ने महिलाओं को आरक्षण देने के प्रस्ताव के लिए ही 10 वर्ष लगा दिये और 2024 का लोकसभा चुनाव आते ही उन्होंने इसे यह प्रस्ताव लाने का निर्णय केवल चुनाव के लाभ के लिए किया है। अगर इनकी मंशा साफ है तो महिलाओं को आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में इस आरक्षण का लाभ दें। उन्होंने कहा कि आरक्षण का लाभ पिछड़े, अल्पसंख्यक, दलित व ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली महिलाओं को भी मिले इस बात का ध्यान इस आरक्षण में रखा जाना चाहिए क्योंकि इन वर्गो की सामाजिक संरचना और पिछड़ेपन को देखते हुए जो अभी भी पिछड़े हैं उस स्वरूप को ध्यान में रखने की जरूरत है।

# केनरा बैंक द्वारा वृहद स्वंय सहायता समूह ऋण महोत्सव का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केनरा** बैंक द्वारा वृहद स्वंय सहायता समूह ऋण महोत्सव का आयोजन बुद्धा रिसर्च इंस्टीट्यूट, विपिन खंड गोमती नगर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं केनरा बैंक के संस्थापक अम्मेंबल सुब्बाराव पाई को पुष्प अर्पित कर किया गया। साथ ही सरस्वती वन्दना का गायन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक कुमार अग्रवाल महाप्रबंधक, केनरा बैंक ने की तथा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टेट मिशन मैनेजर मोहम्मद मुस्तफा, केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ के उपमहाप्रबंधक लोकनाथ, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ 1 के क्षेत्रीय प्रमुख अमित कुमार अस्थाना तथा क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ 2 के क्षेत्रीय प्रमुख वेद प्रकाश ने भाग लिया।

कार्यक्रम में केनरा बैंक द्वारा 500 से अधिक स्वंय सहायता समूहो को 7.50 करोड़ से अधिक ऋण राशि की स्वीकृति प्रदान की गई । इससे 5000 से अधिक महिलाये लाभान्वित हुई। बड़ी संख्या में स्वंय सहायता समूह सदस्यो ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। अपने स्वागत सम्बोधन में केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के सहायक महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना ने कहा स्वयं सहायता समूहों की अवधारणा एकता, दृढ़ संकल्प और सामूहिक विकास की भावना का प्रतीक है। इन समूहों ने न केवल अपने सदस्यों के जीवन में सुधार किया है, बल्कि अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने हैं। केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ के उपमहाप्रबंधक लोकनाथ ने पंचसूत्रों की विस्तृत व्याख्या की तथा स्वयं सहायता समूहों को पंचसूत्र पालन करने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के साथ अपने कार्यानुभव भी साझा किये।

# अटल भूजल योजनान्तर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**दीनदयाल** उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा विश्व बैंक व राज्य भूगर्भ जल निदेशालय के सहयोग से संस्थान पर अटल भूजल योजनान्तर्गत दो दिवसीय आवासीय राज्य स्तरीय स्कीम प्लानिंग, इम्पलीमेंटेशन, रिफ्लेक्शन एंड वे टुआर्ड्स विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के ग्राम विकास, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सिंचाई एवं जल संसाधन, लघु सिंचाई, कृषि, पंचायती राज तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के जन संचार विशेषज्ञों तथा जिला स्तरीय संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अध्यक्षीय सम्बोधन के अन्तर्गत संस्थान के अपर निदेशक बीडी चौधरी द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भूजल संसाधनों के प्रबंधन के दृष्टिगत सुधार तथा केन्द्र, राज्य सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के कन्वर्जेन्स के द्वारा समुदाय के नेतृत्व मे टिकाऊ भूजल प्रबंधन कार्यों को करना है। विवेकपूर्ण तरीके से जल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यवहार में परिवर्तन लाना, चिन्हित क्षेत्रों में जल स्त्रोतों का पुनरूद्धार करना एवं नये जल स्त्रोतो का निर्माण करना, चिन्हित क्षेत्रों में भूजल स्थिरता में सुधार लाना, किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य में योगदान करना तथा सामूहिक भागीदारी द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जल प्रबंधन के साथ-साथ भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाना है। राज्य भूगर्भ जल निदेशालय के अधिशासी अभियंता अनुपम श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि भूजल संबंधित उपकरणों संयंत्रों की उपयोगिता और इनसे क्या लाभ हैं।

## सिसेण्डी के चार और मरीज भर्ती, तीन डिस्चार्ज

**मोहनलालगंज।** सिसेण्डी में बुखार की चपेट में आए लोगों की हालत बिगड़ने का सिलसिला जारी है। बुधवार को दो बच्चों समेत चार लोगों की हालत बिगड़ने पर सीएचसी लाकर भर्ती किया गया। इस तरह सीएचसी में भर्ती मरीजों की संख्या आठ हो गई है। जबकि तीन मरीजों की हालत में सुधार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। मोहनलालगंज के सिसेण्डी में बुखार फैलने का सिलसिला जारी है। अब तक बुखार की चपेट में आए 11 मरीजों की हालत बिगड़ने पर सीएचसी लाकर भर्ती किया जा चुका है। जिनमें से करन शिवम व दिलीप की हालत सुधरने पर बुधवार को डिस्चार्ज कर दिया गया। जबकि नेहा कुसुमलता कृष्णा और माही की प्लेटलेट्स गिरने की रिपोर्ट आने के बाद सीएचसी में भर्ती कर लिया गया है। गांव में लोगों के बुखार की चपेट में आने का सिलसिला अभी भी जारी है। लिहाजा सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल के निर्देश पर डाक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की एक टीम सिसेण्डी पीएचसी पर नियमित रुप से मुस्तैद की गई है। अधीक्षक डा अशोक कुमार ने बताया सीएचसी में भर्ती मरीजों की जांच में डेंगू मलेरिया और टायफाइड की पुष्टि नही हुई है।

**बुखार फैलने की वजह जानने के लिए भेजे सैम्पल:** सिसेण्डी में बुखार फैलने की वजह जानने के लिए बुधवार को सीएचसी में भर्ती मरीजों के ब्लड सैम्पल लेकर जांच के लिए केजीएमयू भेजे गए हैं। सीएचसी अधीक्षक डा अशोक कुमार ने बताया केजीएमसी की रिपोर्ट आने के बाद बुखार फैलने की वजह स्पष्ट होने का अनुमान है।

## युवाओं ने चुटकियों में कर दी मोबाइल सर्विस, ब्लाक प्रमुख ने दी शाबासी

संवाददाता। मोहनलालगंज

**आरसेटी** बैंक आफ इण्डिया से मोबाइल रिपेयरिंग की ट्रेनिंग ले रहे युवाओं ने बुधवार को मोहनलालगंज ब्लाक में फ्री कैम्प लगाकर अपने हुनर का जोरदार प्रदर्शन किया। ट्रेनिंग ले रहे युवाओं ने कैम्प में मोबाइल की छोटी.मोटी समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की शिकायत चुटकियों में दूर कर उन्हें अपने टैलेन्ट और ट्रेनिंग का लोहा मनवा दिया। इस दौरान ज्वाइंट बीडीओ शैलेन्द्र प्रकाश और ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल ने भी कैम्प कर रहे युवाओं से एण्ड्रायड मोबाइल फोन की बारीकियां सीखीं। ट्रेनिंग ले रहे युवाओं का हुनर परखने के लिए एलडीएम मनीष पाठक ने खुद भी अपने मोबाइल की सर्विस कराई। युवाओं की कारीगरी का नमूना देखकर एलडीएम ने उन्हें शाबासी दी। ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल ने आरसेटी के फ्री कैम्प की सराहना कर ट्रेनिंग ले रहे युवाओं को तरक्की के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कैम्प में आरसेटी के डायरेक्टर और ट्रेनर भी मौजूद रहे।

# किशोरी को अगवा कर फैक्ट्री में दो युवकों ने किया गैंगरेप

संवाददाता। मोहनलालगंज

**घर** से नाराज होकर निकली किशोरी को अगवाकर मोहनलालगंज क्षेत्र की एक प्लाई फैक्ट्री में ले जाकर दो युवकों ने गैंगरेप किया। युवकों के चंगुल से छूटी किशोरी बदहवाश हालत में पांच दिन बाद वापस घर लौटी। हालत सुधरने पर किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने एफ्आईआर दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत लेकर पूछताछ कर रही है।

मोहनलालगंज के एक गांव की किशोरी 11 सितम्बर को भाई.बहन से झगड़ा कर बिना बताए घर से निकल पड़ी। बाराबंकी का एक युवक उसे अगवा कर प्लाई फैक्ट्री में लेकर गया फिर उन्नाव के एक अन्य साथी के साथ मिलकर किशोरी का गैंगरेप किया। किसी तरह बचकर निकली किशोरी 16 सितम्बर को वापस घर पहुंची। लेकिन उसकी बदहवाश हालत को देखकर परिजनों ने स्थिति सामान्य होने का इंतजार किया। जिसके बाद परिजनों को आपबीती बताते हुए पीड़िता फूट.फूटकर रो पड़ी। परिवार ने मामले की शिकायत मोहनलालगंज पुलिस से की। लेकिन पुलिस कार्रवाई के बजाए टरकाती रही। बुधवार को शिकायत सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अफसरों ने फटकार लगाई। जिसके बाद पुलिस ने आनन.फानन एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया किशोरी से गैंगरेप का केस दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। जबकि दूसरे की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

### छात्रा को अगवा करने वालों की तलाश

**मोहनलालगंज** के एक गांव की किशोरी से दोस्ती कर गैर धर्म के युवक ने उसे धर्म बदलने के लिए प्रेरित किया। छात्रा के धार्मिक तौर.तरीके बदलने लगे। किशोरी के बैग से गैर धर्म की किताब मिलने पर परिजनों को शक हुआ। इसी बीच किशोरी लापता हो गई। भाई ने बहन के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया किशोरी की तलाश में पुलिस और सर्विलांस की टीम गठित की गई है। एक टीम उसकी तलाश में दूसरे राज्य भेजी गई है।

# मुख्य सचिव ने पीएम के दौरे की तैयारियां परखीं

## अफसरों को दिए निर्देश-सुरक्षा के सभी चाक चौबंद प्रबंधन किये जाएं किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न हो

**सुशील कुमार मिश्रा।** वाराणसी

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में बैठक आयोजित हुई जिसमें उन्होंने सभी संबंधित विभागों को प्रधानमंत्री के आगामी दौरे के दौरान सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। बैठक की शुरुआत में पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन ने मुख्य सचिव व डीजीपी के समक्ष प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान विभाग की तैयारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया जिसमें उन्होंने प्रस्तावित रूट चार्टए पार्किंग व्यवस्थाए जनसभा स्थल पर की गयी तैयारियों तथा हेलीपैड सभी के संबंध में जानकारी दी। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा द्वारा मुख्य सचिव के समक्ष प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों जिसमें गंजारी में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास कार्यक्रम व जनसभा तथा रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटरए सिगरा में प्रधानमंत्री द्वारा अटल आवासीय विद्यालय का बटन दबाकर उद्घाटन तथा बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के जिला स्तरीय प्रतिभागियों के कार्यक्रम को देखा जायेगा तत्पश्चात विजयी रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के संबंध में वेबपोर्टल का भी उद्घाटन प्रधानमंत्री के द्वारा किया जायेगा। मुख्य सचिव ने लोक निर्माण के चीफ इंजीनियर को सभास्थल तथा आसपास बारिश के संभावना के मद्देनजर उचित तैयारी करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने नगर आयुक्त को सभी प्रस्तावित रूटों पर एयरपोर्ट तक पूरी साफसफाईए कोई कूड़े का ढेर न होनेए मोबाइल टॉयलेट की भी उचित व्यवस्था करने तथा लोकनिर्माण को सड़कों पर कोई गड्ढे न दिखने पाये इस संबंध में भी निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को गर्मी के मौसम के तहत सभा स्थल पर उचित प्रबंध करने का निर्देश दिया। सभास्थल पर उचित प्रबंध करने का निर्देश दिया।





## मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने किया दर्शन-पूजन

वाराणसी।उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और डीजीपी विजय कुमार बुधवार की दोपहर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचेद्य मंदिर पहुंचने के बाद दोनों अधिकारियों ने बाबा का षोडशोपचार पूजन कियाद्य पूजन के पाश्चात्य मुख्य सचिव ने मंदिर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लीद्य मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए दो दिन पूर्व ही एक आरोग्य केंद्र स्थापित किया गया हैए जिसका उद्घाटन भी मुख्यमंत्री जी ने कियाद्य इसमें अब तक दो दिनों के अंदर लगभग 100 लोग चिकित्सकीय परामर्श ले चुके हैंद्य इसके अलावा भी इस आरोग्य केंद्र में प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था कराई गई हैद्य मंदिर की व्यवस्थाओं को जानने के बाद मुख्य सचिव अपने गंतव्य को रवाना हो गएद्य इस दौरान जिलाधिकारी एस राज लिंगम पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन एसडीएम श्री शंभू शरण और विशेष कार्य अधिकारी श्री उमेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।

# नब्बे लाख की शराब बरामद



**चन्दौली।** धान की भूसी के अंदर छिपाकर और फ़र्ज़ी बिल्टी बनाकर बिहार ले जाई जा रही शराब की बड़ी खेप थाना नवगढ़ क्षेत्र में पुलिस सर्विलांस स्वाट की टीम ने बरामद की है। पकड़ी गई शराब की बाजार में कीमत करीब 90 लख रुपए के आसपास बताई जा रही है। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चंदौली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सतत अभियान के क्रम में यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने बरामदगी व दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को रु. 25000 का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा. अनिल कुमार द्वारा जनपद मे शराब व मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली व क्षेत्राधिकारी नौगढ चन्दौली के पर्यवेक्षण मे शराब तस्करी गिरोह के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान मे थाना नौगढ की पुलिस व जनपद चन्दौली की स्वाट टीम/सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान के क्रम में मुखबिर से सूचना मिली कि एक डीसीएम मे धान के भूसी की बोरियों के बीच शराब तस्करों द्वारा शराब लादकर बिहार बेचने हेतु ले जाया जा रहा है कि मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाकर थाना नौगढ के जयमोहनी बार्डर के पास भारी मात्रा मे इम्पीरियल ब्लू की नाजायज अंग्रेजी शराब की बरामदगी करते हुए 02 शातिर शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तगण रखा राम भीचर पुत्र सालगा राम भीचर सा. ककराला थाना सेडवा जनपद बाड़मेर राजस्थान दिनेश कुमार जांगुर पाबू राम जांगुर ग्राम लकडा थाना सेडवा जिला बाडमेर राजस्थान के बताए गए। अभियुक्तगण से पूछताछ की गई तो अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोग फर्जी बिल्टी बनवाकर डीसीएम के उपर धान की भूसी रखकर अन्दर गैर प्रान्त की बनी अग्रेजी शराब रखकर विहार प्रान्त ले जा रहे थे। हम लोगो को वहा सस्ती मिलती है। बिहार प्रान्त में शराब बन्दी होने के कारण महगी बिकती है जिससे हम लोगो को ज्यादा लाभ मिलता है।

# लालबाग के राजा की प्रतिमूर्ति श्री गणेश जी की प्राण प्रतिष्ठा हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**आसभैरो** स्थित अग्रवाल भवन के मण्डप में श्री काशी मराठा गणेश उत्सव समिति ने मुम्बई के सुप्रसिद्ध लालबाग का राजा की प्रतिमूर्ति विराजमान किया। इस के साथ 17 श्री गणेश उत्सव समारोह का शुभारंभ हुआ। श्री गणेश जी की प्रतिमूर्ति का पूजन श्री खुण्टे जी महाराज ने सविधि करायी। काशी मराठा गणेश उत्सव समिति के संरक्षक सन्तोष पाटिल ने श्री गणेश जी की पूजा मराठी परम्परा से की। महाआरती समिति के अध्यक्ष आनन्द सूर्यवंशी कोषाध्यक्ष हनुमान शिंदे व समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने की।

17 वा श्री गणेश उत्सव समारोह के मुख्य अतिथि चेतन मठ प्रमुख बलबींद्र सिंहए विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी मेडिकल – रिसर्च सेंटर के डा अशोक रायए तथा विशिष्ट अतिथि पार्षद अवनीश विक्की ने समारोह का शुभारंभ किया। समिति अध्यक्ष आनन्द सूर्यवंशी, ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांयकाल नीरज कुमार सेठ की टीम ने झांकी प्रस्तुत कर खूब ताली बटोरी। भजन गायन कर श्रोताओं झूमा दिया। समारोह में सर्वश्री संतोष पाटिल, सुहास पाटिल, आनन्द सूर्यवंशी, अन्ना मोरे, हनुमान शिंदे, अजीत पाटिल, बजरंग शिंदेए मूसा मुलानी, विनोद जाधव, बसंत तामखेडे, शंकर भगत, संतोष शिंदे, किशोर पाटिल, अशोक शिंदे, चक्रवर्ती विजय नावड़, निखिल पाटिल, कैलाश सिंह विकास सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल रहे। 20 सितम्बर 23 दिन बुधवार को प्रात: 9 बजे श्री गणेश जी की महाआरतीए सांयकाल 6 बजे मेहदी प्रतियोगिताए सात बजे कौन बनेगा लखपति (प्रश्न मंच) रात्रि 9 बजे श्री गणेश जी की महाआरती आयोजित है।

## प्राथमिक विद्यालय अब नए कलेवर में बच्चो को कर रहे तैयार, निपुण भारत मिशन की पहल

**अमेठी।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय परिसर महसों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय महसों में ग्राम शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में अभिभावकों से निपुण भारत मिशनए विद्यालयों का कायाकल्पए डीबीटी योजना आदि पर संवाद स्थापित करते हुए उन्हें विद्यालय को सहयोग प्रदान करने हेतु अपील की गयी। निपुण कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म मथा निपुण लक्ष्य एपए दीक्षा एपए रोड एलांग एप आदि का समुदाय द्वारा प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में निपुण बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया। शासन द्वारा कक्षा वार निर्धारित निपुण लक्ष्यों भाषा में 2 अक्षर वाले शब्दों सरल शब्दों का पढ़नाए कक्षा 2 हेतु 45 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ना कक्षा 3 हेतु 60 शब्द प्रति मिनट प्रवाह की दर से पढ़ना आदि थ संवाद स्थापित किया गया।

# बंधक बना युवक को किया मरणासन्न, मामला दर्ज

**संवाददाता।** नसीराबाद, रायबरेली

**नसीराबाद** थाना क्षेत्र के एक गांव मे बीते रात एक युवक को गांव के ही कुछ दबगो ने पहले बंधक बनाया फिर लाठी डंडो व बेल्ट से पीट पीट कर मरणासन्न कर दिया और धमकी देकर फरार हो गए। घायल युवक को सी एच सी नसीराबाद मे भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है बाद मे पुलिस ने पीडित के भाई की तहरीर पर विभिन्न धाराओ में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

विवरण के अनुसार नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम संण्डहा निवासी ऋषिराज मौर्य पुत्र रामहेत मौर्य ने थाने मे तहरीर दी कि उसके भाई उदय राज मौर्य को गांव के ही सुमित कुमार व अमरेंद्र मौर्य ने बीती रात करीब 8.30 बजे गांव से कुछ दूर नहर के पास फोन कर पहले बुलाया वहां पहुंचते ही मां बहन की गालियां देते हुए घेर लिया और जान से मारने की नीयत से बंधक बना कर लाठी डंडों तथा बेल्ट से जमकर पीटा जिससे वह बेहोश हो गया। उसे मरणासन्न छोड़कर विपक्षी फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और रात मे ही घायल उदय राज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद लाये जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रायबरेली रिफर कर दिया।बाद मे पुलिस ने युवक के भाई ऋषि राज मौर्य पुत्र रामहेत मौर्य की तहरीर पर गांव के ही सुमित कुमार पुत्र छेदी लाल व अमरेंद्र मौर्य पुत्र रामहेत मौर्य के खिलाफ, गाली गलौज देने ,बंधक बना के मारमीट करना ,जान से मारने धमकी देना, सहित आधा दर्जन धाराओं मामल दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दिया है।

## झांड़ फूंक में गई महिला की जान

**नसीराबाद रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे पंचम मजरे कुंवरमऊ निवासी शीला 45 वर्ष को मंगलवार सुबह करीब11रू30 बजे सांप ने डस लिया। जिससे महिला की मौत हो गई।गांव के लोगों ने बताया कि मंगलवार को शीला दिन लगभग 11रू30 बजे खाना खाकर छज्जा के नीचे लेटी थी। अचानक उसके ऊपर सांप गिरा गया और डस लिया। और वह जोर जोर से चिल्लाने लगी तो पड़ोस के लोग दौड़े। शीला ने बताया कि उसे सांप ने डस लिया है।लोग उसे गांव में ही एक लोगों के यहां ले गये उसने जड़ी बूटी दी पर आराम नहीं हुआ। करीब तीन घंटे बाद महिला को नसीराबाद सीएचसी ले गये। जहाँ हालत गंभीर होने पर डॉक्टर आशीष ने जिला अस्पताल रायबरेली रिफर कर दिया। पर जिला अस्पताल पहुंचने के पहले ही उसकी रास्ते मे ही मौत हो गई। डाक्टर आशीष ने बताया कि वह जब यहां आई तो उसकी हालत गंभीर थी। इसके पति रामसुख की चार वर्ष पहले मौत हो चुकी है।

## क्विक न्यूज

### आकाशीय बिजली गिरने से चार भैंसों की मौत, मचा हड़कंप

**बछरांवा रायबरेली।** बद्री प्रसाद का पुरवा व कंजहा का पुरवा मजरे टेराबरौला गांव में आकाशीय बिजली गिरने से चार भैंसों की मौत हो गई । जिससे गांव में हड़कंप गया । बुधवार दोपहर लगभग एक बजे तेज धूप के बीच मौसम ने करवट बदली । बूंदाबांदी के बीच बिजली कड़कने लगी । तभी उक्त दोनों गांवो में बिजली गिरी । बद्री प्रसाद का पुरवा मजरे टेरा बरौला गांव के किनारे एक महुआ के पेड़ के नीचे राजेश पुत्र हनुमान की तीन भैंस बंधी हुई थी। वही बगल के गांव कंजहा में विमलेश कुमार पुत्र गंगा सेवक की एक भैंस नीम के पेड़ के नीचे बांधी थी । बिजली गिरने से चारों भैसे झुलस कर तड़पने लगी। कुछ ही देर में चारों भैसों ने दम तोड़ दिया । थाना अध्यक्ष बृजेश राय ने बताया कि घटना की सूचना नहीं दी गई है । तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बछरावां रायबरेली।** बुधवार सुबह बछरावां रायबरेली रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई । सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास किए हैं । पर युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है । आरपीएफचौकी इंचार्ज सुरेश चंद तिवारी ने बताया कि शिनाख्त के प्रयास किया जा रहे हैं । अभी तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है । आगे की प्रक्रिया के लिए शव को जीआरपी के सिपुर्द कर दिया गया है ।

### ओराइमो ने फ्री पॉड्स लाइट को लांच किया

**वाराणसी।** ऑडियो नवाचार में अग्रणी रहने वाले ओराइमो को अपने सबसे आधुनिक मास्टरपीस फ्रीपॉड लाइट की पेशकश की घोषणा की है जो वास्तव में वायरलेस ऑडियो तकनीक के सबसे टॉप वायरलेस ईयरबड्स का प्रतिनिधित्व करता है। फ्रीपॉड्स लाइट की लांच कीमत केवल 799 रूपये हैए जो शानदार गुणवत्ता अनुभव देने वाले प्रोडक्ट के लिये एक अविश्वसनीय मूल्य है। फ्रीपॉड्स विशेषरूप से अनुमानत: फ्लिपकार्ट पर 19 सितंबर 2023 से बिक्री के लिये उपलब्ध होंगे। इस लांच के बारे में ओराइमो के सीईओ कहते हैं कि हम समझते हैं कि अद्भुत साउंड क्वालिटी और सहूलियत एक प्रीमियम कीमत के साथ नहीं मिलनी चाहिये और फ्रीपॉड्स लाइटए गुणवत्ता के साथ बिना कोई समझौता किये हर किसी के लिये सुलभ बनने की दिशा में काम कर रहा है।

### ट्रक चालकों की बेटियों के लिए छात्रवृत्ति की पहल

**वाराणसी।** इस ड्राइवर्स डे पर महिंद्रा समूह की सहायक कंपनी, महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन, महिंद्रा सारथी अभियान के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों की बेटियों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करेगा। प्रोजेक्ट महिंद्रा सारथी अभियान उच्च शिक्षा के अधिकार का समर्थन करके इन लड़कियों के जीवन को बदलने की दिशा में एक छोटा सा योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। जलज गुप्ता महिंद्रा सारथी अभियान वाणिज्यिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसका उद्देश्य चालक समुदाय के जीवन को बेहतर बनाना है।

### हीरोवायर्ड ने शिवांशु पाण्डेय के सपनों को किया साकार

**वाराणसी।** शिवांशु पाण्डेय को उनकी महत्वाकांक्षाए रचनात्कता और बेहतरीन परफोर्मेन्स देने की प्रबल इच्छा के लिए जाना जाता है। उनकी यह यात्रा गोरखपुर से शुरू हुई थी। टेक्नोलॉजी के प्रति उत्सुकता के चलते उनका झुकाव वेबसाईट डेवलपमेन्ट की तरफहो गयाए साथ ही गोरखपुर के एक कॉलेज से मैथेमेटिक्स में बैचलर की डिग्री भी ली। शुरूआत में उन्होंने वर्डप्रेस के ज़रिए छोटी वेबसाईट्स बनाना शुरू किया ताकि उनका जेब खर्च निकल जाए। हीरोवायर्ड से मार्गदर्शन मिलने के साथ उनके इस शौक ने नया मोड़ लिया और उन्हें सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी मिल गई।

### सकलडीहा में शुरू हुआ ब्याजमुक्त इलेक्ट्रॉनिक्स लोन मेला

**सकलडीहा/चन्दौली।** देश के अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन आदित्य विज़न की ओर से मंगलवार से तीन दिवसीय सकलडीहा कस्बा में ब्याजमुक्त इलेक्ट्रॉनिक्स लोन मेले का आयोजन किया गया है। मेले में सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद आसान ब्याजमुक्त किस्तों पर मुहैया कराये जा रहे है। इसके लिये गरीबों को मात्र 990 रुपये के आसान ब्याजमुक्त किस्तों पर टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, स्मार्टफोन, लैपटॉप आदि सामान उपलब्ध होगा। एरिया मैनेजर प्रवीण ने बताया कि ब्याजमुक्त फाइनेंस पर सुलभता से सामान की खरीदारी किया जा सकता है बगैर व्याज की। खरीद पर उपहार जीतने का मौका भी मिलेगा।

### तिलोई के विकासखंड सभागार में किसान दिवस का आयोजन

**तिलोई, अमेठी।** किसान दिवस का आयोजन गुरुवार को तिलोई विकासखंड के मोहन सिंह सभागार में जिला विकास अधिकारी के अध्यक्षता में हुआ। किसान दिवस के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फमुन्ना शामिल हुए।

## आयुष्मान योजना से जिले की 32 हजार लोगों हुए लाभान्वित

**मिर्जापुर।** आयुष्मान योजना के तहत अअब लाभार्थी अपना स्वयं कार्ड बना सकेगे। यह सुविधा महीने के अन्त तक एप के माध्यम से उपलब्ध करा दिया गया है। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम समन्वयक संजीव कुमार पाठक ने दी। आयुष्मान योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि अभी तक योजना के तहत जिले के छह लाख तीस हजार लोगों का कार्ड बनाया जा गया है और उनमें से 32 हजार लोगों ने योजना का लाभ भी पहुंचाया गया है। लेकिन अब योजना को गति देने के लिए एप पर काम होने के बाद अब उसको शुरू कर दिया गया है जिससे लाभार्थी अब अपने मोबाइल से ही अपने कार्ड बना पायेगे। यह सुविधा विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया। जो एक सराहनीय कदम होगा। इस एप के माध्यम से 6 सदस्यीय या उससे अधिक संख्या वाले लाभार्थी अपना कार्ड अब स्वयं बना सकेगे।

# पत्रकारों के लिए सरकारी अस्पतालों में खुलेंगे अलग काउंटर: उप मुख्यमंत्री

**संवाददाता।** मीरजापुर

**उत्तर प्रदेश** के सरकारी अस्पतालों में पत्रकारों की सुविधा के लिए अलग से काउंटर खोले जाएंगे। जिला अस्पतालों में खुलने वाले इन काउंटरों से पत्रकारों को दवा देने व अन्य काम किए जाएंगे। इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बी के भारती दी।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (यूपीडब्लूजेयू) के एक प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात के दौरान यह एलान करते हुए कहा कि पत्रकारों के इलाज संबंधी किसी भी दिक्कत को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार तत्पर है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सरकारी अस्पतालों में पत्रकारों को पर्चा व दवा वितरण आदि के लिए अलग के काउंटर खोले जाएंगे। यूपीडब्लूजेयू अध्यक्ष टीबी सिंह के नेतृत्व में श्री पाठक से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें पत्रकारों की मांगो से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के निराकरण की मांग की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों की आवास संबंधी समस्या का हल निकाला जाएगा। इसके लिए उन्होंने समिति बनाकर सरकारी आवासीय योजनाओं में भूखंड देने अथवा तैयार मकानों को हायर परचेज सिस्टम से देने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में मीडिया का बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है और उसी अनुपात में उनके लिए सुविधाओं की जरुरत है जिसके सरकार हर संभव प्रयत्न करेगी। मुख्य चिकित्सा सरकारी डॉक्टर सी एल वर्मा ने बताया कि यह प्रदेश सरकार की तरफ से सराहनीय कदम उठाया जा रहा है शासन स्तर से आदेश व आवंटन के बाद काम चालू कर दिया जाएगा।

# प्रधान की जी-हुजूरी न करने वाले को दस साल में नहीं आवंटित हुआ आवास



**रायबरेली।** कहाँ तो तय था चरागां हर एक घर के लिये, कहाँ चराग मयस्सर नहीं शहर के लिये। यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है, चलो यहाँ से चलें और उम्र भर के लिये।। दुष्यंत कुमार की लिखी ये पंक्तियां सिस्टम की मनमानी, भ्रष्टाचार और गरीबों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ करारा प्रहार हैं। खीरों ब्लॉक में विकास विभाग के जिम्मेदारों की मनमानी और कई ग्राम प्रधानों का अपने ही गांव की जनता से पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाना बार-बार सामने आता रहा है। क्षेत्र के दुकनहां गांव में इसी हफ्ता बीत चुके सोमवार-मंगलवार की रात बारिश के दौरान एक गरीब की कच्ची कोठरी ढह गई। गरीब किसान व उसकी पत्नी हादसे के वक्त उसी कोठरी के नीचे सो रहे थे। हादसे से ठीक पहले कोठरी की छत से मिट्टी गिरने लगी। किसी बड़ी घटना का अंदेशा होने से दोनों कोठरी से निकल कर बाहर भागे। ठीक उसी वक्त कोठारी की छत ढह गई। समझदारी दिखाने की वजह से दोनों बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद ग्राम प्रधान व विकास विभाग के जिम्मेदारों की साठ-गांठ से भ्रष्टाचार पूर्ण कार्यशैली, मनमाने रवैये व राजनीतिक द्वेष से प्रेरित होकर कार्य करने की बात सामने आई है। गरीब किसान पिछले दस वर्षों से लगातार आवास की मांग कर रहा था। लेकिन वह एक अदद आवास के लिए अभी तक तरसता रह गया है। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि वह ग्राम प्रधान की जी हुजूरी नहीं कर सका। 2020-21 की आवास की पात्रता सूची में किसान का नाम था लेकिन ग्राम प्रधान के द्वारा जिम्मेदारों से मिलकर उसका आवास निरस्त करवा दिया गया था। कई बार मामले में पीड़ित किसान द्वारा प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद भी जिम्मेदारों ने कोई सुनवाई नहीं किया था। जब्कि गांव में नियमों को ताक पर रख धन वसूलते हुए नियम के विपरीत अपात्रों को धड़ाधड़ आवास आवंटित किए जाते रहे हैं। हादसे के बाद हल्का लेखपाल और ग्राम विकास अधिकारी अपना बचाव करते हुए गोलमोल जवाब दे रहे हैं।

# संजय गाँधी अस्पताल के कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन



**अमेठी।** संजय गाँधी अस्पताल मुंशीगंज अमेठी कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र को ज्ञापन दिया है। कर्मचारी विगत 35 वर्षों से कार्यरत है। जिला प्रशासन की ओर से अस्पताल को सील कर देने के कारण कार्यरत कर्मचारियों की अजीविका पर संकट उत्पन्न हो गया है। बेरोजगार हो गये हैं। संजय गाँधी अस्पताल के बन्द हो जाने से क्षेत्र की लाखों जनता की दवा इलाज की कोई व्यवस्था नही है। अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों एवं अमेठी क्षेत्र की जनता की चिकित्सा सुविधाओं को रोगी का ख्याल प्रशासन करे। संजय गाँधी अस्पताल को संचालित करने की मांग उठाई। कर्मचारियों ने अमेठी की जनता की चिकित्सा सुविधा एवं निरपराधी कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए संजय गाँधी अस्पताल मुंशीगंज का संचालन कराए जाने तथा उचित व निष्पक्ष जांच कराये जाने व दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग उठाई है। इस मौके पर संजय सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, संजय सिंह परिहार, विपिन श्रीवास्तव, शांती देवी, रामेश्वर विश्वकर्मा, मुरलीधर, गुड्डी रानी, चन्द्रमान पाण्डेय, फूलचन्द्र तिवारी, राधेश्याम, राजेश यादव, राम प्रकाश, रीता त्रिपाठी, सुमन, माधुरी पाल आदि मौजूद सैकड़ो कर्मचारी शामिल रहे।

## गौशाला में गायों की देखरेख न होने पर गायें मरने पर मजबूर

**रायबरेली।** गौशाला प्रबंधन फिर अपने नकरापन के लिए चर्चा में है। मामला रायबरेली के विकासखंड सतंव के बरऊवा गांव की गौशाला से जुड़ा हुआ है। इस गौशाला में गायों की देखरेख के लिए दिए जाने वाले पर्याप्त बजट पर गिद्ध दृष्टि रखने वाले प्रबंधन को गायों की मौतों पर कोई अफसोस नहीं है। एक के बाद एक गायों का मरना बदस्तूर जारी है। पखवारा पूर्व लगभग कई गाय तड़प तड़प के इस गौशाला में मर चुकी हैं जिसका संज्ञान जिला प्रशासन रायबरेली में लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन गौशाला के प्रबंधतंत्र पर इसका कोई भी असर नहीं पड़ा और पूर्व की भांति उनके कार्य उसी तरीके से चलते रहे एक बार फिर इस गौशाला में एक साथ लगभग चार गायों के मरने की खबर प्रकाश में आई है। ग्राम सभा बरऊवा स्थित गौशाला में आज चार गायों के मृत पाए गए। इस पर गौशाला प्रबंधन का कहना है कि गायों के मृत शरीर को कहीं और से लाकर यहां फेंक दिया गया है। प्रबंध तंत्र जिस तरह से गायों की मौतों पर बचकाने बयान दे रहा है उसे उसकी संवेदनशीलता का पता चलता है कि वह गौवंशों के लिए कितना संवेदनशील है।

# यात्रा करतें समय ट्रैफिक नियमों का करें पूरा पालन: कैप्टन रोहित

**सोनभद्र।** हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आरपी सिंह के दिशा निर्देशन व यूनिट एचआर हेड शैलेश विक्रम सिंह के नेतृत्व में द्वारा चलाये जा रहे ग्रामीण विकास विभाग रेणुसागर कार्यक्रम के अन्तर्गत अवधूत भगवान राम पी जी कालेज प्रांगण अनपरा में एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख रूप से उपस्थित रेनुसागर के नगर प्रशासन एवं सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ प्रबधक कैप्टन रोहित देव फरासी एंव सेफ्टी विभाग के इमरान अहमद द्वारा बहुत ही रोचक व सरल तरीके से विद्यालय के बच्चो को सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न आयामो पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व अवधूत भगवान राम पी जी कालेज के प्रधानाचार्य डा0 अजय विक्रम सिंह ने रेनूसागर के अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में कैप्टन रोहित देव द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बंधित यात्रा करते समय क्रश हेलमेट, सीट बेल्ट व मोबाईल पर बात न करने की बच्चो को नसीहत दी तथा महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरक्षा हमारे जीवन का अभिन्न अंग है,इसे हमे दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। बच्चों को समझाते हुए कहा कि जब हम यात्रा करें तो ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें, इससे हम सुरक्षित रहकर दूसरे को भी सुरक्षित रख सकते हैं, उन्होंने वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने की सभी से अपेक्षा की तथा कहा कि हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा की जानकारी हो सके। विडिओ क्लिप के माध्यम से बच्चो को सुरक्षा से सम्बंधित तमाम जानकारिया दी। द्वितीय चरण में इमरान अहमद द्वारा व्यवहारिक सुरक्षा सम्बन्धी बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस चरण में उन्होने वर्षा ऋतु में हम स्वयं को कैसे सुरक्षित रख सकते है,बिजली के उपकरणों से अपने को सुरक्षित रखना आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी संजीव श्रीवास्तव, राजनाथ यादव व अवधूत भगवान राम पी जी कालेज के अध्यापकगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# हर मण्डल पर प्रवास, शक्ति केन्द्र व बूथों की समीक्षा करेंगे प्रवासी कार्यकर्ता: नन्दलाल गुप्ता




**सोनभद्र।** भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री जिला प्रभारी अशोक चौरसिया मौजूद रहे। विशिष्ठ अतिथि के रुप मे पूर्व एमएलसी जयप्रकाश चतुर्वेदी, सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक अनिल कुमार मौर्या मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अशोक चौरसिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चरैवेति चरैवेति के सिद्धांत पर निरंतर कार्य करने वाली पार्टी है, आने वाले समय में संगठन को मजबूत करते हुए शक्ति केन्द्र व बूथ को मजबूत कर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को आसानी से जीत सकते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सीएचसी, प्री हेल्थ कैंप तक लोगों को लेकर जाना है। 25 सितंबर को पं0 दीनदयाल उपाध्याय के जयन्ती का कार्यक्रम हर बूथ स्तर पर मनाना है। 26 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच सभी बूथों की समिति के साथ बैठक व समीक्षा करना है। जिस तरह से मोदी जी देश के सम्मान को बढाने के लिए अथक परिश्रम कर रहे है जिसके कारण भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने चन्द्रमा पर चन्द्रयान को सफलतापूर्वक भेजकर जो दुनिया को अपनी शक्ति का एहसास कराया है, जी 20 सम्मेलन में कमेटी द्वारा प्रस्तावित 123 प्रस्तावों को मोदी जी के नेतृत्व में विश्व के सभी नेताओं ने सहजता व सरलता से स्वीकार किया है। यह मोदी जी के सफल विदेश नीति का प्रभाव है। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आने वाले समय में जिले से प्रवासी कार्यकर्ता हर मण्डल स्तर पर प्रवास करके शक्ति केन्द्र व बूथों की समीक्षा करेंगे। हम सभी कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए मुख्यबिन्दु बूथ सशक्तिकरण अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण करना है।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 21 सितम्बर, 2023



# महिला आरक्षण विधेयक

## प्रतीक्षा का अंत

**महिला आरक्षण** विधेयक का कानून बनना तय है। यह महिला नेताओं के लिए लंबी प्रतीक्षा का अंत है। पहली बार संसद में पेश होने के 33 साल बाद अंततः महिला आरक्षण विधेयक का पास होना सुनिश्चित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट द्वारा सोमवार रात इसे मंजूर करने के बाद संसद के विशेष सत्र में इसके पास होने का रास्ता साफ हो गया है। इस विधेयक को केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पेश किया। महिला आरक्षण विधेयक में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान है। प्रधानमंत्री ने सदन को सूचना दी कि जहां 7,500 से अधिक लोक प्रतिनिधियों ने दोनों सदनों की सेवा की, वहीं महिला प्रतिनिधियों की संख्या लगभग नगण्य 600 के आसपास थी। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम रहा है और सीटों के आरक्षण से यह विकृति दूर होगी। यह महत्वपूर्ण व काफी समय से लंबित विधायन विधायी संस्थानों में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को संबोधित करेगा तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर उनके दृष्टिकोण व स्वर को मजबूती प्रदान करेगा। विधेयक का केन्द्रीय तत्व लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला उम्मीदवारों को 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना है। यह आरक्षण सभी प्रकार के निर्वाचन क्षेत्रों पर लागू होगा जिसमें सामान्य तथा अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटें शामिल हैं।

विभिन्न पृष्ठभूमियों की महिलाओं के प्रतिनिधित्व में विविधता सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से विधेयक में चक्रानुक्रम व्यवस्था का प्राविधान है। इस व्यवस्था के अंतर्गत महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें हर चुनाव चक्र के साथ बदल जाएंगी, इससे समय बीतने के साथ महिलाओं का बेहतर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। 33 प्रतिशत आरक्षण के भीतर अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति महिलाओं के लिए 'उप-आरक्षण' की व्यवस्था होगी। यह प्राविधान जटिल जेंडर व जाति-आधारित भेदभाव से एकसाथ निपटने के लिए किया गया है। यह विधायन अपने आप में कानून न होकर एक संविधान संशोधन है। परिणामस्वरूप इसके लिए संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत चाहिए, यानी उपस्थित व मतदान कर रहे सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। इसके साथ ही कानून बनने से पहले कम से कम 50 प्रतिशत राज्य विधायिकाओं द्वारा इसका अनुमोदन होना चाहिए। कानून बनने के बाद राजनीतिक पार्टियों को टिकट बांटते समय महिलाओं को समान अवसर देने होंगे। इसका अर्थ चयन प्रक्रिया में पूर्वाग्रह कम करना होगा। विधायी संस्थानों में महिलाओं का बढ़ा हुआ प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने वाला महिला आरक्षण विधेयक सरकार के नीतिगत निर्णयों पर व्यापक असर डालेगा। इसके परिणामस्वरूप ज्यादा समावेशी व जेंडर-संवेदनशील कानून व नीतियां बनेंगी जो राजनीतिक नेतृत्व भूमिकाओं में महिला सशक्तीकरण सुनिश्चित करेंगी। स्वीकृत होने के बाद यह विधेयक ज्यादा समावेशी व प्रतिनिधिक लोकतंत्र को बढ़ावा देगा। आखिरकार 27 साल की प्रतीक्षा तथा राज्यसभा में पास होने के 13 साल बाद महिला आरक्षण विधेयक कानून बन जाएगा। लेकिन इस कानून का क्रियान्वयन 2029 लोकसभा चुनाव के पहले नहीं होगा तथा इसका असर 2024 के चुनावों पर नहीं पड़ेगा। यह निश्चित रूप से मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि है जिसके लिए उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए।



# विद्युत-संचालित वाहन व पर्यावरण

**विद्युत-संचालित वाहन पर्यावरण संरक्षण का अंतिम उपाय नहीं हैं। इसके लिए जीवनशैली, उपभोग तथा आवागमन के पैटर्न में परिवर्तन जरूरी है।**



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, सेवानिवृत्त अधिकारी हैं)



भारत ने निजी कारों में 30 प्रतिशत, वाणिज्यिक वाहनों में 70 प्रतिशत तथा दो व तीन पहिया वाहनों में 2030 तक 80 प्रतिशत विद्युत-संचालित वाहनों-ईवी का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिएसरकार ईवी वाहनों के खरीदारों व निर्माताओं को अनेक प्रकार के प्रोत्साहन दे रही है जिसमें सब्सिडी व टैक्स राहत आदि शामिल हैं। दुनिया भर में आटोनिर्माता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अपनी सरकारों पर ईवी की बिक्री प्रोत्साहन के लिए दबाव डाल रहे हैं। लेकिन सचमुच ईवी कितने पर्यावरण-हितैषी या 'ग्रीन' हैं? हालांकि, ईवी आंतरिक दहन इंजनों-आईसीई संचालित परंपरागत कारों की तुलना में ज्यादा जलवायु-हितैषी हैं, पर उनका भी पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि इस लेख का उद्देश्य भविष्य की सड़कों पर ईवी के खिलाफ नहीं है, पर इस मामले में अति-उत्साह के बजाय सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है।

पर्यावरण पर किसी वाहन के प्रभाव का आंकलन उसके उत्पादन, संचालन तथा लाभदायक जीवन समाप्त होने पर स्क्रैपिंग के कुल प्रभाव पर होना चाहिए। जहां तक उत्पादन का सवाल है, ईवी निर्माण के समय छोड़ी गई ग्रीनहाउस गैसों -जीएचजी की मात्रा पर गौर करना चाहिए। इसके लिए इन वाहनों के हिस्सों तथा उनमें लगने वाली कच्चे माल पर गौर करना चाहिए। पेट्रोल या डीजल या ईवी बनाने में इसकी बैटरी के बिना लगभग समान कार्बनडाईआक्साइड-सीओटू उत्सर्जित होती है। लेकिन ईवी-बैटरी के निर्माण से इसके उत्सर्जन में काफी वृद्धि हो जाती है।

बैटरी ईवी का प्रमुख अंग है और इसके निर्माण में बैटरी के प्रति किलोवाट आवर-केडब्लूएच पर 150 किलो सीओटू उत्सर्जित होती है। एक औसत ईवी प्रति किलोमीटर 0.20 केडब्लूएच खर्च करती है और बिना चार्जिंग 300 किलोमीटर तक चलने वाली अच्छी ईवी के लिए बैटरी क्षमता 60 केडब्लूएच होनी चाहिए। इसका अर्थ 9 टन अतिरिक्त सीओटू उत्सर्जन है जिससे ईवी आईसीई-कार जितनी ही पर्यावरण-विनाशक हो जाती है। इस प्रकार ईवी के निर्माण में ज्यादा उत्सर्जन होता है और बेहतर तकनीक ही इसका एकमात्र समाधान है। इसके साथ ही, भले ही ईवी जहरीली गैसें न छोड़े, पर कमजोर होने के बाद उसकी बैटरियां जहरीली गैसें छोड़ सकती है।

बैटरी बनाने में लगने वाले कच्चे माल का खनन करना होता है। खनन, रिफाइनिंग व परिवहन में काफी जीएचजी उत्सर्जित होती है। कच्चे माल में 'रेयर अर्थ मैटीरियल', जैसे, लीथियम व नियोडीमियम के साथ तांबा, कोबाल्ट, एल्यूमीनियम, निकिल, मैंगनीज़ व ग्रेफाइट शामिल हैं। रेयर अर्थ मैटीरियल कुछ ही देशों में उपलब्ध हैं। लीथियम बैटरियों में प्रयोग होने वाले लेड जैसे तत्वों की तुलना में हल्का है और इससे विद्युत प्रवाह तेज होता है। वर्तमान समय में आस्ट्रेलिया लीथियम का सबसे बड़ा सप्लायर है, कुल वैश्विक रिजर्व भंडारों में बोलीविया, चिली व अर्जेन्टाइना का 'लीथियम त्रिकोण' आधे का जिम्मेदार है। वर्तमान समय में वैश्विक लीथियम-आयन बैटरियों की निर्माण क्षमता में चीन का हिस्सा 77 प्रतिशत है और दुनिया की सबसे बड़ी 10 निर्माता कंपनियों में से 6 चीन में हैं। भारत वर्तमान समय में अपना सारा लीथियम आस्ट्रेलिया व अर्जेन्टाइना से आयात करता ह तथा लीथियम-आयन सेल की 70 प्रतिशत जरूरत चीन से पूरी होती है। राजस्थान तथा जम्मू में बड़े लीथियम भंडारों की हालिा खोज से भारत भविष्य में इस तत्व का बड़ा निर्माता बन सकता है।

लीथियम का खनन जोखिम भरा है तथा इससे बड़ी मात्रा में जीएचजी उत्सर्जन होता है। इसके साथ ही प्रति टन लीथियम खनन के लिए 500,000 लीटर पानी की जरूरत होती है। लीथियम खनन से रसायन व भारी धातुओं से वायु व जल प्रदूषित हो सकते हैं। 2019 के एक अध्ययन से स्पष्ट है कि लीथियम-आयन बैटरियों के उत्पादन से होने वाला 40 प्रतिशत विपरीत जलवायु प्रभाव खनन प्रक्रिया से ही हो जाता है। विडंबना है कि ईवी की स्वच्छ ऊर्जा गंदे खनन से ही निकल सकती है। ईवी बैटरियों में कोबाल्ट का व्यापक प्रयोग होता है। इसके 70 प्रतिशत वैश्विक भंडार डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो में हैं जो दुनिया का एक सबसे गरीब देश तथा 'विफल राष्ट्र' है। इसका खनन आधुनिक युग की 'गुलामी' से जुड़ा है, जहां न केवल वयस्क पुरुष व महिलायें, बल्कि चार साल आयु तक के बच्चों को भी गुलामों की तरह कोबाल्ट खनन में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। वे यह काम आदिम कालीन औजारों से करते हैं। वास्तव में वे गुलामों की तरह जीने को अभिशप्त हैं। यदि तकनीक कोई समाधान नहीं पेश करती है तो दुनिया भर में ईवी की ओर दौड़ इन रेयर अर्थ तत्वों की कमी पैदा करेगी। इसके साथ ही इनके खनन से भू-राजनीतिक मुद्दे भी जुड़े हैं। विकल्प के रूप में हरित हाइड्रोजन या बायोफ्यूल आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। दुनिया में हाइड्रोजन का 99 प्रतिशत उत्पादन अभी भी फासिल ईंधनों से होता है तथा बायोफ्यूल उत्पादन बढ़ने से खाद्यान्न उत्पादन का क्षेत्रफल कम हो सकता है।

लेकिन सबसे महत्वपूर्ण तत्व यह है कि ईवी केवल अपने ऊर्जा स्रोतों तक ही 'ग्रीन' हैं। उनका पर्यावरण प्रभाव इस तथ्य पर निर्भर है कि उनको किस प्रकार की बिजली से चार्ज किया जाता है। अधिकांश देशों में फिलहाल यह 'ग्रीन' नहीं है। बिजली उत्पादन में कोयले का हिस्सा अमेरिका में 20 प्रतिशत, चीन में 63 प्रतिशत तथा भारत में 73 प्रतिशत है। कोयला-संचालित बिजलीघर प्रति केडब्लूएच 800 ग्राम सीओटू उत्सर्जित करता है, जबकि नवीकरणीय स्रोत जैसे सौर पैनल या पवन टरबाइनें केवल 36 ग्राम उत्सर्जित करती हैं। इसका समाधान विद्युत ग्रिड की 'ग्रीनिंग' है और इसमें लंबा समय लगेगा। उस समय तक ईवी के प्रयोग से वातावरण में जीएचजी की मात्रा बढ़ेगी। ग्रिड के शून्य-कार्बन करने पर ही उत्सर्जन कम होगा।


वर्तमान समय में नवीकरणीय व गैर-नवीकरणीय ऊर्जा के मिश्रण से काम चल रहा है। ईवी चार्ज करने में इसके उपयोग से कार्बन फुटप्रिंट प्रभावित होता है। आईसीई कारों की तुलना में ईवी का शुद्ध नकारात्मक प्रभाव कोयले का अधिक प्रयोग करने वाले भारत, चीन व पोलैंड पर अधिक है। बिजली के वि-कार्बनीकरण से ही ईवी एक आकर्षक विकल्प बन सकेंगे। दुनिया के केवल छः देशों-चीन, अमेरिका, जापान, कनाडा, नार्वे और ब्रिटेन में ईवी का बाजार हिस्सा कुल वाहन बिक्री के एक प्रतिशत से अधिक है। थाम्सन-रायटर्स के एक अध्ययन से स्पष्ट है कि सर्वोत्तम स्थिति में भी 2040 तक दुनिया की सड़कों पर आधे वाहन फासिल ईंधनों वाले होंगे, लेकिन बिकने वाले सभी वाहन केवल ईवी होंगे। इससे सीओटू उत्सर्जन में लगभग 40 प्रतिशत कमी आएगी, पर इन ईवी की चार्जिंग के लिए बिजली की मांग बहुत बढ़ जाएगी। इसके लिए 2050 तक अतिरिक्त 3000 टेरावाट बिजली उत्पादन करना जरूरी होगा।

वर्तमान समय में यूरोपीय संघ कुल 3,200 टेरावाट आवर बिजली का उत्पादन करता है। ऐसे में दुनिया भर में भावी ईवी वाहनों को चार्ज करने में लगने वाली नवीकरणीय व गैर-नवीकरणीय ऊर्जा की कल्पना की जा सकती है। इसके लिए भारी अतिरिक्त संसाधनों की जरूरत होगी। बैटरियों का निस्तारण भी जलवायु के लिए भारी खतरा है। आस्ट्रेलिया के एक अध्ययन से पता चलता है कि उनका 98 प्रतिशत लैंडफिल में स्थान पाता है। इससे लैंडफिल में आग लगने की आशंका बढ़ जाती है जो सालों जलती रह सकती है। ऐसी आग अब सामान्य होती जा रही है। हमारे पर्यावरण के लिए ईवी अंतिम समाधान नहीं हैं, बल्कि इसका समाधान जीवनशैली, उपभोग तथा आवागमन पैटर्न में परिवर्तन है। इसके लिए टहलने, साइकिल चलाने, सार्वजनिक परिवहन, कारपूल, साझा वाहन, आदि विकल्प हैं। हमें टिकाऊ आवागमन व टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए सभी तरीकों का प्रयोग करना होगा जिसमें तकनीकी व गैर-तकनीकी तरीके शामिल हैं।

# कोचिंग सेंटरों पर प्रतिबंध आवश्यक

> "कोचिंग सेंटरों ने छात्रों के बीच भयंकर अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है, जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भारी असर पड़ रहा है।"

**अतुल सहगल**
(लेखक, प्रबंधन परामर्शदाता हैं)



कुछ हफ्ते पहले, एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र ने भारत में कोचिंग उद्योग के प्रमुख केंद्र, कोटा, राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के बढ़ते मामलों का विवरण प्रकाशित किया था। निम्नलिखित पैराग्राफ लेख कोटा से लिया गया है: जैसे ही छात्र आत्महत्याएं बढ़ती हैं, मंत्री कोचिंग माफिया को , शिक्षा ऋण के बोझ के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं, जो 29 अगस्त 2023 को टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित हुआ था।

मंत्री महेश जोशी ने हाल ही में कहा था कि माता-पिता पर शैक्षिक ऋण का बोझ छात्रों के बीच तनाव के कारणों में से एक है और केंद्र को एक नीति बनानी चाहिए ताकि माता-पिता को शिक्षा के लिए पैसे उधार न लेना पड़े। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने आरोप लगाया कि कोटा में कोचिंग संस्थान केवल पैसा इकट्ठा करने में रुचि रखते हैं। उन्होंने कोचिंग सेंटरों को माफिया करार दिया और कहा कि सरकार को इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी। 'जब हम बच्चे थे तो कोई कोचिंग नहीं होती थी। क्या तब छात्र आईपीएस नहीं बन रहे थे? कोचिंग के नाम पर एक माफिया उभरा है और सरकार को इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी', खाचरियावास ने कहा।

गहराई से और विश्लेषणात्मक रूप से देखा जाए तो यह राष्ट्रीय संसाधनों का शुद्ध दुरुपयोग बन गया है। इसने 19वीं सदी की शुरुआत (1835) में ब्रिटिश थॉमस बबिंगटन मैकाले द्वारा भारत के औपनिवेशिक काल के दौरान देश पर थोपी गई पहले से ही असंगत शैक्षिक प्रणाली को विकृत कर दिया।

भारत में सभी कोचिंग सेंटरों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। यहां सात कारण बताए गए हैं।

वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए कोचिंग के घोषित बुनियादी उद्देश्य - सर्वश्रेष्ठ आवेदकों या उम्मीदवारों का चयन - की पूर्ति नहीं करते हैं। कोचिंग सेंटर न होने पर भी सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाएगा। वास्तव में, कोचिंग सेंटरों की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन अधिक वास्तविक होगा क्योंकि यह स्व-अध्ययन और कच्ची प्रतिभा पर आधारित होगा।

कोचिंग सेंटर आंशिक रूप से देश में शिक्षा के गैर-समान पैटर्न का उत्पाद हैं जिसमें विभिन्न राज्यों के लिए अलग-अलग पाठ्यक्रम और पाठ्य सामग्री निर्धारित की जाती है।

कोचिंग सेंटर आर्थिक रूप से मध्यम और निम्न-वर्गीय परिवारों के मौद्रिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा हैं, जिन्हें अपने बच्चों को पेशेवर धाराओं के लिए शिक्षित करना होता है। भारी खर्च अक्सर उन गरीब परिवारों की कमर तोड़ देता है जिन्हें इस दर की दौड़ में भाग लेना पड़ता है।

पेशेवर संस्थानों में सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती छात्र आबादी हर साल प्रतिस्पर्धा को और अधिक कठिन बना देती है। इससे युवा अभ्यर्थी शारीरिक और मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनमें से कई, दुर्भाग्य से, इस भारी तनाव से निपटने में असफल होकर, अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर देते हैं। पुणे स्थित कंसल्टेंसी फर्म इनफिनियम ग्लोबल रिसर्च के अनुसार, भारत में कोचिंग उद्योग का वर्तमान बाजार राजस्व 58,088 करोड़ रुपये है। कोचिंग उद्योग की वृद्धि 2028 तक 1,33,995 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यह एक बहुत बड़ी बर्बादी है क्योंकि यह उद्योग हमारे छात्र समुदाय और बड़े पैमाने पर समाज को कोई शुद्ध मूल्यवर्धन प्रदान नहीं कर रहा है।

जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, हमें स्थापित, औपचारिक स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों पर कोचिंग सेंटरों के प्रतिकूल प्रभाव का आकलन करना होगा। वे पीड़ित हैं क्योंकि उनके कई नियमित शिक्षक अपनी नौकरी की उपेक्षा करते हैं और अंशकालिक निजी ट्यूशन करते हैं जो छात्रों को कोचिंग सेंटर के लिए तैयार करने के लिए तैयार करते हैं।

हमारा उद्योग समाज के सभी वर्गों के लिए उत्पादक, रचनात्मक, नवीन और प्रगतिशील होना चाहिए। ऐसे उद्योग जो मौजूदा स्थापित संस्थानों के समानांतर चलते हैं और उनके लिए हानिकारक हैं, वे बड़े पैमाने पर समाज और राष्ट्र के लिए अभिशाप हैं। कोचिंग उद्योग एक ऐसा उद्योग है जिसने मौजूदा शैक्षणिक संस्थानों को अनगिनत नुकसान पहुंचाया है और अस्वास्थ्यकर, रुग्ण प्रतिस्पर्धा पैदा करके समाज पर आर्थिक बोझ डाला है जो निराश छात्रों द्वारा आत्महत्या जैसे लक्षणों में प्रकट हो रहा है। हमारी सरकार को इस कटु सत्य को समझना चाहिए और हमारे समाज के साथ खिलवाड़ करने वाले कोचिंग माफिया पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हमारे समाज ने पारंपरिक रूप से सहयोग, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का आर्थिक माहौल बनाए रखा है, लेकिन इन कोचिंग सेंटरों ने केवल एक भयंकर अस्वास्थ्यकर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है जो धीरे-धीरे और निश्चित रूप से बड़ी संख्या में इससे प्रभावित छात्रों के बीच रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना को खत्म कर रहा है। हमारे अभिजात वर्ग को सरकार पर ऐसे कानून लागू करने के लिए दबाव डालना चाहिए जो देश के सभी कोचिंग सेंटरों को ख़त्म कर दे।

कहने की जरूरत नहीं है, सरकार को बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए अच्छे मानक के अधिक पेशेवर संस्थान स्थापित करने चाहिए। स्टार्ट-अप और उद्यमिता को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने से शैक्षणिक संस्थानों में सीमित सीटों और सरकारी संगठनों में सीमित पेशेवर पदों के कारण उत्पन्न होने वाली भारी प्रतिस्पर्धा में भी कमी आएगी। कोचिंग उद्योग पूरी तरह से गैर-उत्पादक है और इसे यथाशीघ्र ख़त्म किया जाना चाहिए।

## आप की बात

### खालिस्तानियों का अड्डा

**कनाडा** की जस्टिन त्रूदो सरकार ने एक आतंकवादी की हत्या में भारत का नाम लेकर एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। पूरा विश्व जानता है कि भारत में चलने वाले खालिस्तानी आंदोलन का हेडऑफिस कनाडा बना हुआ है। एक स्थानीय खालिस्तान-समर्थक पार्टी अल्पमत वाली त्रूदो सरकार को समर्थन दे रही है। इसलिए आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए जस्टिन त्रूदो खुल कर खालिस्तानियों का पक्ष ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उनके पिता पियरे त्रूदो भी भारत-विरोधी खालिस्तानी तत्वों का समर्थन करते रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप कनिष्क विमान विस्फोट में 300 से अधिक निर्दोष मारे गए थे। स्वयं कनाडा सरकार की जांच ने ही सरकारी एजेंसियों को इसके लिए दोषी ठहराया था। इसके बावजूद वोटबैंक के लालच में जस्टिन भी अपने पिता के रास्ते पर चल रहे हैं। भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त से भारी विरोध दर्ज कराने के साथ ही एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को देश छोड़ने के आदेश दिए हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि इससे जस्टिन के होश ठिकाने हो जाएंगे क्योंकि ब्रिटेन समेत कोई पश्चिमी देश भारत के खिलाफ उनका साथ देने को तैयार नहीं है। वैसे भी मोदी सरकार हमेशा कठोर कदम उठाने के लिए तैयार रहती है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महिला आरक्षण

**एक ओर** सभी सरकारें महिला सशक्तिकरण की बात करती हैं और विपक्ष भी नारियों के उत्थान के लिए भरपूर समर्थन देता दिखता है। तब आश्चर्य की बात है कि 27 साल से आखिर क्यों दोनों सदनों में महिला आरक्षण बिल लटका रहा? इस बार नई संसद में मोदी सरकार ने बिल पेश कर दिया है। ऐसे में संसद के दोनों सदनों को सर्वसम्मति से तालियों की गडग़ड़ाहट के साथ बिल तुरंत पास करके महिलाओं के हित में नई संसद में नया इतिहास रच देना चाहिए। भले ही बिल पर दोनों सदनों में बहस हो और जरूरी हो तो कुछ संशोधन किये जाएँ, किन्तु इस बार सबकी सहमति से बिल पास करके उसे कानूनी अमली जामा पहना देना चाहिए। इससे सदन में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ेगी तथा वे राजनीति के साथ ही हर क्षेत्र में अपनी बातें और अधिक शक्ति एवं जवाबदारी से रख सकेंगी। देश की सारी जनता और खासकर महिलायें सांसदों पर नजर रख रही हैं कि वे महिला आरक्षण विधेयक पर क्या दृष्टिकोण अपनाते हैं। संकुचित मोदी-विरोध के चलते इस बार बिल का विरोध करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी और उनको इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### विश्व धरोहर स्थल

**रविवार** को सऊदी अरब में वर्ल्ड हेरिटेज कमिटी के 45 वें सत्र की बैठक में शांति निकेतन को वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल किया गया। कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की ओर से स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय के कारण पश्चिम बंगाल के बीरभूम इलाके के लोग इस घोषणा से प्रसन्न हैं। वास्तव में यह पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। इसे मिलाकर भारत में अब कुल 41 धरोहर हो गए हैं। यूनेस्को ने एक और भवन को धरोहर घोषित किया। अर्जेंटीना की आखिरी सैन्य तानाशाही के दौरान इस्तेमाल किए गए पूर्व गुप्त हिरासत केंद्र ईएसएमए को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया। कहते हैं कि सिर्फ़ 7 वर्षों में इस यातनास्थल में सैन्य तानाशाहों ने 30 हज़ार लोगों का क़त्ल किया था। अब इस वध स्थल को देखने के लिए भी दुनिया भर से पर्यटकों की भीड़ लगना शुरू हो जायेगा। विश्व धरोहर घोषित होने का आर्थिक लाभ भी है। इससे पर्यटकों की संख्या में दोगुने से ज्यादा वृद्धि हो सकती है। उम्मीद है कि शांतिनिकेतन को करीब से देखने के लिए अब देश-विदेश से और ज्यादा लोग आएंगे। इसके बेहतर संरक्षण की जरूरत है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### संघ की सलाह

**डीएमके** या कोई अन्य राजनीतिक दल जब भी धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए विष वमन करता है, तब भी आरएसएस आमतौर से प्रतिक्रिया देने से दूर रहता है। हमारे देश में धार्मिक गतिविधियां लगभग सभी धर्मानुयाइयों में हमेशा जारी रहती है। लेकिन इसकी तुलना में धर्मस्थलों पर नियमित रूप से जाने वाले की संख्या बहुत कम होती है। लेकिन राजनेता वोटबैंक के लिए धर्म संबंधी मामलों पर अनर्गल बयान देते रहते हैं। धार्मिक मामलों में उनकी जो भी विचारधारा हो उसे अपने घर-परिवार पर ही लागू करना चाहिए। पूरे देश की भावनाओं को आहत करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है। जब तक मतदाता खुद इनको आईना नहीं दिखाएंगे तब तक यह मनोवृति चलती रहेगी। भले ही आरएसएस द्वारा दी गई सनातन की व्याख्या से सभी हिंदू सहमत न हों नहीं होंगे। मगर उसकी राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना, हर मुसीबत के समय पीड़ितों की सहायता और महिलाओं को आगे लाने जैसे प्रयास सराहनीय है। संघ की सलाह से भाजपा सरकार ने अनेक प्रशंसनीय काम किए हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# कमिश्नर ने महाकुंभ की तैयारियां परखीं, दिए निर्देश

**● कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने पांटून पुलों और लोक निर्माण विभाग के कार्यों का किया निरीक्षण**

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**संगम नगरी** में आयोजित होने वाले महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत क्रियान्वित किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति एवं गुणवत्ता की जांच मंगलवार को मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने की। कमिश्नर पंत ने संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अलोपीबाग स्थित लोनिवि की पांटून वर्कशाप का निरीक्षण करते हुए वहां हो रहे कार्यों का अवलोकन किया। पान्टून बनाने की पूरी प्रक्रिया को समझते हुए उन्होंने आ रही समस्याओं को सुना तथा विभागीय अधिकारियों को सभी कार्यों को जून 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए इसके दृष्टिगत एक कार्ययोजना एवं मैटेरियल प्रक्योरमेंट प्लानिंग प्रेषित करने को कहा। साथ ही इस संबंध में मासिक प्रगति रिपोर्ट भी उपलब्ध कराते रहने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने झूंसी गारापुर मार्ग के चौड़ीकरण संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। जिसके दौरान मार्ग पर गड्ढा खुदवाकर वहां लगाये गये मैटेरियल की सैम्पलिंग करायी गयी। सैम्पलिंग कराने पर प्रयोग किये गये मैटेरियल की थिकनेस एवं अनुपात में कुछ कमी पाई गई। जिसे शीघ्र ठीक कराकर संबंधित अधिकारी को सचेत करने के निर्देश दिए गए। डम्पिंग जोन में रखे मैटेरियल की भी गुणवत्ता की जांच की गयी तथा जिस मिक्सिंग प्लांट से मैटेरियल उपयोग हेतु लाया जा रहा है। उसका कैलेबरेशन भी संबंधित अधिकारियों को कराने के निर्देश दिए गए। हेता पट्टी पर 132 केवीए ट्रांसमिशन हेतु कराये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण कमिश्नर द्वारा किया गया। जिसके तहत वहां बनायी जा रही बाउन्ड्री तथा प्रयोग में लाये जा रहे मैटेरियल का अवलोकन कर थर्ड पार्टी द्वारा सैम्पलिंग कराकर वहाँ के मैटेरियल की जांच के निर्देश दिए गए। अगरापट्टी सम्पर्क मार्ग के चौड़ीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं वहां पर भी रैण्डम सैम्पलिंग कराकर थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के बाद मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों द्वारा कियान्वित की जा रही परियोजनाओं की भी समीक्षा की गयी। जिसमें जहां भी अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हो सके हैं उनकी टेण्डर प्रक्रिया सुचिता पूर्वक शीघ्र पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए गए। शहर के विभिन्न स्थानों पर वन विभाग द्वारा किए जा रहे पौध रोपण के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी जगह मौसम के अनुरूप पौधे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भीड़ को देखते हुए एक अतिरिक्त मार्ग बनाने के सुझाव पर भी चर्चा की गयी। लोनिवि द्वारा बनायी जा रही सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मुख्य अभियन्ता से संबंधित अवर अभियन्ता सहायक अभियन्ता अथवा अधिशासी अभियन्ताओं से इन्स्पेक्शन रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।


महाकुंभ से संबंधित कार्यों का निरीक्षण करते कमिश्नर विजय विश्वास पंत।

# छात्रवृत्तिव शुल्क प्रतिपूर्ति सारिणी निर्गत

**संवाददाता।** अयोध्या

**जिलाधिकारी** नितीश कुमार के निर्देश के क्रम में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र 2023.24 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों हेतु छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु शासन द्वारा समय.सारिणी निर्गत कर दी गयी है। जिसके अनुसार जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा तैयार कराने एवं लाक कराने की कार्यवाही 21 सितम्बर 2023 से 19 दिसम्बर 2023 तक की जाएगी। शिक्षण संस्था, विश्वविद्यालय/ एफिलियेटिंक एजेंसी द्वारा पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटो की संख्या 22 सितम्बर से 22 दिसम्बर, 2023 तक प्रमाणित किया जायेगा। छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन 22 सितम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक किया जाएग। आनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नको सहित सम्बन्धित शिक्षण संस्थान में 25 सितम्बर 2023 से 08 जनवरी, 2024 तक जमा किया जाएगा। छात्र/छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी एवं संलग्न अभिलेखो से छात्र/छात्राओं के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान करने आनलाइन आवेदन को प्राप्त करने अपात्र छात्रों के आवेदन पत्रों को निरस्त करने तथा पात्र छात्रों के आवेदन को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की कार्यवाही सभी सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं द्वारा 25 सितम्बर, 2023 से 11 जनवरी, 2024 तक की जाएगी। छात्रों द्वारा किए गए आनलाइन आवेदन में हुई त्रुटियों को छात्रों के लॉगिन पर प्रदर्शित किए जाने एवं उन त्रुटियों को ठीक/सही करने की कार्यवाही 31 जनवरी, 2024 से 09 फरवरी 2024 तक की जाएगी। त्रुटियों को ठीक करने के पश्चात छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी संलग्नकों सहित शिक्षण संस्थान में जमा किए जाने एवं संबंधित शिक्षण संस्थानों द्वारा आनलाइन आवेदनों को सत्यापनोपरान्त निरस्त एवं अग्रसारित करने की कार्यवाही 12 फरवरी, 2024 तक की जाएगी। सभी सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं एवं छात्र/छात्राओं को



# जीएम एनसीआर ने स्टेशन डेवलपमेंट मॉनिटरिंग पोर्टल का किया शुभारम्भ

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने मंगलवार को स्टेशन डेवलपमेंट मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ किया। इसका शुभारंभ जीएम की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक संरक्षा एवं समयपालनता समीक्षा बैठक के दौरान किया गया। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि यह एप्लिकेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन विकास कार्यों की निगरानी के लिए विकसित किया गया है। पोर्टल पर अमृत भारत योजना के तहत 46 स्टेशनों के पुनर्विकास की प्रगति तस्वीरें और पीपीटी उपलब्ध होंगी। कहा कि पोर्टल में उपयोगकर्ता कार्यों के लिए पीपीटी अपलोड कर सकता है और छवियों के साथ प्रगति को अपडेट कर सकता है। इसको सभी विभागों द्वारा देखा जा सकता है। इस पोर्टल के द्वारा प्रगति की ऑनलाइन निगरानी की जा सकती है। यह पोर्टल उत्तर मध्य रेलवे के आईटी सेल द्वारा आंतरिक रूप से विकसित किया गया है। बताया कि पिछले कुछ समय में परियोजनाओं की मानिटरिंग के लिये उत्तर मध्य रेलवे के सूचना तकनीक विभाग द्वारा 11 एप्प विकसित किए गए हैं। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने उप महाप्रबंधक अंकुर चंद्रा के नेतृत्व में कार्य कर रही सूचना तकनीक विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आईटी सेल द्वारा द्वारा विकसित इन पोर्टल्स की मदद से ही संरक्षा एवं विकास कार्यों की वास्तविक समय में निगरानी संभव हो सकी है। बैठक के दौरान आधारभूत संरचना के सुदृढीकरण के कार्यों के साथ विभिन्न संरक्षा और समयपालन मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यालय में सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों और ने भाग लिया। जबकि मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशु बडोनी मंडल रेल प्रबंधक झांसी और अपर मंडल रेल प्रबंधक आगरा के साथ मंडल के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

# डबल मर्डर होने से क्षेत्र में सनसनी

**किछौछा अंबेडकरनगर।** हंसवर थानाक्षेत्र अंतर्गत झाझवा में डबल मर्डर होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाते हुए दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रेम प्रसंग में हुए दोहरे हत्याकांड की घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय रायए पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा आईजी अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हंसवर थानाक्षेत्र अंतर्गत नोनारा निवासी 25 वर्षीय युवक आसिम पुत्र समसुलहक का झाझवा निवासी मोहम्मद हेलाल की पुत्री से प्रसंग चल रहा था द्य लगभग 1 वर्ष पूर्व आसिम उस लड़की को लेकर फरार हो गया था वापस आने के बाद दोनों की शादी तय कर दी गयी। परंतु किसी कारणवश दोनों की शादी नहीं हो सकी लेकिन प्रेमी और प्रेमिका के मिलने का सिलसिला जारी रहा। इसी बीच मंगलवार रात लगभग 1.30 बजे प्रेमी आसिम अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर जा पहुंचा। जहां प्रेमिका के बाबा मोहम्मद जहीर पुत्र गुलाम जाग गये तथा शोर मचाने लगे जिससे नाराज आशिक ने चाकुओं से गोदकर 70 वर्षीय जहीर अहमद की हत्या कर दियाद्य इस बीच शोर सुनकर परिजन एकत्रित हो गये खून से लटपट पिता को देखकर परिजनों ने लाठी डंडों से पीट पीटकर प्रेमी आसिम को मार डाला। मारपीट के दौरान तीन लोग मोहम्मद हेलाल पुत्र जहीरएतहजीब पत्नी हेलालएआयशा पुत्री हेलाल गंभीर रूप से घायल हो गये द्य परिजनो ने देर रात घटना की सूचना डायल 112 को दिया गया। मौके पर पहुंची डायल 112 ने हंसवर पुलिस को घटना के संबंध में सूचित किया। मौके पर पहुंचे निरीक्षक अरुन कुमार सरोज ने घटना के संबंध में अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया साथ ही घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरो ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल पर कर दिया गया। जिला अस्पताल से दो लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गयाद्य पुलिस ने आसिम व जहीर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हत्या की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर आवश्यक जांच पड़ताल कियाद्य मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पारिजनों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। अंबेडकरनगर में हुए दोहरे हत्याकांड की जानकारी मिलते ही अयोध्या परिक्षेत्र आईजी प्रवीण कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक को घटना का जल्द से जल्द खुलासा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दिशा निर्देश दिया।



# स्कूली छात्रा से छेड़खानी आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्रीमती दीपांशी राठौर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 952/2023 धारा 354 / 504/506 भादि व 7/8 पाक्सो एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त साहिल पुत्र सिराजुद्दीन निवासी बंजरिया पूर्वी थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा वादिनी की नाबालिक पुत्री के साथ छेड़छाड़ की घटना कारित करते हुए जानमाल आदि की धमकी दी गई थी। वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर बुधवार को अभियोग पंजीकृत कराया गया था, महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

## क्विक न्यूज

### अपर आयुक्त प्रशासन ने ईवीएम/वीवी पैट मशीनों का लिया जायजा

**श्रावस्ती।** भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन.2024 के दृष्टिगत ईवी एम एवं वीवी पैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग ;एफ0एल0सी0द्ध का कार्य भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा नियुक्त 06 इंजीनियर तकनीकी कार्मिकों द्वारा 11 सितम्बर 2023 से किया जा रहा है। बीईएल के इंजीनियरों द्वारा की जा रही ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग की गुणवत्ता की जांच हेतु देवीपाटन मण्डल गोण्डा के अपर आयुक्त प्रशासन राम प्रकाश द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम तथा वीवीपैट मशीनों की चल रही प्रथम स्तरीय जाँच (एफएलसी) का निरीक्षण कर जायजा लिया। अपर आयुक्त प्रशासन ने एफएलसी हॉल के प्रवेश द्वार पर विजिट पटल पर विजिट रजिस्टर का अवलोकन किया तथा एफएलसी हॉल में प्रवेश कर आन्तरिक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होने एफएलसी कार्य में लगे अधिकारियों/इंजीनियरों से ईवीएम के सम्बन्ध में जानकारी भी लिया तथा भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप ईवीएम/वीवीपैट मशीनों के एफएलसी कार्य को सम्पन्न कराने हेतु निर्देश भी दिया।



### नई श्रृंखलाकी लांचिंग

लखनऊ। ग्रीव्स रिटेल ने पॉवर राजा बाय ग्रीव्सश् ब्रांड के तहत ई.रिक्शा बैटरीज़ की अपनी सम्पूर्ण श्रृंखला लॉन्च करने की घोषणा की है। पॉवर राजा तेजी से बढ़ती ई.रिक्शा इंडस्ट्री पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नरसिम्हा जयकुमार सीईओ ने कहा, वाहन डैशबोर्ड के आँकड़ें यह स्पष्ट करते हैं कि थ्री.व्हीलर श्रेणी देश में ईवी को अपनाने वाली शुरुआती श्रेणियों में से एक है, जिसने वित्त वर्ष 23 में 53ः की ईवी पहुँच दर्ज की। इनकी कीमत प्रतिस्पर्धी होती हैए जो वाहन मालिक को पैसे के बदले मूल्य प्रदान करती है।

### 2 अक्टूबर तक चलेगा आयुष्मान पखवाड़ा

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से आच्छादित पात्र परिवारों को योजना का लाभ देने एवं परिवार के प्रत्येक सदस्य को आयुष्मान कार्ड ;गोल्डेन कार्डद्ध से आच्छादित करने हेतु जनपद में 17 सितम्बर 2023 से आयुष्मान पखवाड़ा का शुभारम्भ किया है जो 02 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। इस अभियान के दौरान विशेष रूप से ऐसे सभी आच्छादित पात्र लाभार्थियों को लक्षित कर उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसके तहत अन्त्योदय कार्ड धारक परिवारों के सदस्य और पात्र गृहस्थी के कार्ड धारक हैए उन्हें आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जाना है। अभियान को सफल बनाने हेतु जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षकों को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ आशाओं के माध्यम से अन्त्योदय कार्डधारक लाभार्थियों को पंचायत भवन स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर अभिलेखों (आधारकार्ड राशन कार्ड एवं मोबाईल नम्बर) के साथ पहुंचने की सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामवारध्वार्डवार डाटा के आधार पर कार्य योजना तैयार किया जाये। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कर्मचारियों को चिन्हित कर लिया जायें। प्रत्येक कैम्प में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आरोग्य मित्रध्पंचायत सहायक/सीएचओ/संगिनी आदि की उपलब्धता के आधार पर व्यवस्था की जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि ब्लॉकध्पंचायतध्वार्ड स्तर पर बैठकें आयोजित करते हुये अभियान से जुड़े सभी फील्ड कार्यकर्ताओं को आयुष्मान कार्ड कैम्प की तिथि व स्थान से अवगत कराया जाये तथा इस बिन्दु पर बल दिया जाये कि चिन्हित लाभार्थी परिवार के अधिक से अधिक सदस्यों का आयुष्मान कार्ड अभियान के दौरान बनवा लिया जाये। इन बैठकों में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में अवश्य उल्लेख किया जाये जिससे लाभार्थी परिवार आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित हो सके।

### एनडीआरएफटीम व प्रशासन ने मिलकर किया मॉकड्रील

**संतकबीरनगर।** जनपद के संयुक्त जिला चिकित्सालय में एनडीआरएफकी टीम व स्थानीय जिला प्रशासन के साथ मिलकर मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। 11वीं बटालियन एनडीआरफके उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एनडीआरएफ (आरआरसी) गोरखपुर के उपकमांडेंट संतोष कुमार के नेतृत्व में भूकम्प से होने वाली जनधन की क्षति को न्यूनीकृत किये जाने हेतु मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल में उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, मुख्य चिकित्साधिकारी अनिरुद्ध सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ0 महेंद्र प्रसाद, आपदा विशेषज्ञ कृष्ण गुप्ता की उपस्थिति में संयुक्त जिला चिकित्सालय के परिसर में सम्पन्न हुआ।

# रोजमर्रा की जिंदगी में हिंदी का ही हो प्रयोगः कुदेशिया

**प्रयागराज।** हिंदी दिवस का समापन समारोह इफ्को फूलपुर इकाई के सामुदायिक केन्द्र में बुधवार को हुआ। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमु संजय कुदेशिया ने कहा कि हमको अपने रोजमर्रा की जिंदगी में हिंदी का ही प्रयोग करना चाहिए। क्योंकि हम दूसरे क्षेत्रों में जाते हैं तो लोग अपनी मातृभाषा का ही उपयोग एवं गर्व महसूस करते है। अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक है लेकिन हमारा मान हिंदी से ही बढ़ता है। संचालन रेखा मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी ने दिया। इस दौरान विनीता कुदेशिया संयुक्त महाप्रबंधक संजय वैश्य एम डी मिश्र विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर इफ्को कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय और महामंत्री विनय यादव तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी महिलाएं एवं बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान हिंदी सप्ताह के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिन लोगों को सम्मानित किया गया।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक सराहनीय

**अंबेडकर नगर।** देश की नए संसद में भाजपा द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन विधेयक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन विधेयक भाजपा की महिलाओं के राजनीतिक भागीदारी और सशक्तिकरण के संकल्प को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा, जिसके लिए भाजपा सदैव प्रतिबद्ध थी।कहा कि इस विधेयक से महिलाओं को हर क्षेत्र में अपनी उपयोगिता और कार्यक्षमता साबित करने का विशेष अवसर प्राप्त होगा। कहा कि भाजपा ने सदैव देश की मातृ शक्ति को सशक्त बनाने और सम्मन देने का प्रयास किया है जिसे महिला सम्मान के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने पूरा कर दिया।उन्होंने कहा कि यह देश की नए संसद के लिए शुभ संकेत है कि उसके कार्य दिवस के पहले ही दिन देश की आधी आबादी को सम्मान देने वाला विधेयक भाजपा द्वारा लाया गया।उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक विधेयक उनके स्वर्णिम कार्यकाल की विशेष उपलब्धि के लिए जाना जाएगा।

### श्वेत क्रांति के लिए करार

बरेली। बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी बीएल कामधेनु फार्म्स लिमिटेड की टीम ने आज बरेली में जिला प्रशासनिक कार्यालय को एक महत्वाकांक्षी प्रस्ताव प्रस्तुत किया। श्रीमती सौम्या अग्रवाल ;बरेली कमिश्नरद्ध की अध्यक्षता में इस प्रस्ताव के अंतर्गत क्षेत्र के भीतर दुधारू पशुओंए भ्रूण स्थानांतरण तकनीक और मवेशी आईवीएफतकनीक के लिए एक अत्याधुनिक नस्ल सुधार केंद्र स्थापित करने की योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी।बीएल कामधेनु फार्म्स की प्रस्तुति ने डेयरी उत्पादों और पशुधन की उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक समाधानों के साथ डेयरी किसानों और पशुपालकों को सशक्त बनाने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।बी एल कामधेनु भारत में पशु प्रजनन और डेयरी फार्मिंग में क्रांति लाने के एक दूरदर्शी मिशन पर है। इस परियोजना के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उच्च आनुवंशिक योग्यता वाली गिर नस्ल की गायों के प्रबंधन की क्षमता के साथ एक ष्प्रजनन केंद की स्थापना तक फैली हुई है। कंपनी का दृष्टिकोण सामुदायिक भागीदारी पर जोर देता हैए जिसका लक्ष्य किसानों की आय और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

# अयोध्या दीपोत्सव 2023 में 21 लाख दीयों के प्रज्जवलित किए जाने का बनेगा नया कीर्तिमान

**अयोध्या।** आगामी प्रान्तीयकृत दीपोत्सव मेला 2023 को भव्य एवं दिव्य रूप से सकुशल आयोजित किये जाने हेतु जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव की अध्यक्षता में निदेशक पर्यटन/नोडल अधिकारी दीपोत्सव 2023 प्रखर मिश्रा व अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल की उपस्थिति में जिलाधिकारी के आवासीय सभागार में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ने दीपोत्सव 2023 का तिथिवार विवरण की जानकारी देते हुए कहा कि 9 नवम्बर 2023 को गोवस्त द्वादशी, 10 नवम्बर को धन त्रयोदशीए 11 नवम्बर को नरक चतुर्दशी/छोटी दीपावली (दीपोत्सव) तथा 12 अक्टूबर को दीपोत्सव का पर्व है। उन्होंने बताया कि इस दीपोत्सव पर 21 लाख दीयों को प्रज्वलित कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैए जिसकी प्राप्ति हेतु 25 हजार वालंटियर लगाये जायेंगे। बैठक में दीपोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से सम्बंधित विभागों यथा.संस्कृति, सूचना, पर्यटन, नगर निगम, परिवहन, उद्यान, विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा आदि के अधिकारियों द्वारा एक.एक करके अपने.अपने विभाग से सम्बंधित कार्यो एवं दायित्वों से सम्बंधित तैयारियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आपेक्षित कार्यो को एक सप्ताह के भीतर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए दीपोत्सव की तैयारियों करने के निर्देश दिये। बैठक में दीपोत्सव 2023 के अवसर पर पूर्व की भांति अयोध्या के प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं अन्य मुख्य स्थलों पर दीप प्रज्जवलन किये जाने के सम्बंध में व आगामी चौदह कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा एवं कार्तिक पूर्णिमा मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में चर्चा की गयी।



# किसानों की समस्याओं का करें निराकरण

**संतकबीरनगर।** सीडीओ संत कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में जिला उद्यान अधिकारी के द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं को विस्तार से बताते हुए किसान भाइयों संबोधित किया गया कि उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ लेने हेतु उद्यान विभाग की पोर्टल पर पंजीकरण कर लें ताकि आगामी माह से प्राप्त होने लाभ को आप ले सके। पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं में फैली लंपी स्किन डिजीज की जानकारी देते हुए बचाव के उपाय बताए गए। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषि यंत्रों की बुकिंग, सोलर पंप की बुकिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए अनुरोध किया गया किसान भाई अपना पंजीकरण कर लें।


योजना की निर्धारित मानकों के अनुसार समस्त किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। किसानों ने बताया कि बैंकों के द्वारा लोन देने पर भूमि को बंधक रखी जा रही है, जबकि भूमि बंधक रखे जाने का कोई प्रावधान नहीं है, इसी प्रकार नहर से जो खेत डूब जा रहे हैं अथवा फसल की क्षति हो जा रही है, उसके संबंध में मुआवजे का प्रावधान किया जाए। विद्युत विभाग किसानों के प्रक्षेत्र पर फसल की सिंचाई हेतु नि:शुल्क विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्रवाई करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के समस्याओं का उचित ढंग से समाधान किया जाए और उनकी समस्या का समाधान कर संबंधित किसानों को अवश्य बताएं। आगामी किसान दिवस की बैठक से पर्याप्त समय पूर्व समस्त समस्या का समाधान कर ले। जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि किसानों को धान क्रय केंद्र की पूर्ण सूचना किसान को उपलब्ध करा दें।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, कृषि रक्षा अधिकारी शशांक, जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी पीके यादव, अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक पवन कुमार सिन्हा, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, अन्य अधिकारी एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।




# महिलाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा माधवपुर मसौधा में बांस की उपयोगिता एवं उद्यमिता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला उद्यमी पूर्णिमा साहू ने ग्रामीण महिलाओं को बांस को काटने की विधिए बांस को चिकना करने की विधि तथा उसको जोड़ने की विधि से प्रशिक्षित किया। बनाए गए सामान का मूल्य कैसे निर्धारित करनाए मूल्य का निर्धारणए सामान की मात्रा के टिप्स दिए। कार्यक्रम में पूर्णिमा ने बताया कि रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए संसाधनों की कमी नहीं है। अपने आस पास की अलग.अलग की चीजों से भी कुछ ऐसी उपयोगी वस्तु बना सकते हैं। ऐसा होने से रोजगार बढ़ाने के साथ.साथ अपनी आय को भी बढ़ा सकते हैं। प्रकृति ने हमें बहुत से ऐसे संसाधन दिए है जैसे बांसए मिट्टीए फूल जिसे आप इन सबसे बहुत सुंदर से सुंदर एवं बहुउपयोगी चीजों को तैयार कर सकते है। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बांस का उपयोग कर हम बहुत सी ऐसी चीज बना सकते हैं जैसे बास की बनी बोतल में पानी ठंडा रहता है। मोबाइल स्टैंड, मोबाइल चार्जिंग स्टैंड, फ्लावर पॉट, टेबल लैंप, लेटर बॉक्स इत्यादि चीजों को निर्माण कर सकते है। बांस आसानी से बहुतायत मात्रा में मिल सकता है और इसको बनाने की लागत काफी कम होती है।



### धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए नई तकनीक

लखनऊ। कॉलर ने आज कॉर्पोरेट रीब्रांडिंग और एक नए ऐप आइकन के लॉन्च की घोषणा कीए जिसे गूगल प्ले स्टोर तथा एप्पल ऐप स्टोर पर तुरंत पहचाना जा सकेगा। ब्रांड की नई पहचान को एकदम सही समय पर पेश किया जा रहा हैए जो डिजिटल क्षेत्र में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों के अनुरूप है। ट्रूकॉलर के उद्देश्यए ऊर्जा और उत्साह की नई भावना ही इस रीब्रांडिंग की बुनियाद हैइस घोषणा के बारे में बताते हुए एलन ममेदीए सह.संस्थापक एवं सीईओए ट्रूकॉलरए ने कहाए शहमें अपने ब्रांड की नई पहचान और लोगो को लॉन्च करने पर बेहद खुशी हो रही है। यह दर्शाता है कि हम अपने यूजर्स से किए गए वादे को पूरी तरह निभा रहे हैं साथ ही हर दिन लगातार विकसित और बेहतर होने पर ध्यान दे रहे है।

# राजस्थान और पश्चिम उप्र की उच्च नस्ल की सिरोही तथा बरबरी प्रजाति की बकरियां अब जनपद मेंः डीएम

**अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री के मनसारूप स्वयं सहायता समूह की दीदियों को लखपति एवं बनाकर प्रदेश की वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए जिला प्रशासन के पहल पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तथा राजस्थान के उच्च प्रजाति की बकरियां की आज अंबेडकर नगर के हवाई पट्टी पर 1111 बकरियों की बिक्री करने के लिए बृहद स्तर पर बकरी मेले का आयोजन किया गया इस अनूठी पहल को जनपद के सीडीओ ग्राम्य विकास विभाग के ग्राम्य आयुक्त तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन डायरेक्टर इंदुमती से कल लखनऊ में भी इस प्रोजेक्ट के बारे में अवगत कराए तो शासन की तरफ से आश्वासन दिया गया कि इस अनूठी पहल की हर स्तर पर सासन मदद करेगा। अंबेडकर नगर में सफलता पर एक स्टैंडर्ड पॉलिसी बनाकर प्रदेश के अन्य जनपदों में भी बकरी पालन का कार्य करवाया जाएगा। यह बकरियां जनपद के तीन आकांक्षात्मक विकासखंड टांडा भिवाव और विकासखंड बसखारी के इच्छुक लाभार्थियों के बीच में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ब्लॉक मिशन प्रबंधक समूह के मध्य गांव गांव जाकर उन्हें बकरी पालन से लाभ और जिला प्रशासन की तरफ से जो बकरी मेले और उसके पालने के क्या लाभ है। समय.समय पर उनका टीकाकरण इनके दूध के विक्रय के लिए डेरी की उपलब्धता तथा बकरियांयो का इंश्योरेंस और उनका ईयर टैगिंग कराकर उन्हें सुरक्षात्मक कवच उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि भविष्य में आदि बकरियों के साथ कोई कैजुअल्टी हो जाती है तो लाभार्थी का आर्थिक नुकसान ना हो बदले में उन्हें विमित धनराशि प्राप्त होगी जिससे वह पुनः बकरी खरीद सकती है और यदि एक सप्ताह के भीतर बकरी मर जाती है तो उसके स्थान पर दूसरी बकरी दी जाएगी। जिला प्रशासन और विकासखंड के सभी अधिकारी कर्मचारी गण हर स्तर पर समूह को सहयोग प्रदान कर रहे हैं ताकि यह बकरी पालन का कार्य समूह के लिए लाभप्रद हो और वह प्रदेश की अर्थव्यवस्था में माहिती भूमिका निभा पाए। उद्घाटन जनपद के यशस्वी लोकप्रिय एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा जिला अधिकारी, सीडीओ, भूपेन्द्र कुमार सिंह उपायुक्त (स्वत: रोजगार) अपर जिला अधिकारी, अपर निदेशक पशुपालन अयोध्या, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# पितृ पक्ष में एक सप्ताह शेष

**संवाददाता। सीतापुर**

- पूर्वजों की मुक्ति के लिए होता है काशी कुंड तीर्थ पर पिंडदान
- तीर्थ के जल में जमी काई की मोटी परत
- तीर्थ परिसर में उगी हैं झाड़ियां, सब तरफगंदगी
- तीर्थ का आचमन लायक भी नहीं है जल

**पितृ पक्ष** प्रारम्भ होने में एक सप्ताह का समय शेष बचा है और नैमिषारण्य के काशी कुण्ड तीर्थ पर अव्यवस्थाओं की भरमार है। दरअसल विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी नैमिषारण्य का काशीकुण्ड तीर्थ वह स्थान है, जहां पिण्डदान करने के बाद ही पितरों को तृप्ति व मोक्ष मिलता है। इस बार पितृपक्ष 29 सितम्बर से प्रारम्भ हो रहे है, एक सप्ताह बाद यहां देश के कोने कोने से ही नहीं बल्कि पड़ोसी देश नेपाल, श्रीलंका से भी भारी संख्या में परिजन अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए श्राद्ध तर्पण और पिण्डदान करने के लिए पहुंचेंगे। लेकिन काशी कुण्ड तीर्थ के जल में अभी तक काई की मोटी परत जमी हुई है। ऐसे में पिण्डदान करने वाले तीर्थ में डुबकी कैसे लगाएगे। क्योंकि पिण्डदान व अन्य कर्म काण्डों को करने से पहले तीर्थ में स्नान करना जरूरी होता है। यदि तीर्थ का जल स्वच्छ न कराया गया तो कार्म काण्ड करने वालों को बाहर के जल से स्नान करना होगा। इस तीर्थ पर वैसे तो वर्ष भर पिण्डदान का कार्य होता रहता है। लेकिन पित्र पक्ष के दिनों में पिण्डदान करने वालों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। तीर्थ का जल ही नहीं खराब है आस पास साफ सफाई के अभाव में झाड़ी घास फूस और गन्दगी का साम्राज्य फैला हुआ है। ऐसे में श्रद्धालुओं को यहां तीर्थ में गन्दा जल, परिसर के आसपास गंदगी, पेयजल जैसी समस्याओं से जूझना पड सकता है। तीर्थ में जल व्यवस्था के लिए लगा समरसेबुल भी खराब पड़ा है।आइए अब एक नजर डाल लेते हैं कासी कुंड तीर्थ के महत्व पर। बताते चलें कि जो व्यक्ति घर पर धन के अभाव में अपने परिवारीजन का विधि पूर्वक दाह संस्कार नही कर पाता है, वह यहां आकर विधि विधान से जौ के आटे से बने पुतले के माध्यम से कर्मकांड करते हैं जिससे मृतक की आत्मा को मुक्ति मिलती है। यहां पर प्राणी की तृप्ति के लिए गात्र, खोडशी श्राद्ध, नारायनबली, सहपिंडी, दसवाँ, आदि कार्य कराए जाते हैं। मान्यता है कि पूर्वजों की आत्मा के मोक्ष, तृप्ति के लिए तीन जगहों पर गया कर्म किया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार गया नामक असुर का जब वध किया गया तो उसके शरीर के तीन भाग हुए। ऊपर का भाग अर्थात मुख बद्रीनाथ में, नीचे का भाग चरण गया बिहार में और मध्य भाग उदर नैमिषारण्य में गिरा। इसी लिए कपाल गया बद्रीनाथ में, चरण गया गया में और नाभि गया नैमिषारण्य में की जाती है। मान्यता हैं कि नाभि गया में पिंडदान करने के बाद ही मृतक की आत्मा को तृप्ति मिलती है। यही नहीं काशी कुण्ड तीर्थ की और कई पौराणिक मान्यताएं है। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी नैमिषारण्य के विकास के लिए आजादी के बाद से अब तक एक नहीं कई सरकारों ने अलग-अलग घोषणाएं की हैं । योगी सरकार ने सूबे में सत्ता संभालने के बाद नैमिष का विकास अयोध्या, काशी, मथुरा की तर्ज पर कराए जाने की बात कई मौकों पर कहीं है। दिसंबर 2017 में नैमिषेय शंखनाद के समापन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नैमिषारण्य का विकास कराने के लिए एक अरब के पैकेज की घोषणा की थी इनमें से करीब 90 लाख से अधिक रुपये काशी कुंड तीर्थ को सवारने पर खर्च किए जाने थे। लेकिन फ़िलहाल अभी तक काशी कुंड तीर्थ पर अव्यवस्थाओं की ही भरमार है। इतना ही नही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नैमिषारण्य के सम्पूर्ण विकास के लिए श्री नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन किया है। यहां संक्षेप में यह भी बता दे कि नैमिषारण्य को अष्टम वैकुण्ठ कहा जाता है। नैमिष क्षेत्र में प्रतिवर्ष फाल्गुन माह में पन्द्रह दिन की चौरासीय कोसीय परिक्रमा होती हैं जिसमें देश विदेश के लाखों श्रद्धालु संत महात्माओं के सानिध्य में परिक्रमा करते हैं। चौरासी कोश की परिधि में 33 करोड़ देवताओं व तीर्थों का वाश होना बताया जाता हैं। प्रतिमाह अमावस्या में भी लाखों श्रद्धालु स्नान पूजन के लिए नैमिषारण्य पहुंचते है। नैमिष में ही विश्व की सबसे बडी संसद लगी थी। वनवास के समय पाण्डव भी यहां ठहरे थे। श्रीराम के जन्म की कारण भूमि भी नैमिषारण्य मानी गई है। क्योंकि मनु शतरूपा ने नेमिष में ही तप करके भगवान से पुत्र रूप में जन्म लेने का वरदान प्राप्त किया था। इसके अलावा और भी कई मान्यताओं को नैमिषारण्य अपने में समेटें हुए है।

# विधानसभा की प्राकलन समिति ने किया सीतापुर का दौरा

**संवाददाता। सीतापुर**

**यूपी** विधानसभा की प्राकलन समिति ने बुधवार को जनपद सीतापुर का दौरा किया। समिति के चेयरमैन और मोहम्दी से भाजपा विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने नैमिषारण्य में देव देवेश्वर धाम स्थित शिव मंदिर में पूजन किया। इसके बाद वृक्षारोपण किया। इस दौरान चेयरमैन ने प्यारे लाल पब्लिक स्कूल पहुंचकर बालकों से बात की। मिश्रिख के तहसील सभागार में बैठक के दौरान समिति चेयरमैन ने एडीएम रामभरत तिवारी से आपदा की घटनाओं में लाभ के प्रावधानों पर जानकारी ली। बैठक के दौरान डीपीआरओ मनोज कुमार ने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की जानकारी दी।

चेयरमैन ने सीएमओ डा. हरपाल सिंह को लंबित कार्य समय से पूरा करने के लिए निर्देशित किया और अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड जारी करने के लिए कहा। बैठक में समिति ने पर्यटन विभाग द्वारा नैमिषारण्य में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया और चक्रतीर्थ के कार्य में सुस्ती पर नाराजगी जताई। इस दौरान विद्युत विभाग, डूडा, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना और सौभाग्य योजना की समीक्षा की गई। इस समिति के सदस्य रुप में विधायक मनीषा अनुरागी, विधायक विकास गुप्ता, विधायक विनोद चतुर्वेदी, विधायक अभय सिंह, विधायक चंदन चौहान, विधायक गौरव कुमार, विधायक शंशाक वर्मा, विधायक सचिन यादव, महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी और जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, सीडीओ अक्षत वर्मा, डीएफ्ओ बृजमोहन शुक्ला, एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह सहित संबन्धित एसडीएम व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद समिति द्वारा मिश्रिख सीएचसी का भी निरीक्षण किया गया।

## नगर आयुक्त ने कार्यों का निरीक्षण किया

**शाहजहाँपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने आज डूडा द्वारा टाउन हॉल स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह के जीर्णोद्धार हेतु किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया ।

निरीक्षण के समय डूडा द्वारा गांधी भवन प्रेक्षागृह हेतु स्वीकृत आगड़न के अनुसार अब तक किये गए कार्यों की मुख्य अभियंता नगर निगम शाहजहांपुर की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर जांच की जाए। निरीक्षण के समय गांधी भवन के जीर्णोद्धार हेतु किये जा रहे कार्यों की स्थिति का अवलोकन भी किया गया। सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि अवशेष कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण कराया जाए।

# जिला उद्योग व्यापार मंडल ने किया सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता। सीतापुर**

**सीतापुर** जिला उद्योग व्यापार मंडल द्वारा पुलिस और व्यापारी सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रांतीय महासचिव शोभित टंडन के दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष भगौती गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला संगठन की पूरी टीम को बधाई दी। सीतापुर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनीन्द्र अवस्थी ने शहर को साफसुथरा और सुंदर बनाने में व्यापारियों से सहयोग का आवाहन किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष बृजेश रस्तोगी, राम लखन कश्यप, हर्षल जायसवाल ,प्रीति जिंदल, कमलेश बिहार, सोनू गुप्ता, राजीव वाधवानी, मेवालाल गुप्ता, विनय गुप्ता, गणेश अग्रवाल, जगदंबा रस्तोगी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, प्रेम शंकर गुप्ता, मुन्ना गुप्ता , ,कंचन गुप्ता ,मीना गुप्ता ,रेनू मल्होत्रा ,मंजरी राही ममता डोडेजा और मिथिलेश वैश्य सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व समाज सेवी मौजूद रहे। उद्योग व्यापार मडंल की सीतापुर जिला इकाई द्वारा शहर कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी, यातायात निरीक्षक फरीद अहमद, सदना के उप निरीक्षक दुधई प्रसाद, मिश्रिख के उप निरीक्षक रत्नेश कुमार त्रिपाठी, कोतवाली नगर के कांस्टेबल मोनू कुमार, रामकोट के हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार रावत, थाना महोली के आरक्षी जितेंद्र कुमार, पिसावां के आरक्षी अश्वनी ढाका, बिसवां के कांस्टेबल पंकज, नैमिष के कांस्टेबल मोहित कुमार, लहरपुर के हेड कांस्टेबल जय प्रकाश बाजपेयी, थानगांव के आरक्षी नरेंद्र तोमर और हरगांव के हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, आदि को सम्मानित किया गया। वहीं संगठन द्वारा राजेश नारायण सहगल, प्रेमू बाजपेयी, मुदित खन्ना, डॉ. वनीता, मीना गुप्ता, अनिल मलहोत्रा, ममता डोडेजा, मोहित टंडन, इकबाल अहमद, तुशार रस्तोगी, विनय गुप्ता, परमेंद्र मिश्रा, मिंटू अग्रवाल, खेरातीलाल, अनुराग वर्मा, नीरज रस्तोगी,. रत्नेश त्रिपाठी, उमर टंडन, मिथलेश गुप्ता, मोहित टंडन, अंकुर गोयनका और इंदू रानी गुप्ता सहित 30 व्यापारियो को सम्मानित किया गया।

# पुरस्कार वितरण के साथ हिंदी सप्ताह समारोह का समापन

**संवाददाता। शाहजहांपुर**



**जी एफ** कॉलेज में आज विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ 'हिंदी सप्ताह समारोह' का समापन हो गया। दिनांक 14 से 20 सितंबर तक हिंदी विभाग द्वारा आयोजित हिंदी सप्ताह के अंतर्गत भाषण, निबंध, सुलेख, शुद्ध वर्तनी, सरकारी पत्र लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

पत्र लेखन प्रतियोगिता में हर्ष पांडेय को प्रथम तथा हिमांशु शुक्ला को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सुलेख प्रतियोगिता में हिमांशु शुक्ला को प्रथम, अरीबा नईम को द्वितीय तथा शिवानी राठौर को तृतीय स्थान और रामकृपाल सिंह तथा ज्ञानेश यादव को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। शुद्ध वर्तनी लेखन में हिमांशु शुक्ला एवं सारिका मौर्य को प्रथम पुरस्कार, शिवानी राठौर को द्वितीय पुरस्कार तथा नीलेश चौबे और सृष्टि आर शर्मा को तृतीय पुरस्कार हासिल हुआ। स्लोगन प्रतियोगिता में शैलजा देवी को प्रथम, हिमांशु शुक्ला को द्वितीय तथा संजना सिंह को तृतीय स्थान और अनामिका तिवारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। निंबध लंखन प्रतियोगिता में सानिया फातिमा को प्रथम, फौजिया को द्वितीय और मन्तशा को तृतीय स्थान और अरशद अली एवं सानिया को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

## ट्रक चालक के घर से नगदी व जेवर चोरी

**बरेली।** रात के समय दीवार फादकर ट्रक चालक के घर में घुसे चोरों ने सोने चांदी के जेवर और हजारों की नकदी चोरी कर लिए सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस में घटनास्थल का निरीक्षण किया और कार्रवाई शुरू कर दी ।सीबी गंज थाना क्षेत्र के गांव बंडिया निवासी ट्रक चालक एजाज पुत्र नन्हे के घर में बीती रात दीवार फांद कर घुसे चोरों ने 50000 रुपए नगद दो तोले सोने के जेवर और चांदी की पायल पर हाथ साफ कर दिया ट्रक चालक के घर वालों ने बताया कि एजाज की पत्नी सकीना जरी का काम करती है और बीती रात वह 11 बजे तक काम करने के बाद अपने दो बच्चों के साथ कमरे में सो गई एजाज इन दिनों अपने ट्रक में माल लादकर मुंबई गया हुआ है रात में घर में घुसे चोरों ने लाखों के जीवन नकदी पर हाथ साफ कर लिया।

# जिला जज व डीएम ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**संवाददाता। लखीमपुर खीरी**



**कारागार** प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए बुधवार को जिला जज लक्ष्मी कांत शुक्ला व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

इस दौरान अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीके सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौजूद रहे।

जिला जज, डीएम-एसपी ने बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए।

इस दौरान ज़िला जज ने जेल बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, प्रभारी जेलर हरिवंश पांडेय, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, अजय कुमार सिंह चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत मौजूद रहे।

## पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी को पीटा

**बरेली।** प्रियंका के साथ पति को आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद जब पत्नी ने विरोध किया तो पति और प्रेमिका ने उसके साथ जमकर मारपीट की जिससे वह चोटिल हो गई पत्नी ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मढीनाथ के मौर्य छात्रावास के पास रहने वाली पूनम में अपने पति सूरज और उसकी प्रेमिका के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि उसके पति के एक महिला से अवैध संबंध है जिसके चलते उसने 6 सितंबर को पति को उस महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया विरोध करने पर पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की जिससे वह चोटिल हो गई पूनम ने पति और प्रियंका के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की।

## आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा

कानपुर। न्यू इंडिया फाउंडेशन ने 2024 में प्रदान की जाने वाली एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप के दूसरे दौर के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में किए गए महत्वपूर्ण नॉन.फिक्शन कार्यों के अंग्रेजी अनुवाद को प्रोत्साहित करना है। यह फैलोशिप भारत की विभिन्न भाषाओं और साहित्यिक ज्ञान परंपराओं के माध्यम से देश के समृद्ध इतिहास को खूबसूरत तरीके से प्रदर्शित करेगी। इस फैलोशिप के पहलेराउंड बांग्ला, कन्नड़ और मराठी को दिया गया का प्रकाशन 2025 तक किया जाएगा। ये तीन महत्वपूर्ण अनुवाद फ्लैगशिप बुक फैलोशिप प्रोग्राम के माध्यम से न्यू इंडिया फाउंडेशन के तहत पहले प्रकाशित की गईं 32 पुस्तकों के अतिरिक्त होंगे। ट्रांसलेशन फैलोशिप के जरिये हमारा उद्देश्य स्वतंत्र भारत के सभी पहलुओं पर अनुसंधान और लेखन को प्रायोजित करने के एनआईएफके प्रयासों को आगे लेकर जाना है। जिन दस भारतीय भाषाओं के लिए अनुवादकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं।

# किसानों की समस्याओं का हो समयबद्ध निस्तारणः जिलाधिकारी

- डीएम ने किसानों को पराली न जलाने का दिलाया संकल्प
- किसान हितों को संरक्षित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा प्रशासन

**संवाददाता। लखीमपुर खीरी**



**किसानों** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश देते हुए मौजूद किसानों को पराली ना जलाए जाने का संकल्प दिलाया।

डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा है। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है।

डीएम ने कहा कि शासन पराली जलाने की घटनाओं को लेकर काफी गंभीर है। कई किसान भाई जानकारी के अभाव में फसल अवशेष जैसे धान की पराली, गन्ने की पत्ती आदि जला दे रहे है, इससे फसल अवशेषों को जलाने से वातावरण पर दुष्प्रभाव पड़ने के साथ अन्य कई प्रकार की हानियां हो रही है। यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुयी पायी जाये तो उसको तत्काल सीज करते हुये कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा-मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाये। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं।

उप निदेशक (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के लिए जागरूक किया।किसानों की भूमि की उर्वराशक्ति और पराली जलाने से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। पराली जलाने पर कार्यवाही का प्रावधान भी है। उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभाग से सम्बंधित योजनाओं एवम तकनीकी जानकारी भी किसानों को दी गयी। बैठक में डीडी कृषि अरविन्द मोहन मिश्र,जिला कृषि रक्षा अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी मृत्युंजय सिंह, अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके डा0 निरंजन लाल, कृषि वैज्ञानिक डा. पीके बिसेन, पीके शुक्ला, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

# फसल अवशेष का निस्तारण कर भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं : जिला कृषि अधिकारी

- प्रशासन ने लखीमपुर, मोहम्मदी में लगाई प्रबंधन और श्री अन्न कार्यशाला

**संवाददाता। लखीमपुर खीरी**



**शासन** के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के माध्यम से आमजन को जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कृषि विभाग के तत्वावधान में लखीमपुर, 20 सितंबर को मोहमद्दी में जिले के 250 अध्यापकों को पराली प्रबंधन एवम श्री अन्न के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

ब्लॉक मोहम्मदी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने कहा कि जनपद खीरी की भूमि की उर्वरा शक्ति बहुत अच्छी है। इस उर्वरा शक्ति को बनाये रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। किसान अपनी फसल के अवशेष को जलायें नहीं बल्कि फसल अवशेष प्रबंधन की विभिन्न तकनीकी विधियों का उपयोग करते हुए फसल अवशेष का निस्तारण कर भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं। इससे आपके उत्पादन में वृद्धि होगी, जिससे आपकी आय में भी बढ़ोत्तरी होगी।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## जीवन बीमा निगम अधिकारी के घर में हुई लाखों की चोरी

बरेली। भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी के बंद पड़े मकान में घुसे चोरों ने लाखों के जीवन नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया घर वापस लौटे अधिकारी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। प्रेम नगर थाना क्षेत्र में त्रिवटी नाथ मंदिर के पास स्थित एलआईसी कॉलोनी के एक क्वार्टर में रहने वाले एलआईसी के सहायक प्रशासनिक अधिकारी अरविंद कुमार के घर में ताला तोड़कर घुसे चोरों ने कमरे में रखें 100000 रुपए नगद 4 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर और एक लैपटॉप चोरी कर लिया अरविंद कुमार ने बताया कि वह 15 सितंबर को अपने किसी काम से मकान में ताला डालकर घर से बाहर गए थे इस दौरान ताला तोड़कर घुसे चोरों ने लाखों का जेवर और नकदी चोरी कर लिया जब वह घर वापस लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ देखकर वह अंदर पहुंचे जहां उन्होंने देखा की अलमारी में रखा नकदी जेवरवा लैपटॉप आदि गायब है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## उद्यमियों ने बनाई विकास की नई राह

लखनऊ। फ्लिपकार्ट की वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज के माध्यम से उद्यमियों ने विकास की नई राह बनाने में सफलता पाई है। इस सफलता में फ्लिपकार्ट ने महत्वपूर्ण मार्केट इनसाइट्स और डिजिटल स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से अपने प्लेटफॉर्म की ताकत का प्रयोग करते हुए विकास के नए रास्ते खोले हैं और ई.कॉमर्स की क्षमता का लाभ उठाया है। यह सफर अपने कारोबार को सफलता के नए स्तर पर ले जाने की दिशा में बिग बिलियन एक्सप्लोरर्स की प्रतिबद्धता, कठिन परिश्रम और क्षमता को दिखाता है।

# प्रोफेसर की हत्या करने वाला एनकाउंटर में ढेर

**संवाददाता। शाहजहांपुर**



**जिले** में प्रोफेसर आलोक गुप्ता की उनके घर पर हुई डकैती के दौरान हत्या कर दी गई थी। यूपी पुलिस ने इस घटना में शामिल डकैत शाहबाज को मार गिराया है। 19 सितंबर 2023 को पुलिस शाहबाज को पेशी पर अदालत ले जा रही थी। इसी दौरान गाड़ी पलट गई और शाहबाज एक सब इंस्पेक्टर की रिवॉल्वर छीन कर फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे मार गिराया।

शाहजहाँपुर जिले के कटरा थाना क्षेत्र निवासी प्रोफेसर आलोक गुप्ता के घर में डकैती पड़ी थी। इस दौरान 35 वर्षीय प्रोफेसर की नींद अचानक खुल गई थी। उन्होंने डकैतों का विरोध किया। डाकुओं ने प्रोफेसर पर चाकुओं से हमला कर दिया। चाकुओं के कई वार लगने की वजह से प्रोफेसर की मौत हो गई। उनकी आँख तक फोड़ दिया गया था। प्रोफेसर को बचाने आईं उनकी पत्नी, पिता, भाई, भाभी और बच्चों को भी डकैतों ने धारदार हथियारों से घायल कर दिया।घायल होने के बावजूद परिजनों ने शहबाज और उसके साथी सहरोज को पकड़ लिया। बाकी डकैत भाग निकले थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायलों में 3 और 4 साल के बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया था। कुछ लोगों ने विरोध स्वरूप सड़क जाम कर दी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर के मामले की जाँच शुरू की। फरार डाकुओं पर 75 हजार का इनाम घोषित किया।डकैतों को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि पकड़ा गया डकैत शाहबाज एक अन्य दवा व्यापारी की भी हत्या में वांछित है। पुलिस ने शाहबाज को हिरासत में लिया और पेशी के लिए कोर्ट ले जाने लगी। इस दौरान एक जानवर सड़क पर आया। जानवर को बचाने के चक्कर में पुलिस वाहन के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी पलट गई। गाड़ी पलटते ही शाहबाज अपने साथ चल रहे सब इंस्पेक्टर हितेश तोमर की सर्विस रिवॉल्वर छीन कर खेतों की तरफ भागा। पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा तो शाहबाज गोलियाँ चलाने लगा।पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में लगी गोली से शाहबाज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले गया, जहाँ उसकी मौत हो गई। शहरोज को गिरफ्तार कर पूछताछ और अन्य कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। 40 वर्षीय शाहबाज कभी ई रिक्शा चलाया करता था, वहीं शहरोज सैलून में काम करता है।

# श्री गणपति महाराज व माता रिद्धी सिद्धी की निकली भव्य शोभायात्रा

**संवाददाता। बरेली**

**बिहारीपुर** खत्रियान दरगईया गली स्थित श्री शिव शक्ति दुर्गा जी धाम मन्दिर पर 30वा श्री गणेश महोत्सव गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े धूम-धाम के साथ मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 19 सितंबर से 29 तक श्री गणेशोत्सव का कार्यक्रम मनाया जायेगा। श्री शिव शक्ति दुर्गा जी धाम वासियों द्वारा भगवान श्री गणपति जी महाराज व माता रिद्धी-सिद्धी जी की भव्य शोभायात्रा जिला पंचायत के विभिन्न मार्गो को साथ निकाली गई। शोभयात्रा का शुभारंभ अलखनाथ मंदिर के महंत कालूगिरी महाराज जी के द्वारा एवं मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल द्वारा भगवान गणेश महाराज जी की आरती उतारी व हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा प्रारम्भ की। शोभायात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा व जलपान के साथ गणपति महाराज जी का लोगों ने स्वागत किया। शोभायात्रा बिहारीपुर ढ़ाल , बीबी जी की मस्जिद, दरगईया गली पहुँचने पर श्री शिव शक्ति दुर्गा जी धाम मन्दिर पर बने मण्डाल में 07 फुटी मूर्ति की



स्थापना पंडित निरंजन तिवारी ने विधि-विधान के साथ पूजन सम्पन्न कराया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से विकास मेहरोत्रा, अमित अरोड़ा, विवेक कक्कड, रवि रस्तोगी मुनीश कुमार, शिवा कक्कड़, पंकज कक्कड योगेश रस्तोगी नितिन मेहरोत्रा, डा0 राजीव रस्तोगी, सिकन्दर रस्तोगी, नारायण दास, दिनेश चन्द्र शर्मा महेश से कमल दंडन भावना मेहरोत्रा, मोनिका मेहरा, सचिन मेहरा, सिद्धांत अरोड़ा आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

# वर्षों से दुकान निरस्त, मगर कोटेदार अभी बांट रहा राशन

**बरेली।** भारी अनिमियताओं के चलते ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कई बार शिकायत की थी, इसके बाद ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उप जिला अधिकारी नवाबगंज ने 4 नवंबर 2009 को सरकारी सस्ते करने की दुकान को निरस्त कर दिया था।इसके बाद भी कोटेदार लगातार राशन का वितरण करता चला आ रहा । ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर कोटेदार के खिलाफकार्रवाई करने और निरस्त दुकान को कहीं और अटैच करने की मांग की है।तहसील नवाबगंज के ग्राम करुआ साहिबगंज का रहने वाला दबंग कोटेदार जलील अहमद पुत्र मोहम्मद इसरार उप जिलाधिकारी के आदेश और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की धज्जियां उड़ाता दिखाई दे रहा है, जिसमें उसका साथ सरकारी अमला ही दे रहा है। दरअसल जलील अहमद की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान करुआ साहिबगंज में है , यहां पर भारी अनियमिताओं के चलते ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कई बार शिकायत की थी, जिसका संज्ञान लेने के बाद जिला अधिकारी ने उप जिला अधिकारी नवाबगंज को इसकी जांच करने के लिए कहा था , जिसके बाद उप जिलाधिकारी नवाबगंज ने जलील अहमद को दोषी मानते हुए उसकी सरकारी सस्ते गले की दुकान दिनांक 4 नवंबर 2009 को निरस्त कर दी थी। दुकान निरस्त होने के बाद जलील अहमद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट दायर की थी जहां से उसकी को भी निरस्त कर दिया गया और उप जिलाधिकारी नवाबगंज का आदेश प्रभावी रहा । रिट निरस्त होने के बाद भी लगातार करूआ साहिबगंज का यह दबंग कोटेदार जलील अहमद सरकारी सस्ते गल्ले का वितरण करता चला आ रहा है।

# आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को मिले प्री-नर्सरी की भांति शिक्षा: प्रतिभा शुक्ला

**● महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री का भाजपाईयों ने किया स्वागत**



**संवाददाता।** चित्रकूट

**राष्ट्रीय** पोषण माह के अन्तर्गत भजन संध्या स्थल में आयोजित सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहीं उत्तर प्रदेश सरकार महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों से आने वाले बच्चों को प्री-नर्सरी की भांति शिक्षा दें और उन्हें संस्कारवान बनाएं। जिससे यह लगे कि वो आंगनवाड़ी से पढ़कर निकले हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों का कायाकल्प योजना के माध्यम से ही कराया जा रहा है। साथ ही महिला सश्कतीकरण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। महिलायें अपने परिवार में भेदभाव न करें और बालिकाओं को भी शिक्षित करें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा बहुत जरुरी है। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की जिम्मेदारी है कि गांव मे जो भी बच्चे उनके पास आ रहे हैं उनका पूरा ख्याल रखें और उन्हें शिक्षित करने के साथ संस्कार भी दें। जिससे बच्चे जब बड़े हों तो यह कह सकें कि उनकी पहली गुरु उनकी आंगनवाड़ी शिक्षिका थीं। इससे बच्चों को जो भी सामान शासन स्तर से आ रहा है उसे दें और उन्हें कुपोषण से दूर करें। उन्होंने कहा कि जो भी आंगनवाड़ी व सहायिकाओं के पद खाली हैं उन सभी को जल्द भरा जायेगा और जो केन्द्र विद्यालय में चल रहे है वहां मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि उनके स्तर से जो भी आंगनवाड़ी को सहयोग होगा किया जायेगा।

# सीडीओ की अध्यक्षता में किया गया किसान दिवस का आयोजन




**संवाददाता।** कानपुर देहात

**महीने** के तीसरे बुधवार को विकास भवन सभागार में आयोजित किये गये किसान दिवस में जहॉ सीडीओ लक्ष्मी एन की अध्यक्षता में दो दर्जन किसानों को बीज किट का वितरण किया गया, वहीं एमओयू को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिये आयोजित बैठक में दुग्ध विकास अधिकारी, बीएसए, पीओ नेडा व यूपीसीडा के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सीडीओ का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। सीडीओ ने सख्ती दिखाते हुये अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये।

किसानों को उनकी उपज वैज्ञानिक तरीके से करवाये जाने के साथ सुरक्षा सम्बन्धी उपाय कर समुचित मूल्य प्राप्त होने के लिये तथा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिये बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। सीडीओ ने उद्यमिता के क्षेत्र में जनपद में निवेश करने के इच्छुक लोगों एमओ यू भरकर अगामी ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का हिस्सा बनने की अपील की। बैठक में उपायुक्त उद्योग सहित संबन्धित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

सीडीओ के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी ने दो दर्जन से अधिक किसानों को बीज किट का वितरण कर फसलों के प्रबन्धन के गुर बताये।

# तपोभूमि चित्रकूट में गणेश महोत्सव की धूम

**संवाददाता।** चित्रकूट



**विश्व** प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में गणेश महोत्सव की धूम है। मुख्यालय के पुरानी बाजार स्थिति गणेश उत्सव समिति के कार्यकर्ताओं ने विधि-विधान से पूजा के बाद गणपत बप्पा मोरया के जयकारों के साथ गणेश प्रतिमाओं को स्थापित किया। वहीं जिला सहकारी बैंक बांदा-चित्रकूट के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी व जिला मंत्री ऋषि आर्या के साथ भगवान विघ्नहर्ता का पूजन कर देश के खुश समृद्धि की कामना की।

मुख्यालय कर्वी के धतुरहा चौराहा के समीप अग्रवाल धर्मशाला के सामने सबसे ऊंची प्रतिमा युवाओं द्वारा स्थापित की गई है। मंगलवार को शुभ मुहूर्त में भगवान विघ्नहर्ता रिद्धि-सिद्धि के दाता गणेश की प्रतिमाएं विधि-विधान से पूजन-अर्चन बाद धर्मनगरी चित्रकूट समेत मुख्यालय व कस्बों में गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई है। इसके अलावा लोगों ने अपने अपने घरों में छोटी प्रतिमाएं लाकर स्थापना की है। महाराष्ट्र की तर्ज पर चित्रकूट में भी गणेश महोत्सव को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## गणपति के पंडालों में लगी भक्तों की भीड़



**जालौन, उरई।** नगर व क्षेत्र में गणेश पूजा की धूम है। नगर में 13 स्थानों पर विशेष रूप से बनाए गए पूजा पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं की पूजा अर्चना का सिलसिला जारी है। नगर में इन दिनों गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। इन दिनों नगर व क्षेत्र गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया के जयकारों से गूंज रहा है। पूजा पंडालों में होने वाले धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण गणेश भक्ति से सराबोर हो उठा है। मंगलवार को मूर्ति स्थापना के बाद दूसरे दिन पूजा पांडालों में सुबह से ही गणेश प्रतिमा की पूजा अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया है। कुछ स्थानों पर सात दिन तो कुछ स्थानों पर नौ दिन चलने वाले इस गणेश उत्सव के पर्व पर भक्त सुबह शाम पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं।

# सुशासन सप्ताह एवं सेवा पखवारे के तहत एसडीएम ने सुनीं जन समस्याएं



**राजापुर,** चित्रकूट। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत नगर पंचायत राजापुर के सभी वार्डो एवं तहसील अंतर्गत विभिन्न गांवों में एसडीएम की अध्यक्षता में शिकायतों एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार की लाभप्रद योजनाओं की जानकारी देते हुए समस्याओं का निस्तारण किया गया और बताया कि आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य के लिए लाभकारी योजनाओं के साथ 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी किया जा रहा है। जिसमें जन समुदाय की समस्याओं के निस्तारण के लिए गांव-गांव घर-घर जागरूकता के साथ समस्याओं का निस्तारण भी किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम प्रमोद झा तथा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी बी एन कुशवाहा, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी की उपस्थिति में शिकायतें जिसमें राजस्व भूमि संबंधी, साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल की समस्या का निस्तारण मौके पर ही निस्तारित किया गया और दिव्यांग वृद्धा, विधवा पेंशन व आवास आदि की शिकायतों के निस्तारण हेतु समाज कल्याण विभाग तथा आवास हेतु परियोजना अधिकारी डूडा चित्रकूट को पत्र लिखकर निस्तारण हेतु भेजा जाएगा। निष्पक्षता के साथ शिकायतें सुनी गई सड़क विद्युत पेयजल आपूर्ति शिक्षा की समस्याओं का निस्तारण किया गया।

# राजकीय मेडिकल कालेज में हुई इमरजेंसी पुलिस चौकी की स्थापना



**उरई,** जालौन। राजकीय मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं को लेकर यहां के चिकित्सा प्रशासन ने तरह से बीते कुछ अरसे से तत्परता दिखलाई है उसी का परिणाम है कि अब यहां मरीज और तीमारदारों को 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए इमरजेंसी पुलिस चौकी स्थापित कराई गई जिसका विधिवत उद्घाटन बुधवार को पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को भी परखा उन्होंने इस दौरान कहां की जिस तरह से जनपद वासियों को यहां चिकित्सालय बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है वह निश्चित रूप से सराहनीय है। बताते चलें कि यहां कालपी रोड स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज चिकित्सकीय अध्ययन के साथ-साथ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है क्योंकि जनपद मुख्यालय में स्थित इस मेडिकल कॉलेज से जनपद के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के अलावा समीपस्थ जिलों से भी इलाज करने के लिए बड़ी तादाद में आने लगे हैं।

# फर्जी बैनामा कांड की परतें खोलने में जुटी कालपी पुलिस, चल रही पूछताछ

**● सीओ ने किया दावा 72 घंटे में खुलासे का दावा**

**● बैकफुट पर आये जमीन खरीदने वाले**

**संवाददाता।** कालपी, जालौन

**बीते** 28 अगस्त को हुए फर्जी बैनामे को लेकर जहां हर कोई पुलिस की कार्यवाही को सुनने को बेताब है तो वहीं तेजतर्रार कालपी क्षेत्राधिकारी डा. देवेन्द्र पचौरी द्वारा भी बिंदुवार तरीके से की जा रही जांच पड़ताल यह साबित कर रही है कि वह किसी भी सूरत में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते। फिलहाल उन्होंने आज क्रेता, विक्रेता और इस प्रकरण से जुड़े ज्यादातर लोगों से पूछताछ की है और सब रजिस्ट्रार कार्यालय के लिपिक और कुछ बिंदुओं पर सब रजिस्ट्रार कालपी से भी पूछताछ की जब सीओ कालपी से इस संदर्भ में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जांच चल रही है शीघ्र ही खुलासा कर दिया जाएगा निर्दोष फंसेगा नहीं, दोषी बचेगा नहीं बहत्तर घंटे के अंदर सब दूध का दूध पानी का पानी कर दूंगा।

मालूम हो कि बीते 28 अगस्त को छौंक की एक जमीन का करीब तीन करोड़ की लागत का बैनामा हुआ मजे की बात ये कि उक्त जमीन का बैनामा विद्यावती ने ही किया और जमीन भी विद्यावती के नाम फिर आखिर फर्जी कैसे पता चला है अब ये समझाते हैं कि जब बैनामा हुई जमीन का दुबारा से दान पत्र लिखने को आया तो पूरी तहसील में चिकचिक हुई कि पहले वाला बैनामा फर्जी है जिसको लेकर स्वयं को असली विद्यावती और उस जमीन का वास्तविक हकदार बताते हुये उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। इधर जब पूर्व में 28 अगस्त को बैनामा कराने वाली पार्टी और संबंधी लोगों को पता चला तो खोजबीन शुरू हुई और संलिप्त लोग अपने अपने तरीके से बचाव के उपाय करने लगे और तब तक पुलिस एक्शन मोड में आ चुकी थी। क्योंकि लोग समझ रहे थे कि पुलिस की निगाहें हम पर हैं नहीं लेकिन पुलिस थी कि हर संदिग्ध पर नजर रखे हुये थी कुछ लोगों ने तो अपने मोबाइल से काल डिटेल ही हटा दी थी लेकिन पुलिस इस प्रकरण से जुड़े हर पहलू पर गौर कर रही थी। पुलिस की कार्यवाही से डरकर 28 अगस्त को जमीन क्रय करने वाले खुद ही बैकफुट पर आ गए हैं

# डीएम ने की नगर निकायों के 15वें वित्त आयोग के प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के अध्यक्षता में नगर निकायों को 15वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त टाइड और अनटाइड फंड के सापेक्ष प्रस्तावित कार्यों पर स्वीकृति हेतु, मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता द्वारा नगर निकायों द्वारा प्राप्त बजट के सापेक्ष अपनी प्रस्तावित कार्ययोजना से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले समय में जो भी कार्ययोजना प्रस्तावित की जाए उसमें सड़क व जल निकासी को प्राथमिकता के तौर पर लिया जाए, मुख्य सड़के जो कई वार्डो या बाजार को जोड़ती हैं उन्हें वरीयता देकर शीघ्र दुरुस्त करा लिया जाए, साथ ही उनका सुंदरीकरण भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निकायों के अंतर्गत आने वाले सभी नाले ढके होने चाहिए, वार्डो को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर लाइटिंग की व्यवस्था की जाए, किसी भी क्षेत्र में अंधेरा नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकायों के अंतर्गत आने वाले बाजारों में बेंडिंग जोन अवश्य बनाया जाए, वहीं पर सभी रेहडी, पटरी पर लगने वाली दुकानें लगाई जाए, किसी भी रेहड़ी, पटरी, वाले को वेंडिंग जोन में स्थानांतरित करने हेतु कोई जोर जबरदस्ती न की जाए, बल्कि उनको समझा-बुझाकर, उनसे समन्वय बनाकर, उन्हें वेंडिंग जोन में व्यापार करने हेतु सहमत किया जाए। उन्होंने कहा इस कार्य में नगर पंचायत अध्यक्षों की प्रमुख भूमिका रहेगी। उन्होंने वेंडिंग जोन में सभी सुविधाएं जैसे शौचालय पेयजल विद्युत व्यवस्था आदि को सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिस भी नगर निकाय का क्षेत्र विस्तार हुआ है, वह अपने विस्तारित क्षेत्र में सड़क, नाले व अन्य आधारभूत संरचना का विकास जल्द कर ले, जिससे नियोजित तरीके से वार्डो का विकास हो सके और भविष्य में होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

# आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2023 का हुआ भव्य स्वागत

**● नई शिक्षा नीति व कौशल विकास के महत्व को युवाओं तक पहुंचाने का अनूठा प्रयोग**

**● 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही यात्रा**

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**कौशल** विकास मिशन और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 37 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य देशव्यापी कौशल विकास यात्रा दिनांक 18 सितंबर से पूरे देश में आयोजित की जा रही है। देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही है। यात्रा 20 सितंबर 2023 को फर्रुखाबाद शहर में पहुंची। जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने कौशल विकास यात्रा का स्वागत किया। इस मौकेपरभारतीयमहाविद्यालय में एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया। जिसमें यात्रा में साथ चल रहे विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमन प्रकाश ने विद्यार्थियों से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है कौशल विकास के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है और डेमोग्राफिक्र डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास के प्रति जागरूक कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए कि वह स्वयं को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं इससे वह स्वयं की करियर को दिशा प्रदान करने के साथ भारत की प्रगति में भी योगदान दे पाएंगे।

इस दौरान भारतीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए शासकीय एवं अन्य योजनाओं जैसे उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, एन यु एल एम, एन एस क्यू एफ, डिजिटल साक्षरता, माइक्रोसॉफ्ट राइस इत्यादि की जानकारी प्रदान की गई।

# दबंग भाजपाई ने किया भाई पर घातक हमला

**फतेहपुर।** शहर के महाजरी मोहल्ला (लाला की बाजार) निवासी फसानित हुसैन के पुत्र फरहान अब्बास उर्फबासू ने अपने भाई भाजपा नेता फैजान हैदर नकवी पर गम्भीर आरोप लगाते हुए मुकदमा कायम करने की मांग की है। तहरीर में कहा गया है कि उपरोक्त फैजान दबंग किस्म का व्यक्ति है, जो उससे खालिस एवं रंजिश रखता है। आज करीब ग्यारह बजे दिन के फैजान पैतृक घर आया और डंडे से पीटने लगा, जिससे उसे गम्भीर चोटें आईं। बताया कि फैजान के हाथ में तमंचा था, जिसे उसके सीने पर लगाकर उसके साथ लूटपाट की। साथ ही मोबाईल भी तोड़ डाला। बताया कि फैजान दबंग व राजनैतिक प्रभाव वाला है, तथा सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की छवि उसकी वजह से खराब हो रही है। शिकायतकर्ता ने दबंग फैजान हैदर रिजवी से जान माल का खतरा बताते हुए उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है। उधर चिकित्सीय परीक्षण में फरहान को गम्भीर चोटें आने की बात कही जा रही है।

# बंटवारे के विवाद में मारपीट की पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**● पीड़िता ने राधानगर पुलिस की कार्यशैली पर उठाई उंगली**

**फतेहपुर।** बंटवारे के विवाद में जेठ समेत ननंदों पर मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने राधानगर पुलिस की कार्यशैली पर भी उंगली उठाते हुए दबंगों से मिले होने का आरोप लगाया है। उसने दोषीगणों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगाई है। राधानगर थाना क्षेत्र के देवीगंज निवासी संतोषी देवी पत्नी मोहनलाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उसके ससुर की मृत्यु के बाद पति मोहनलाल व जेठ सोहनलाल के नाम पैतृक जमीन वरासत में आई। पीड़िता ने बताया कि जेठ सोहनलाल की दो शादियां हुई लेकिन पत्नियां नहीं टिकी, क्योंकि जेठ चरित्रहीन व दबंग किस्म का व्यक्ति है। जेठ जमीन का बटवारा भी नहीं करने देता। जमीन में बहनों के नाम वरासत करवा दिया है। मना करने पर लड़ाई झगड़ा पर अमादा हो जाता है। सात अगस्त को मुहल्ले के कुछ संभ्रांत व्यक्तियों को लेकर वह बटवाने की बात करने लगी तो सोहनलाल व ननंदे बबली, बेबी, मंझा ने एकराय होकर उसके पति को मरणासन्न कर दिया। वह शिकायत लेकर राधानगर थाने पहुंची। जहां महिला पुलिस ने उसे मारा पीटा। उसके पुत्र का चालान कर दिया। राधानगर पुलिस ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। पति को सदर अस्पताल में पांच दिन तक भर्ती कराकर इलाज कराया। 18 सितंबर को वह पुन: बंटवारे की बात करने लगी। जिस पर सभी लोगों ने एकराय होकर उसे व उसके पति को मारापीटा। मुहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव करवाया। घटना की सूचना देने राधानगर थाने पहुंची लेकिन पुलिस ने उल्टा उसके साथ गाली-गलौज करके भगा दिया।

# दर्जनों महिलाओं ने थाने में काटा हंगामा हत्या की रिपोर्ट दर्ज किये जाने की मांग

**राठ, हमीरपुर।** मंगलवार की देर रात मार्ग दुर्घटना में बाइक चालक किसान की संदिग्ध मौत के मामले में आज दर्जनों महिलाओं ने थाने में हंगामा करते हुये कहा कि किसान की धारदार हथियार से हत्या की गयी है। रिपोर्ट दर्ज करने की मांग दोहरायी है। कोतवाली के चिल्ली गांव निवासी प्रेमरानी पत्नी प्रभूदयाल अहिरवार ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह अपने छोटे पुत्र 25 वर्षीय राघवेंद्र के साथ राठ आईं थी। शाम करीब पांच बजे वह पुत्र के साथ बाइक से गांव गई। बताया कि इसके बाद उसका पुत्र उसे छोड़कर चला गया। इसके बाद उसका बहू आरती देवी ने राघवेंद्र को रात करीब साढ़े नौ बजे फोन किया तो उसने गांव के एक युवक के साथ हाईवे पर होने की बात कही। बताया कि देर रात घर न आने पर उसने रात करीब एक बजे फोन किया। उसका फोन एक दरोगा ने उठाया। बताया कि दरोगा ने पुत्र की मार्ग दुर्घटना में मौत हो जाने की बात कही। मृतका की मां ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक युवक ने उसके पुत्र की धारदार हथियार से हत्या की है। बुधवार को मृतक की मां व दर्जनों महिलाएं कोतवाली पहुंची। जहां हंगामा काटते हुए युवक के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम माचा में एक मजदूर ने आर्थिक तंगी के चलते अपने घर में तमंचे से गोली मार आत्महत्या कर ली। युवक ने ईलाज के दौरान कानपुर हैलट अस्पताल में दम तोड़ दिया। गांव के मुजफ्फर अली (35) पुत्र हाशिम अली मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था आर्थिक हालत ठीक न होने के कारण परिवार में आय दिन विवाद होता रहता था जिससे आजिज आकर युवक ने घर में तमंचे से गोली मार ली, परिजन उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसको जिला अस्पताल रिफर रेफर कर दिया। मुजफ्फर की हालत गंभीर होने के चलते उसके परिजन उसे ईलाज के लिए हैलट अस्पताल कानपुर ले गए जहां मुजफ्फर ने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना स्थल से अवैध तमंचा बरामद कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए नई तकनीक

**लखनऊ।** ट्रूकॉलर ने आज कॉर्पोरेट रीब्रांडिंग और एक नए ऐप आइकन के लॉन्च की घोषणा कीए जिसे गूगल प्ले स्टोर तथा एप्पल ऐप स्टोर पर तुरंत पहचाना जा सकेगा। ब्रांड की नई पहचान को एकदम सही समय पर पेश किया जा रहा हैए जो डिजिटल क्षेत्र में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों के अनुरूप है। ट्रूकॉलर के उद्देश्यए ऊर्जा और उत्साह की नई भावना ही इस रीब्रांडिंग की बुनियाद है। इस घोषणा के बारे में बताते हुए एलन ममेदी सह.संस्थापक एवं सीईओ ने कहा, हमें अपने ब्रांड की नई पहचान और लोगो को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने आगे कहा, सभी के लिए संचार को सुरक्षित बनाना ही हमारा मिशन है, जो हमें लोगों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए सर्च कॉन्टेक्स्ट जैसे नए.नए सॉल्यूशंस विकसित करने और यूजर्स की गोपनीयता को बेहतर बनाने के लिए इंजीनियरिंग में सुधार करने की प्रेरणा देता है।

## वृक्षारोपण किया

**बरेली।** पोस्ट शाहाबाद द्वारा कुंवर दया शंकर इंटर कॉलेज में उपप्रभागीय वार्डन अंजय अग्रवाल स्टाफ ऑफिसर हरीश भल्ला आई सीओ गीता शर्मा तथा कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ हरीश कुमार स्वामी के निर्देशन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की व्यवस्था पोस्टवार्डन विशाल कुमार सक्सेना डिप्टी पोस्टवार्डन सरनजीत सिंह द्वारा की गई।

# दिगम्बर जैन धर्मावलम्बियों ने दसलक्षणा महापर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव के साथ तप किया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**जैन धर्म** के दसलक्षणा ;पर्यूषणद्ध महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को खोजवाँ स्थित अजीतनाथ जैन मंदिर में जैन धर्मावलम्बियों द्वारा उत्तम मार्दव के साथ पूजन एवं तप किया गया। दसलक्षणा ;पर्यूषणद्ध महापर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव के अवसर पर खोजवां मंदिर में विश्व शांति के लिए शांति धारा का विधान किया गया। अनुष्ठान की शुरुआत भगवान महावीर के दर्शनए अभिषेकए पूजन के साथ हुआ।

शाम को भगवान की आरती के बाद श्रीमती डॉ मुन्नी पुष्प जैन द्वारा उत्तम मार्दव के महत्व पर जैन धर्म वलंबियों का मार्गदर्शन किया गया। प्रवचन के बाद महिलाओं द्वारा भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। दसलक्षणा ;पर्यूषणद्ध महापर्व जैन सुदाय का सबसे बड़ा पर्व है। इस दस दिवसीय महापर्व के दौरान जैन धर्मावलम्बी अराधनाए तप एवं धार्मिक कार्यों में व्यतीत करते है। इन दिनों में उपवास या एक आसन ;दिन में एक समय ही भोजन करनाद्ध करते है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिगम्बर जैन समाज काशी के अध्यक्ष दीपक जैनए मंत्री अरुण जैनए खोजवां मंदिर के मंत्री दीपक जैनए अशोक कुमार जैन ;निरालानगरद्धए नयन जैनए तरुण जैनए विनोद जैन ष्रज्जू भैयाष्ए ध्रुव कुमार जैनए आलोक जैनए अनिल कुमार जैनए गौरव जैनए पंकज जैनए पूनम जैनए शालिनी जैनए दिव्या जैनए नीलू जैन आदि मौजूद रही।

## डॉ. राजीव कुमार दुबे को इंडो एशिया लीडरशिप अवार्ड



**वाराणसी।** जयपुर में आयोजित किया गया। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को मान्यता देता है जिनकी उत्कृष्टता और नेतृत्व के प्रति प्रभावशाली, रचनात्मक और प्रभावशाली प्रतिबद्धता है। कला और संस्कृति श्रेणी के तहत पुरस्कार बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के एनिस्थिया विभाग के डॉण् राजीव कुमार दुबे को प्रदान किया गया। डॉण् राजीव ने कई काव्य पुस्तकें और लेख लिखे हैं जो भारतीय मूल्यों और लोकाचार से जुड़े हैं। उनकी पुस्तकें आध्यात्मिक उत्थानए वैश्विक सहमतिए सार्वभौमिक भाईचाराए विश्व शांतिए प्रकृति के प्रति प्रेमए राष्ट्र के प्रति विलक्षण समर्पणए भारतीय संस्कृति के पुनरुद्धार और महिला सशक्तिकरण का एक असाधारण और दुर्लभ मिश्रण प्रदर्शित करती हैं। डॉण. राजीव वर्तमान में चिकित्सा विज्ञान संस्थानए बनारस हिंदू विश्वविद्यालयए वाराणसी ;भारतद्ध में एनेस्थिसियोलॉजी के प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि में एनेस्थिसियोलॉजीए क्रिटिकल केयर और हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन के विषय शामिल हैं। एक लोकप्रिय शिक्षक और प्रख्यात चिकित्सक होने के अलावाए वह एक स्पष्टवादी लेखक और संवेदनशील कवि भी हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी में समस्त चिकित्सा अधिकारियों सम्बंधित एसडीएम, खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में संचारी अभियान बैठक कराने के निर्देश दिए। संचारी अभियान की बैठक में ग्राम प्रधानों की सत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। 27 सितम्बर 2023 तक सभी संबंधित विभागों को माइक्रो प्लान बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

स्कूलों में बच्चों को संचारी रोग के दौरान क्या करे क्या न करे के संबंध में जागरूक किया जाए। भ्रमण के दौरान डेंगूए मलेरिया, टीवीएकुष्ठ रोग,कुपोषित बच्चों आदि की सूची तैयार की जाए। संक्रमित क्षेत्रों में रेपिड रिस्पॉन्स टीम का भ्रमण कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को बेहतर साफसफाई कराने के साथ साथ संचारी अभियान के मानकों पर पूर्ण कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। आबादीध्स्कूलों के आस पास विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जाए। स्कूलों में रनिंग वाटर जमा ना हो, गंदगी ना दिखे यह सुनिश्चित कराया जाए। संचारी रोग अभियान में सभी संबंधित विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 21 सितंबर, 2023



# अजरबैजान और आर्मीनिया में संघर्ष विराम

एपी। एरेवान

**अलगाववादी** इलाके नागोर्नो-काराबाख में गत दो दिन से जारी लड़ाई को रोकने के लिए आर्मीनिया और अजरबैजान बुधवार को संघर्ष विराम पर सहमत हो गए। दोनों पक्षों के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

संघर्ष विराम की घोषणा होने के करीब एक घंटे के बाद आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशियान ने कहा कि इलाके में शत्रुता के महौल में तेजी से कमी आई है।

अजरबैजान के अधिकारियों ने बताया कि अलगाववादी अधिकारियों द्वारा हथियार डालने की घोषणा किए जाने के बाद उसने मंगलवार को शुरू अपने सैन्य अभियान को रोक दिया है। हालांकि, अब तक स्पष्ट नहीं है कि क्या कुछ इलाकों में लड़ाई जारी है या बंद हो गई है। अजरबैजान ने मंगलवार को पहाड़ी नागोर्नो-काराबाख में आर्मीनियाई ठकानों को तोप से निशाना बनाया था। यह अजरबैजान का हिस्सा है और 1990 में अलगाववादी युद्ध के बाद से ही इलाके पर आर्मीनियाई मूल के बलों का कब्जा है। हालिया लड़ाई में कई लोगों के मारे जाने और बड़ी संख्या में घायल होने की भी खबर है। नागोर्नो-काराबाख कई महीनों से खाद्यान्न की कमी का सामना कर रहा है और मानवीय संकट से गुजर रहा है और बढ़ी दुश्मनी ने उसकी समस्या और बढ़ा दी थी।

तोपों से किए जा रहे हमले से अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच पूर्ण युद्ध होने की आशंका पैदा हो गई थी जो गत तीन दशक से सोवियत संघ के पतन के बाद से ही नागोर्नो-काराबाख के पहाड़ी क्षेत्र के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 2020 में दोनों देशों के बीच इस इलाके को लेकर करीब छह सप्ताह तक युद्ध चला था।

इस संघर्ष में रूस और तुर्किए जैसी क्षेत्रीय शक्तियों की भी संलिप्तता है। तुर्किए अजरबैजान का समर्थन करता है जबकि रूस की मध्यस्थ की भूमिका है और उसकी मध्यस्थता की वजह से 2020 लड़ाई समाप्त हुई थी। रूस के शांतिरक्षक इलाके में निगरानी के लिए तैनात हैं और दोनों पक्ष ने कहा कि रूसी शांति रक्षकों ने मौजूदा समझौते पर पहुंचने में मदद की है।



अजरबैजान के अधिकारियों और नागोर्नो-काराबाख के जातीय आर्मीनियाई अधिकारियों के बीच इलाके को दोबारा अजरबैजान में मिलाने को लेकर बृहस्पतिवार को बातचीत होने वाली है।

अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय के कहा कि समझौते का दृष्टिकोण है कि आर्मीनियाई सेना की टुकड़ी और उपकरण नागोर्नो-काराबाख से हटाई जाए और स्थानीय लड़ाकों का निरस्त्रीकरण किया जाए।

आर्मीनिया के प्रधानमंत्री पशियान ने कहा कि उनकी सरकार ने चर्चा या समझौते के लिए वार्ता में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन क्षेत्र के अलगाववादी अधिकारियों द्वारा लिए गए फैसले पर संज्ञान लिया है।

अजरबैजान ने आरोप लगाया कि आर्मीनिया अलगावादी युद्ध समाप्त होने के बाद से इलाके में तस्करी करके हथियार लाए हैं। उसने दावा किया कि इसकी वजह से उसने नागोर्नो-काराबाख को आर्मीनिया से जोड़ने वाली सड़क बंद की जिससे खाने-पीने के सामान और दवाओं की कमी हुई।

अजरबैजान ने बुधवार को सैन्य अभियान की जानकारी देते हुए कई शिकायतें की थी जिनमें आर्मीनियाई सेना द्वारा इलाके में उसके ठिकानों पर हमला, बारूदी सुरंग बिछाना और तोड़-फोड़ के कृत्य को अंजाम देना शामिल है। आर्मीनिया के विदेश मंत्रालय ने नागोर्नो-काराबाख में उसके सैनिक या सैन्य साजो सामान होने से इनकार किया है। उसने कहा कि तोड़फोड़ और बारूदी सुरंग की खबर झूठ है। आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशियान ने आरोप लगाया कि अजरबैजान का मुख्य उद्देश्य आर्मीनिया को मुश्किल में डालना है। अजरबैजान का कहना था कि वह केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। हलांकि नागोर्नो-काराबाख के अर्मीनियाई मूल के अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि क्षेत्र की राजधानी स्टेप्नाकेर्ट और इलाके के गांवों में मंगलवार को भारी गोलाबारी की गई।

संघर्ष विराम से पहले स्टेप्नाकेर्ट के आसपास बुधवार सुबह कुछ मिनटों के अंतराल पर नियमित तौर पर धमाकों की आवाजें सुनाई दे रही थी। कुछ धमाके शहर के नजदीक हो रहे थे जबकि बाकी आसपास के शहरों में हो रहे थे। स्टेप्नाकेर्ट में तबाही सड़कों पर देखी जा सकती है जहां दुकानों की खिड़कियों में लगे शीशे टूट गए हैं और क्षतिग्रस्त वाहन सामने पड़े थे।

नागोर्नो-काराबाख के मानवाधिकार लोकायुक्त गेघन स्टेपनयन ने बुधवार को कहा कि लड़ाई में सात असैन्य नागरिकों सहित कुल 32 लोगों की मौत हुई और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

अजरबैजान के महाभियोजक कार्यालय ने बताया कि नागोर्नो-काराबाख में अजरबैजान नियंत्रित शुशा शहर में आर्मीनियाई बलों ने गोलाबारी की जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस दावे की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि की जा सकती है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि नागोर्नो-काराबाख इलाके में मौजूद उसके शांतिरक्षकों ने दो हजार असैन्य लोगों को सुरक्षित निकाला है। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि सुरक्षित निकाले गए लोगों को कहां ले जाया गया है।

आर्मीनिया की राजधानी एरेवान में मंगलवार को हजारों की संख्या में लोग एकत्र हुए और उन्होंने सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने नागोर्नो-काराबाख में आर्मीनियाई मूल के लोगों की रक्षा करने की मांग की। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी ने खबर दी है कि बुधवार को संघर्ष विराम की घोषणा होने के कुछ समय बाद एरेवान के मुख्य हिस्से में लोग एकत्र हो रहे हैं।

# अमेरिका, चीन के साथ संघर्ष नहीं चाहता, लेकिन आक्रमकता और धमकी का जवाब देगा : बाइडन

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने विश्व नेताओं से कहा कि उनका देश चीन के साथ संघर्ष नहीं चाहता लेकिन वह उसकी आक्रमकता और धमकी का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन चीन के साथ तनावपूर्ण संबंधों का जिम्मेदार तरीके से प्रबंधन करना चाहता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा को मंगलवार को संबोधित करते हुए बाइडन ने कहा कि उनका देश चीन के साथ उन मुद्दों पर काम करने को तैयार है जहां पर प्रगति के लिए हमारी साझा कोशिश की जरूरत है, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं और इस पर अडिग हूं। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्ईय महासभा में आम बहस के पहले दिन शासनाध्यक्षों को संबोधित करते हुए बाइडन ने कहा कि हम प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारीपूर्वक प्रबंधन चाहते हैं ताकि वह संघर्ष में तब्दील न हो।



इस साल के शुरुआत में अमेरिका और चीन के बीच उस समय तनाव बढ़ गया था जब चीन के कथित जासूसी गुब्बारे अमेरिकी हवाई क्षेत्र में देखे गए। यूक्रेन युद्ध में चीन का रूस को समर्थन, व्यापार विवाद और मानवाधिकार अन्य मुद्दे हैं जिनपर दोनों की अलग-अलग राय है।

बाइडन ने कहा, मैने कहा कि हम खतरे को कम कर रहे हैं न कि चीन के साथ दूरी बना रहे। हम आक्रमकता और धमकी का मुकाबला करेंगे, नियम आधारित व्यवस्था की रक्षा करेंगे जिसमें नौवहन की आजादी से लेकर आर्थिक मामलों में बराबरी के आधार पर मुकाबला शामिल है जो दशकों के लिए सुरक्षा और समृद्धि को कायम रखने में मदद करेंगे।

बाइडन ने कहा कि उनका प्रशासन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव और उसकी सैन्य ताकत का मुकाबला करने का आह्वान करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब उनके प्रशासन ने चीन के साथ संपर्क बढ़ाया है। यह तब किया जा रहा है जब बाइडन और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के बीच गत एक साल से सीधा संवाद नहीं हुआ है। हालांकि, बाइडन प्रशासन ने संघर्ष से बचने के लिए संवाद के नियमित माध्यम को खोलने की पहल की है।

## कनाडा के आरोपों को ब्रिटिश सिख सांसदों ने चिंताजनक करार दिया

**लंदन।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के एक अलगवावादी सिख नेता की हत्या के मामले में भारत पर लगाए गए आरोपों को ब्रिटिश सिख सांसदों - प्रीत कौर गिल और तनमंजीत सिंह ढेसी ने चिंताजनक करार दिया है। कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर (45) की हत्या में भारत सरकार के एजेंट का हाथ होने के ट्रूडो के आरोपों के बाद कनाडा और भारत ने अपने-अपने देश में एक-दूसरे के वरिष्ठ राजनयिकों को मंगलवार को निष्कासित कर दिया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और बेबुनियाद बताते हुए उन्हें सिरे से खारिज किया है।

प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख और भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में शामिल निज्जर की दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गत 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# पुतिन ने अक्टूबर में चीन की यात्रा का निमंत्रण स्वीकार किया

एपी। मॉस्को




**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि उन्होंने अक्टूबर में होने वाले बेल्ट एंड रोड सम्मेलन के दौरान चीन की यात्रा के लिए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की ओर से भेजे गए निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।

पुतिन ने मॉस्को में चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात के बाद कहा कि रूस और चीन"एक बड़े यूरेशियन क्षेत्र के निर्माण के हमारे विचारों को एकीकृत कर रहे हैं"।

उन्होंने कहा कि चीन की बेल्ट एंड रोड पहल उसी का एक हिस्सा है।

यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से रूस का चीन की ओर झुकाव बढ़ा है। रूस ने चीन को ऊर्जा आपूर्ति बढ़ा दी है और दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं।

चीन ने यूक्रेन युद्ध पर तटस्थ रुख अपनाया है और उसने रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की भी निंदा की है। चीन ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और अमेरिका पर पुतिन को सैन्य कार्वाई के लिए उकसाने का भी आरोप लगाया। चीन ने पिछले साल कहा था कि रूस के साथ उसकी दोस्ती की "कोई सीमा नहीं है।



जापान के प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित किया।

# पाकिस्तान में इस माह की शुरुआत में अगवा किया गया हिंदू व्यक्ति घर लौटा

भाषा। कराची

**पाकिस्तान** के सिंध प्रांत में सितंबर के प्रारंभ में डकैतों द्वारा अगवा किए गए पांच लोगों में शामिल तीन हिंदू व्यक्ति घर लौट आए हैं। मीडिया में बुधवार को यह खबर दी गई।

डॉन न्यूज ने खबर दी कि काशमोर जिले में इस साल सितंबर की शुरुआत में डकैतों ने मुखी जगदीश कुमार, सागर कुमार, जयदीप कुमार, डॉ. मुनीर नाइज और मुश्ताक अली ममदानी को अगवा कर लिया था। इस घटना से चिंतित स्थानीय लोगों ने इन सभी को मुक्त कराने के वास्ते प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने के लिए इस माह के आरंभ में प्रदर्शन किया था। चार सितंबर को अपहर्ताओं के साथ मुठभेड़ के दौरान मुखी जगदीश कुमार और जयदीप कुमार को डकैतों के चंगुल से छुड़ा लिया गया था। इसके एक दिन बाद डॉ. मुनीर नाइज को भी ढूंढ़ लिया गया। चौथे बंधक सागर कुमार के परिवार के अनुसार, एक महीने से अधिक समय तक बंधक बनाए जाने के बाद कुमार मंगलवार रात काशमोर स्थित अपने घर लौट आए। सागर के भाई सुनील ने बताया कि उसका भाई घर लौट आया।

# ट्रूडो के आरोप बेहद गंभीर, भारत से सहयोग करने की अपील करते हैं : किर्बी

भाषा। न्यूयॉर्क

**अमेरिका** के एक शीर्ष अधिकारी ने सिख अलगाववादी नेता की हत्या में भारत की कथित संलिप्तता के बारे में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों को अत्यंत गंभीर करार देते हुए कहा कि वाशिंगटन इस मामले की जांच के ओटावा के प्रयासों का समर्थन करता है और साथ ही नई दिल्ली से इसमें सहयोग करने की अपील करता है।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा, निश्चित रूप से राष्ट्रपति (जो बाइडन) इन गंभीर आरोपों के प्रति सचेत हैं तथा ए बहुत ही गंभीर आरोप हैं। और हम इसकी जांच के लिए कनाडा के प्रयासों का समर्थन करते हैं। जॉन किर्बी ने सीएनएन को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, हमारा मानना है कि इस सिलसिले में पूरी तरह से पारदर्शी व्यापक जांच सही दृष्टिकोण है, ताकि हम सब जान सकें कि वास्तव में क्या हुआ था और निश्चित रूप से, हम भारत को इसमें सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा, मैं इस जांच की शुचिता को बनाए रखने के लिए यहां जो कुछ भी कहता हूं उसके बारे में सावधान रहूंगा और अंतर्निहित जानकारी के बारे में बात करने के लिए इसे कनाडा पर छोड़ दूंगा, वे और क्या जानने की कोशिश कर रहे हैं। हम उस प्रक्रिया और उनकी जांच का सम्मान करना चाहते हैं।

इन आरोपों के परिणामों के बारे में पूछे जाने पर किर्बी ने कहा, एक सक्रिय जांच चल रही है। हमारा मानना है कि इसे पूरी तरह से पारदर्शी, व्यापक होना चाहिए। हम जानते हैं कि कनाडा के अधिकारी इस दिशा में काम करेंगे।

सीबीएस न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में किर्बी ने कहा, ए आरोप गंभीर हैं और हम जानते हैं कि कनाडा के अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। हम निश्चित रूप से उस जांच से आगे नहीं बढ़ना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत से अमेरिका इस मामले की जांच में सहयोग करने की अपील करता है।

गौरतलब है कि प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख और भारत में सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में शामिल निज्जर (45) की दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गत 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी थी। ट्रूडो ने सोमवार को संसद में कहा था कि कनाडा की खुफिया एजेंसियां खालिस्तान समर्थक सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का हाथ होने के आरोपों की जांच कर रही हैं।

# इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में छह फलस्तीनियों को गोली मारी

एपी। तेल अवीव

**इजराइली** सुरक्षाबलों के सैन्य अभियान में कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में छह फलस्तीनियों की मौत हो गई। फलीस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इजराइल के सुरक्षा बलों का दावा है कि मारे गए लोगों में कम से कम तीन उग्रवादी लड़ाके शामिल थे। अधिकारी के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच जारी हिंसा में मंगलवार देर रात मरने वालों की संख्या चार हो गई थी। इसके बाद, फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उत्तरी वेस्ट बैंक में स्थित जेनिन शरणार्थी शिविर में इजराइली हमले में चार लोगों की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने बताया कि एक अन्य शरणार्थी शिविर में हमले में एक और फलस्तीनी की मौत हो गई, जबकि गाजा पट्टी में हिंसा के दौरान इजराइली गोलीबारी में छठे फलस्तीनी की भी मौत हो गई।

इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि अकाबत जबर के शरणार्थी शिविर में रात भर चले अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक फलीस्तीनी पर गोलीबारी की, क्योंकि वह उन पर विस्फोटक से हमला कर था।

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कुछ जलवायु लक्ष्यों से पीछे हटने के संकेत दिए

एपी। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को जलवायु परिवर्तन संबंधी कुछ प्रतिबद्धताओं से पीछे हटने के संकेत दिए।

उन्होंने कहा कि ब्रिटेन को हर हाल में जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ना चाहिए, लेकिन श्रमिकों और उपभोक्ताओं पर इसका प्रभाव पड़े बिना ऐसा किया जाना चाहिए।

इस खबर की राजनीतिक विरोधियों, पर्यावरण समूहों और ब्रिटिश उद्योग के बड़े हिस्से ने व्यापक आलोचना की, लेकिन सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी के कुछ वर्गों ने इस कदम का स्वागत किया है।

सुनक ने बीबीसी की एक रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मंगलवार देर रात एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री नई गैसोलीन और डीजल कारों पर प्रतिबंध की समय सीमा बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं, जो वर्तमान में 2030 के लिए निर्धारित है। इसी तरह, घरों को गर्म करने के लिए नई प्राकृतिक गैस पर रोक की समयसीमा भी बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है, जो वर्तमान में 2035 के लिए निर्धारित है।



सुनक ने कहा कि वह पर्यावरण के प्रति एक आनुपातिक दृष्टिकोण अपनाएंगे। बुधवार दोपहर के लिए निर्धारित भाषण से पहले योजनाओं पर चर्चा करने के लिए उन्होंने जल्दबाजी में अपने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। यह बैठक इस सप्ताह के अंत में होने वाली थी।

सुनक ने कहा, कई वर्षों से, सभी सरकारों में राजनेता लागत और सौदेबाजी के बारे में ईमानदार नहीं रहे हैं। इसके बजाय, उन्होंने यह कहते हुए आसान रास्ता निकाला है कि हम सब कुछ पा सकते हैं।

हालांकि, सुनक ने अपनी घोषणा के संबंध में अधिक विवरण साझा किए बिना कहा कि वह 2050 तक ब्रिटेन के ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को शून्य तक करने का वादा निभाएंगे, लेकिन बेहतर, अधिक आनुपातिक तरीके से। ब्रिटेन के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 1990 के स्तर से 46 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसका मुख्य कारण बिजली उत्पादन से कोयले को लगभग पूरी तरह से हटा देना है। सरकार ने 2030 तक उत्सर्जन को 1990 के स्तर के 68 प्रतिशत तक कम करने और 2050 तक इसे पूरी तरह शून्य करने का लक्ष्य हासिल करने का वादा किया था।

# भारत पर लगाए गए कनाडा के आरोपों पर सहयोगी देशों की अलग-अलग राय

भाषा। टोरंटो

**कनाडा** के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा एक प्रमुख सिख अलगाववादी नेता की हत्या मामले में भारत की संलिप्तता का आरोप लगाने के बीच कनाडाई मीडिया ने बताया है कि ओटावा के करीबी सहयोगी फाइव आइज कनाडा का पक्ष लेने के इच्छुक नहीं दिख रहे हैं। हालांकि संबंधित देशों ने कहा है कि दावे की गहराई से जांच होनी चाहिए।



कनाडा एक खुफिया गठबंधन फाइव आइज नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड शामिल हैं।

कनाडाई नागरिक 45 वर्षीय हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट का हाथ होने के ट्रूडो के आरोपों के बाद कनाडा और भारत ने अपने-अपने देश में एक-दूसरे के वरिष्ठ राजनयिक को मंगलवार को निष्कासित कर दिया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और बेबुनियाद बताते हुए उन्हें सिरे से खारिज किया था। प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख और भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में शामिल निज्जर (45) की दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गत 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

ट्रूडो ने सोमवार को संसद में कहा था कि कनाडा की खुफिया एजेंसियां खालिस्तान समर्थक सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का हाथ होने के आरोपों की जांच कर रही हैं।

कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (सीबीसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा के फाइव आइज सहयोगियों ने ट्रूडो के आरोपों को लेकर ओटावा और नई दिल्ली के बीच बढ़ते विवाद में कनाडा के पक्ष में अधिक सक्रियता नहीं दिखाई।

रिपोर्ट में कहा गया कि इस तथ्य के बावजूद कि ट्रूडो सरकार को लगता है कि उसके पास संसद में आरोप लगाने और एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित करने के लिए पर्याप्त जानकारी है, अधिकतर सहयोगी देशों ने आरोप की गहन जांच पर जोर दिया। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया सभी ने बयान जारी कर आरोपों की गहन जांच की मांग की है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी को संभवत: कनाडा का सबसे अधिक समर्थक बताते हुए सीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में उनके बयान का हवाला दिया, जिसमें किर्बी ने कहा, ए निश्चित रूप से गंभीर आरोप हैं और हमारा मानना है कि यह निर्धारित करने के लिए कि वे कितने विश्वसनीय हैं, इसकी गहन जांच की आवश्यकता है।

ऑस्ट्रेलिया ने एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या में भारत का हाथ होने के कनाडा के आरोपों को चिंताजनक बताया और कहा कि कैनबरा इससे जुड़े घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए है तथा उसने भारतीय समकक्षों के सामने यह मुद्दा उठाया है।

सीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एक अन्य सहयोगी ब्रिटेन ने इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने भारत का कोई उल्लेख किए बिना एक्स पर कहा, सभी देशों को संप्रभुता और कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए। हम कनाडा की संसद में उठाए गए गंभीर आरोपों के बारे में अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ नियमित संपर्क में हैं।

## ट्रम्प जूनियर का एक्स अकाउंट कुछ समय के लिए हैक किया गया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे एवं कारोबारी डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर के सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) के अकाउंट को बुधवार को कुछ समय के लिए हैक कर लिया गया। ट्रम्प जूनियर के हैक हुए अकाउंट से एक पोस्ट भी साझा की गई, जिसमें दावा किया गया कि उनके पिता एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मौत हो गई है।

डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के हैक होने के बाद सुबह आठ बजकर 25 मिनट पर उससे एक पोस्ट किया गया, मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मेरे पिता डोनाल्ड ट्रम्प का निधन हो गया है। मैं 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में अपनी दावेदारी पेश करूंगा।

# संरा ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से हिरासत में लिए लोगों पर अत्याचार बंद करने को कहा

एपी। इस्लामाबाद

**संयुक्त** राष्ट्र ने बुधवार को कहा कि उसे अफगानिस्तान में लोगों की गिरफ्तारियों और हिरासत के दौरान प्राधिकारियों द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन के 1,600 से अधिक मामलों का पता चला है तथा उसने तालिबान सरकार से हिरासत में लिए गए लोगों का उत्पीड़न रोकने तथा उनके अधिकारों की रक्षा करने का आग्रह किया।

अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन ने कहा कि करीब 50 प्रतिशत उल्लंघन प्रताड़ना और अन्य क्रूर, अमानवीय तथा अपमानजनक बर्ताव से जुड़े हैं।

मिशन की मानवाधिकार सेवा की रिपोर्ट में अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से 29 में जनवरी 2022 से जुलाई 2023 के तक मामले दर्ज किए गए हैं। उसने बताया कि 11 फीसदी मामले महिलाओं से संबंधित हैं।

उसने कहा कि कबूलनामे और अन्य सूचना निकलवाने से जुड़े उत्पीड़न में पिटाई, दम घुटना, छत से लटकाना और बिजली के झटके देना शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त ने रिपोर्ट के साथ एक बयान जारी कर कहा, पिटाई, बिजली के झटके और क्रूरता के अन्य तरीके तथा अपमानजनक बर्ताव के साथ लोगों तथा उनके परिवार को धमकियां दिए जाने की दास्तान खौफनाक है।

उन्होंने कहा, यह रिपोर्ट बताती है कि प्रभावी जांच की आड़ में अत्याचार को एक हथकंडे के रूप में इस्तेमाल किया गया। मैं सभी संबंधित प्राधिकारियों से इन अत्याचारों को रोकने तथा दोषियों को जवाबदेह ठहराने के लिए ठोस उपाय करने का अनुरोध करता हूं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अत्याचार और अन्य अपमानजनक बर्ताव के मामलों में शारीरिक यातना के 259 मामले और मानसिक यातना के 207 मामले शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि उसका मानना है कि हिरासत में अत्याचार की घटनाएं बेहद कम दर्ज की गई हैं और आकंड़ें इससे कहीं अधिक हो सकते हैं।

रिपोर्ट में दर्ज एक प्रतिक्रिया में तालिबान नीत विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकारी एजेंसियों ने हिरासत में चल रहे लोगों के मानवाधिकार की स्थिति में सुधार के लिए कदम उठाए हैं और इस्लामिक कानून में अत्याचार निषिद्ध है।

## तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोआन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में उठाया कश्मीर मुद्दा

**संयुक्त राष्ट्र।** तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उच्च स्तरीय 78वें सत्र में कश्मीर का मुद्दा उठाया। एर्दोआन ने मंगलवार को महासभा की आम बहस में विश्व नेताओं को दिए संबोधन में कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद तथा सहयोग के जरिए कश्मीर में न्यायपूर्ण एवं स्थाई शांति की स्थापना कर दक्षिण एशिया में शांति, स्थिरता तथा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा, तुर्किए इस दिशा में उठाए गए कदमों का समर्थन करना जारी रखेगा।

एर्दोआन की यह टिप्पणी तब आई है, जब कुछ सप्ताह पहले उन्होंने नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी।

# राष्ट्रपति ने पर्यावरण की देखभाल पर जोर दिया

भाषा। नई दिल्ली




**राष्ट्रपति** द्रोपदी मुर्मू ने बुधवार को मनावाधिकार को एक अलग मुद्दा न मानने का आग्रह करते हुए प्राकृतिक पर्यावरण की देखभाल पर समान ध्यान देने पर जोर दिया और इस बात पर अफसोस जताया कि मानव के अविवेकपूर्ण कार्यों से मातृ प्रकृति बुरी तरह से आहत है। विज्ञान भवन में एशिया प्रशांत के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के द्विवार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुर्मू ने यह भी कहा कि इससे पहले कि बहुत देर हो जाए प्रकृति के संरक्षण और समृद्धि के लिए इसके (प्रकृति के) प्रति प्रेम को फिर से जागृत किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) एशिया प्रशांत मंच (एपीएफ) के सहयोग से 20-21 सितंबर को किया जा रहा है।

मुर्मू ने कहा कि उन्होंने मंच के पहले हुए सम्मेलनों की सूची देखी और इस बात पर खुशी जताई की कोविड के बाद भौतिक रूप से आयोजित यह पहला सम्मेलन है। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि सम्मेलन में करीब 100 विदेशी प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

मुर्मू ने प्राकृतिक पर्यावरण में आ रही गिरावट को भी रेखांकित किया। राष्ट्रपति ने कहा, मानव जितना अच्छा निर्माता है उतना ही विध्वंसक भी है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, यह ग्रह विलुप्त होने के छठे चरण में प्रवेश कर चुका है, जिसमें मानव निर्मित विनाश को अगर रोका नहीं गया, तो न केवल मानव जाति, बल्कि इस पृथ्वी पर अन्य जीवन भी नष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा, इस संदर्भ में, मैं आपसे आग्रह करती हूं कि आप मानवाधिकारों के मुद्दे को अलग न माने और मातृ प्रकृति की देखभाल पर भी समान ध्यान दें, जो मानव के अविवेकपूर्ण कार्यों से बुरी तरह से आहत है।

राष्ट्रपति ने कहा, भारत में हम यह मानते हैं कि ब्रह्मांड का प्रत्एक कण दिव्यता की अभिव्यक्ति है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, हमें प्रकृति के संरक्षण और समृद्धि के लिए अपने प्रेम को फिर से जगाना चाहिए। ग्लोबल अलांयस ऑफ नेशनल ह्यूमन राइट्स इंस्ट्टीयूशन की सचिव अमीना बौयाच, एपीएफ के अध्यक्ष डू-ह्वान सॉन्ग और एनएचआरसी के प्रमुख न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा ने राष्ट्रपति के साथ मंच साझा किया। एपीएफ बुधवार को विज्ञान भवन में अपनी 28वीं वार्षिक आम बैठक भी आयोजित कर रहा है जिसमें सदस्य देशों के साझा हित के मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। सम्मेलन में नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, फिलीपीन, जॉर्डन और ऑस्ट्रेलिया सहित अन्य देशों के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

मुर्मू ने कहा, हमें एक पल के लिए अपने चारों ओर महामारी और प्राकृतिक आपदाओं के कारणों पर विचार करना चाहिए। हमें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर भी विचार करना चाहिए जो पृथ्वी के अस्तित्व को खतरे में डाल रही हैं।

राष्ट्रपति ने कहा, मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा के मसौदे को आकार देने में (महात्मा) गांधी का जीवन और विचार भी महत्वपूर्ण थे। उन्होंने मानवाधिकार विमर्श को प्रभावित किया। मुर्मू ने कहा कि गांधीजी के प्रभाव की वजह से ही मानव अधिकारों की धारणा का विस्तार हुआ और यह जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं से लेकर जीवन की गरिमा तक विस्तारित हुआ। उन्होंने कहा कि इसी तरह, डॉ. बीआर आंबेडकर मानवाधिकारों के प्रबल समर्थक थे। राष्ट्रपति के मुताबिक, डॉ. आंबेडकर ने कमजोर वर्गों को अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना और सम्मान के साथ जीना सिखाया।

# राजन्ना तीन और उप मुख्यमंत्री बनाने के अपने प्रस्ताव पर अड़े

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में तीन और उप मुख्यमंत्री बनाने की मांग को दोहराते हुए राज्य के सहकारी मंत्री के.एन.राजन्ना ने बुधवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के हित को ध्यान में रखते हुए उनके प्रस्ताव में कुछ भी गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव किसी के उकसावे में आकर पेश नहीं किया गया है। राजन्ना ने कहा कि वीरशैव-लिंगायत, अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को उप मुख्यमंत्री का पद दिया जाना चाहिए। इन कयासों को भी बकवास करार दिया कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इस तरह का विचार प्रकट करने के लिए कहा है।

मंत्री ने पहली बार यह प्रस्ताव 16 सितंबर को सार्वजनिक रूप से पेश किया। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व से बात करेंगे। राजन्ना ने कहा, मैंने जाति या समुदाय आधारित तीन और उप मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव पेश किया, मुझे समझ नहीं आ रहा है कि इसमें गलत क्या है? मैंने पार्टी के हित में कांग्रेस नेतृत्व से इस पर विचार करने का अनुरोध किया है। अगर पार्टी नेतृत्व उचित समझेगा तो वह इसे लागू करेगा, अगर वह उचित नहीं समझेगा तो छोड़ देगा, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। राजन्ना ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मीडिया के कुछ धड़ों में खबर चल रही है कि तीन उप मुख्यमंत्रियों का प्रस्ताव मैंने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के कहने पर दिया। न तो मैं सिद्धरमैया से इस मुद्दे पर मिला और न ही इस प्रस्ताव को उनके समक्ष रखा। इस बारे में कोई चर्चा नहीं की गई।

इस समय सिद्धरमैया मंत्रिमंडल में एक मात्र उप मुख्यमंत्री वोक्कालिगा समुदाय के डी.के.शिवकुमार हैं। वह राज्य में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। कांग्रेस के एक धड़े का कहना है कि राजन्ना का बयान सिद्धरमैया गुट की योजना का हिस्सा है जो शिवकुमार को नियंत्रण में रखना चाहता है। चर्चा है कि राज्य सरकार का ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद वह मुख्यमंत्री पद पर दावेदारी कर सकते हैं। ऐसे में सरकार और पार्टी दोनों में उनके प्रभाव को सीमित करने के लिए यह बयान दिलवाया गया।

शिवकुमार के महत्व को कम करने के लिए तीन और उप मुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव लाने के आरोपों पर सफाई देते हुए राजन्ना ने कहा कि यह सच्चाई से कहीं दूर है। आगामी लोकसभा चुनाव पार्टी , देश और इस सरकार के लिए अहम है। हमें (कांग्रेस) कर्नाटक में और सीट जीतनी होगी। अगर हम कम सीट जीतते हैं तो वो (भारतीय जनता पार्टी) कहेंगे कि हमने जनादेश खो दिया है और हमें इस्तीफा देना चाहिए...इसलिए हमें लोकसभा की अधिक सीटें जीतनी हैं।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सेना प्रमुखों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना अगले हफ्ते हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुखों के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी करेगी। यह सम्मेलन हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर उपजी वैश्विक चिंताओं के मद्देनजर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक साझा रणनीति विकसित करने के मकसद से आयोजित किया जा रहा है। दिल्ली में 26-27 सितंबर को प्रस्तावित इस सम्मेलन में 22 देशों के 15 सेना प्रमुख और प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेंगे। अमेरिकी सेना इस सम्मेलन की सह-मेजबानी कर रही है। इंडो-पैसिफिक आर्मी चीफ्स कॉन्क्लेव (आईपीएसीसी) में विभिन्न संकटों से निपटने में सैन्य कूटनीति की भूमिका, क्षेत्र के सशस्त्र बलों के बीच सहयोग में इजाफा करने के तरीकों और अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

इस सम्मेलन के इतर भारत के स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों, सैन्य प्रणालियों और मंचों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। भारतीय सेना आईपीएसीसी के 13वें संस्करण के साथ 47वें इंडो-पैसिफिक आर्मीज मैनेजमेंट सेमिनार (आईपीएएमएस) और सीनियर एनलिस्टेड लीडर्स फोरम (एसईएलएफ) की भी मेजबानी करेगी। थल सेना के उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने कहा कि यह सम्मेलन साझा दृष्टिकोण के प्रति समान दृष्टिकोण विकसित करने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा और यह मजबूत सैन्य बंधन के माध्यम से दोस्ती को गहरा करने में मदद करेगा। आईपीएसीसी 1999 में शुरू किया गया एक द्विवार्षिक सम्मेलन है, जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुख साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए इकट्ठे होते हैं।

# मणिपुर संकट के लिए कांग्रेस की नीतियां जिम्मेदार

**जोधपुर (राजस्थान)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों में अपने शासन के दौरान परेशानी पैदा करने का बुधवार को आरोप लगाया। उन्होंने मणिपुर संकट के लिए भी कांग्रेस की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा की परिवर्तिन संकल्प यात्रा के लिए जोधपुर पहुंचे शर्मा ने सनातन धर्म पर की गई टिप्पणियों पर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने दावा किया कि चुप्पी इन टिप्पणियों का समर्थन है।

जोधपुर पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए शर्मा ने कहा, जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्य अशांत थे। आज सात राज्यों में शांति है। उन्होंने कहा, आज मणिपुर की जो हालत है उसके लिए कांग्रेस (सरकार) की नीतियां जिम्मेदार हैं। मणिपुर में तीन मई को भड़की जातीय हिंसा में अबतक 175 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है तथा सैकड़ों लोग जख्मी हुए हैं। शर्मा ने सनातन धर्म पर द्रमुक नेताओं की टिप्पणी को लेकर



इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर प्रहार किया।

भाजपा नेता ने कहा, इंडिया (गठबंधन) के सदस्यों द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ बार-बार बयान देने के बावजूद, कांग्रेस ने चुप्पी साध रखी है। यहां तक कि राहुल गांधी ने भी सनातन धर्म की आलोचना से खुद को अलग करने के लिए कोई बयान जारी नहीं किया है। इससे साफ पता चलता है कि वह उनके साथ हैं। द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना वायरस जैसी बीमारियों से की थी और कहा था कि ऐसी चीज़ों का विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि खत्म कर देना चाहिए। शर्मा ने कहा, अगर आप अकादमिक बहस में भी इस्लाम के खिलाफ बोलते हैं तो आपका सिर काट दिया जाता है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सदस्यों द्वारा सनातन धर्म की लगातार आलोचना की जा रही है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा, मैं भी नहीं चाहता कि कोई इस्लाम के खिलाफ बोले, लेकिन सनातन धर्म के खिलाफ बयानों के बावजूद कांग्रेस ने चुप्पी साध रखी है। राजस्थान के बारे में शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत घबराए हुए हैं और कुछ-कुछ दिनों पर नई योजनाओं का ऐलान कर रहे हैं। शर्मा ने कहा, यदि वह वास्तव में लोगों के कल्याण को लेकर चिंतित थे, तो उन्हें चुनाव से बहुत पहले ही ए योजनाएं शुरू करनी चाहिए थीं। राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। शर्मा ने दावा किया कि असम में मंहगाई दर सिर्फ चार प्रतिशत है जबकि राजस्थान में यह 8.6 फीसदी है। उन्होंने राज्य में पेट्रोल-डीज़ल के अधिक दामों के लिए कांग्रेस से माफी की मांग की।

## मुंबई में जीएसबी सेवा मंडल के गणेश पंडाल पहुंचे भागवत, पूजा अर्चना की

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत बुधवार को मुंबई में गौड़ सारस्वत ब्राह्मण (जीएसबी) सेवा मंडल के प्रसिद्ध गणेश पंडाल पहुंचे और पूजा अर्चना की। भागवत ने मंडल के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मध्य मुंबई में किंग्स सर्कल के पास पंडाल में भगवान की पूजा की। जीएसबी की गणेश मूर्ति को कई किलोग्राम सोने के आभूषणों, चांदी के साथ-साथ अन्य कीमती वस्तुओं से सजाया गया है। भगवान गणेश की इस मूर्ति के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। दस दिवसीय गणेश उत्सव 19 सितंबर से शुरू हुआ है। जानेमाने क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर भी इस गणेश पंडाल में पहुंचे और पूजा-अर्चना की। भागवत ने मंगलवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पुणे के प्रसिद्ध दगडूशेठ गणपति पंडाल में विशेष पूजा की थी।

# मंत्री ने रस्मों को गलत समझा किसी से कोई भेदभाव नहीं हुआ

### ● अस्पृष्यता विवाद पर पुजारियों ने कहा

**कन्नूर (केरल)।** केरल के देवस्वओम मंत्री के. राधाकृष्णन के खिलाफ छुआछूत की कथित घटना को लेकर राज्य में वरिष्ठ पुजारियों के एक संगठन ने बुधवार को कहा कि मंत्री ने अनुष्ठान की रस्मों को गलत समझा और मंदिर में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं हुआ। अखिल केरल तंत्री समाजम की राज्य समिति ने कहा कि जो पुजारी देव पूजा करते हैं वे पूजा खत्म होने तक किसी को भी छू नहीं सकते चाहे वह ब्राह्मण हो या गैर ब्राह्मण। संगठन ने इस विवाद पर आश्चर्य व्यक्त किया और पूछा कि कहीं इस मुद्दे पर विवाद खड़ा करने के पीछे कोई गलत इरादा तो नहीं है। संगठन ने दावा किया कि तकनीकी रूप से घटना आठ महीने पुरानी है और आरोप लगाया कि एक निष्छल कर्म का इस्तेमाल सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पैदा करने के लिए किया जा रहा है। समाजम पारंपरिक वरिष्ठ पुजारियों का एक संघ है जो केरल के अधिकतर मंदिरों में पूजा पाठ एवं अनुष्ठान की रस्मों के निर्वहन पर फैसला करता है।

सवालों के घेरे में जो घटना है उसमें मंदिर के तंत्री (पारंपरिक वरिष्ठ पुजारी) की अनुपस्थिति के कारण पूजा कर रहे मेलशांति (मुख्य पुजारी) को आखिरी समय में बुलाया गया और दीपक प्रज्ज्वलित के लिए कहा गया। पुजारियों की संस्था ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि दीपक प्रज्ज्वलित करने के बाद वह (पुजारी) पूजा पूरी करने के लिए वापस चले गए और इस रस्म को मौके पर मौजूद मंत्री ने छुआछूत समझ लिया। वहीं, संगठन ने यह भी सवाल किया कि कहीं इस मुद्दे के पीछे कोई गलत मंशा तो नहीं है क्योंकि घटना करीब आठ महीने पहले हुई थी और विवाद अब हो रहा है। संगठन ने कहा कि केरल की संस्कृति में मंदिरों में स्वच्छता को शुद्ध रूप से आध्यात्मिक माना जाता है और दावा किया कि यह जाति-आधारित भेदभाव नहीं है।

संगठन ने कहा कि मालाबार देवस्वओम बोर्ड के तहत मंदिर में कार्यरत दो पुजारियों के खिलाफ महज जाति के आधार पर गंभीर मामला दर्ज किया गया है। इसने दावा किया कि हकीक्त से अनजान कुछ लोग मंत्री के बयान के आधार पर मंदिर के मेलशांति और उनके समुदाय का अपमान कर रहे हैं। पोस्ट में कहा गया, ऐसे लोग एक निष्छल कर्म की गलत व्याख्या करने और समाज में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसे केवल केरल में अस्पृश्यता की उपस्थिति का दावा करके सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पैदा करने का एक कदम माना जा सकता है।

पुजारियों ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करने वाले ऐसे दुर्भावनापूर्ण विवादों में शामिल न हों। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिवालय ने मंगलवार शाम इस घटना की निंदा की और कहा कि यह केरल के लिए शर्मनाक है। पार्टी ने कहा कि ऐतिहासिक कारणों से पैदा हुई सामाजिक असमानताएं अब भी प्रचलित हैं और सरकार उनका समाधान खोजने के लिए काम कर रही है। माकपा ने लोगों से ऐसी प्रथाओं के खिलाफ सतर्क रहने और इनका उन्मूलन करने का आग्रह किया।

अनुसूचित जाति समुदाय से संबंध रखने वाले राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा था कि एक मंदिर के दो पुजारियों ने मंदिर में उद्घाटन के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर रखे मुख्य दीपक को जलाने के लिए लाए गए छोटे दीपक को उन्हें सौंपने से इनकार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बजाय, उन्होंने खुद मुख्य दीपक जलाया और इसके बाद छोटा दीपक जमीन पर रख दिया, यह सोचकर कि वह इसे ले लेंगे। मंत्री ने मंदिर के नाम का खुलासा नहीं किया, लेकिन समाचार चैनलों ने कन्नूर जिले के पय्यानूर में एक मंदिर में नाडापंडाल के हालिया उद्घाटन के दृश्य प्रसारित किए, जिसमें मंत्री ने भाग लिया था। वीडियो में दिखता है कि पुजारी छोटा दीपक मंत्री को नहीं सौंपते और इसे जमीन पर रख देते हैं। राधाकृष्णन ने बाद में कहा था कि जाति व्यवस्था कुछ लोगों के दिमाग में एक दाग की तरह है और इसे तुरंत हटाना आसान नहीं है। देवस्वओम मंत्री ने स्पष्ट किया था कि उनका इरादा इस घटना को विवाद में बदलने का नहीं था और उन्होंने सिर्फ लोगों को सामाजिक बुराई के बारे में जागरूक करने की कोशिश की थी। उन्होंने यह भी कहा कि भेदभाव केवल लोगों के प्रति दिखाया गया।

## एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) अरुप राहा असम विवि के कुलपति नियुक्त किए गए

**सिलचर (असम)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) अरुप राहा को पांच साल की अवधि के लिए असम विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रदोष किरण नाथ द्वारा बुधवार को जारी एक नोटिस के अनुसार असम विश्वविद्यालय अधिनियम, 1989 के विधान एक के प्रावधानों के अनुसार राहा की नियुक्ति 15 सितंबर से प्रभावी होगी। नोटिस में कहा गया है कि 69 वर्षीय राहा जाने माने कवि, गीतकार और फिल्मकार गुलजार की जगह लेंगे। वह असम विश्वविद्यालय के अधिनियम के प्रावधानों एवं विधान के अनुसार अपने अधिकारों का इस्तेमाल और कामकाज करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक से पत्र प्राप्त होने के बाद यह अधिसूचना जारी की गई। सैनिक स्कूल, पुरुलिया के पूर्व छात्र राहा ने 31 दिसंबर, 2013 से 31 दिसंबर, 2016 तक 21वें वायु सेना प्रमुख के रूप में कार्य किया था।

# एच.डी. कुमारस्वामी भाजपा नेतृत्व से मुलाकात के लिए आज दिल्ली जाएंगे

**रामनगर (कर्नाटक)।** जनता दल (सेक्युलर) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए कर्नाटक में संभावित गठबंधन पर चर्चा करने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से मिलने के लिए 21 सितंबर को नई दिल्ली जाएंगे। कुमारस्वामी ने जद (एस) और भाजपा के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत संबंधी मीडिया रिपोर्ट को महज अटकलें करार दिया और कहा कि अभी तक इस संबंध में कोई चर्चा नहीं हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कर्नाटक में सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष की आवश्यकता को भी रेखांकित किया और कहा कि चर्चा इसी पर केंद्रित होगी।

कुमारस्वामी ने सुबह संवाददाताओं से कहा, मैं सुबह दिल्ली जा रहा हूं। मैं कल केंद्र सरकार के आलाकमान से मुलाकात करूंगा। लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि चन्नापटना निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने उन्हें वोट दिया है और वह उनका प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। बाद में दिन में कुमारस्वामी ने पत्रकारों से कहा, कल एक बैठक है। बैठक में चर्चा के बाद इसका नतीजा सामने आएगा। सभी मीडिया रिपोर्ट महज अटकलें हैं। सीट बंटवारे या अन्य चीजों को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की चर्चा तब से सुर्खियों में है, भाजपा के वरिष्ठ नेता बी.एस. एदियुरप्पा ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि उनकी पार्टी आम चुनावों के लिए जद (एस) के साथ गठबंधन करेगी और क्षेत्रीय पार्टी कर्नाटक में चार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जिसमें कुल 28 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हैं। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में कर्नाटक में 25 सीटें जीती थीं, जबकि उसके समर्थन वाली निर्दलीय (मांड्या से सुमलता अंबरीश) ने एक सीट पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस और जद(एस) ने एक-एक सीट जीती थी। इस साल मई में हुए 224 सदस्ईय कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 135 सीटें मिलीं। जबकि भाजपा को 66 और जद (एस) को 19 सीटें मिलीं।

# गोरक्षा सभी धर्म एवं देश के लोगों के हित में है : भैयाजी जोशी

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता सुरेश उर्फ भैयाजी जोशी ने बुधवार को कहा कि गायों की रक्षा करना सभी लोगों के हित में है, चाहे वे हिंदू हों, मुस्लिम हों या ईसाई हों या वे किसी भी देश के हों। जोशी ने इसको लेकर अफसोस जताया कि भारत के लोगों को अब भी गोरक्षा का महत्व समझाना पड़ता है। आरएसएस की कार्यकारी समिति के सदस्य एवं इसके पूर्व महासचिव जोशी यहां गोरक्षण सभा की एक नई परियोजना के भूमि पूजन पर एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, अतीत में, हिंदू समुदाय कई अन्य मुद्दों के साथ-साथ गायों के प्रति उदासीन हो गया। हालांकि कुछ लोगों ने 1888 में गोरक्षण सभा के माध्यम से गोरक्षा के लिए काम करना शुरू किया।

उन्होंने कहा, हालांकि यह दुखद है कि हमें भारत में गोरक्षा का कार्य करने की जरूरत पड़ रही है। यह दुखद है कि हमें लोगों को भारत में गाय संरक्षण के महत्व को समझाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गोमाता एक अत्यंत संवेदनशील प्राणी है। उन्होंने कहा कि गाय की रक्षा करना सभी लोगों के हित में है। जोशी ने कहा कि ऐसा कोई कारखाना नहीं है जो अनाज, सब्जियां और फल पैदा कर सके।

जोशी ने कहा, हजारों वर्षों का विज्ञान और ज्ञान हमें सिखाता है कि रासायनिक उर्वरक मिट्टी को पोषण नहीं दे सकते। भारत में एक समय खाद्यान्न की आवश्यकता के कारण एक अलग कृषि नीति अपनाई गई थी क्योंकि उस समय इसकी आवश्यकता थी, खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए। हालांकि, यह आज खतरनाक साबित हो रहा है, और केवल एक ही प्राणी हमें इससे बचा सकता है और वह है गाय। उन्होंने कहा, गाय पर जितने भी शोध चल रहे हैं, वे बताते हैं कि इसकी सुरक्षा मानव जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह बात हिंदुओं, मुसलमानों, ईसाइयों पर लागू होती है और भारत, अमेरिका और अन्य सभी स्थानों पर लागू होती है, क्योंकि प्रकृति हर जगह एक जैसी है। आरएसएस नेता ने कहा कि भूमि का संरक्षण उस पर होने वाले अत्याचारों को खत्म करने का एक तरीका है। उन्होंने कहा, गोमाता की हर चीज मानव जीवन की रक्षा करती है और उसका पोषण करती है। मानव के अस्तित्व के लिए गायों का जीवित रहना जरूरी है।

# आदित्य मिशन अंतरिक्ष में ऊर्जा कणों पर स्टेप्स की मदद से जुटा रहा जानकारी

भाषा। कोलकाता

**भारत** के सूर्य मिशन आदित्य एल। ने एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया के पश्चात लैग्रेंज बिंदु-। की ओर अपनी यात्रा शुरू करने के बाद अंतरिक्ष में सौर हवा में ऊर्जा कणों का अध्ययन करना शुरू कर दिया है, और यह अपनी शेष कार्य अवधि के दौरान भी इस काम को जारी रखेगा। एक तारा-भौतिकविद ने यह बात कही। सौर पवन और सूर्य से आवेशित कणों के निरंतर प्रवाह का अध्ययन सुप्रा थर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (स्टेप्स) नामक उपकरण की मदद से किया जाएगा, जो आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) का एक हिस्सा है।

भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) में अंतरिक्ष और वायुमंडलीय विज्ञान के प्रोफेसर डॉ दिब्यंदु चक्रवर्ती ने कहा, स्टेप्स अब अंतरिक्ष से काम कर रहा है। हालांकि, यह पहले बेकार नहीं बैठा था। इसने 10 सितंबर से पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के भीतर काम करना शुरू कर दिया है, जब आदित्य हमारे ग्रह से 52,000 किलोमीटर ऊपर था। स्टेप्स को पीआरएल द्वारा अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी) के सहयोग से विकसित किया गया था। उन्होंने कहा कि स्टेप्स का मुख्य उद्देश्य एल। बिंदु पर अंतरिक्ष यान की स्थिति से लेकर इसके कार्य करने तक ऊर्जा कणों के वातावरण का अध्ययन करना है।

अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने कहा, लंबे समय में स्टेप्स के डेटा से हमें यह समझने में भी मदद मिलेगी कि अंतरिक्ष का मौसम कैसे बदलता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गत दो सितंबर को आदित्य-एल। का प्रक्षेपण किया था जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर पहले लैग्रेंजियन बिंदु तक जाएगा। वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी और सूर्य के बीच पांच लैग्रेंजियन बिंदु (या पार्किंग क्षेत्र) हैं, जहां पहुंचने पर कोई वस्तु वहीं रुक जाती है। लैग्रेंजियन बिंदुओं का नाम इतालवी-फ्रांसीसी गणितज्ञ जोसेफ-लुई लैग्रेंज के नाम पर रखा गया है। अंतरिक्ष यान इन बिंदुओं का इस्तेमाल अंतरिक्ष में कम ईंधन खपत के साथ लंबे समय तक रहने के लिए कर सकते हैं।

## कर्नाटक में सूखे जैसी स्थिति, अदालत से कावेरी प्राधिकरण के आदेश पर रोक का आग्रह करेंगेः सिद्धरमैया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में सूखे जैसी स्थिति का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार सीडब्ल्यूएमए के आदेश पर स्थगन का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) ने 28 सितंबर तक तमिलनाडु को रोजाना करीब 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया था। प्राधिकरण का आदेश 18 सितंबर को आया था। सिद्धरमैया ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने की भी मांग की है। सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार इस मामले पर चर्चा करने के लिए जलशक्ति मंत्री से मिल सकते हैं। इस बीच, वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार से इस मामले का राजनीतिकरण नहीं करने की अपील की और कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु को 5000 क्यूसेक पानी में से 2500 क्यूसेक जारी करने पर राजी हो गया है। इस मुद्दे पर यहां राष्ट्रीय राजधानी में कर्नाटक के सभी सांसदों एवं केंद्रीय मंत्रियों के साथ एक बैठक में चर्चा की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को छोड़कर राज्य के सभी सांसद इस बैठक में मौजूद थे। इस बैठक के बाद सिद्धरमैया ने संवाददाताओं से कहा, राज्य मुश्किल में है क्योंकि हमारे यहां पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। 230 तालुकों में से 195 को सूखा प्रभावित घोषित कर दिया गया है। शीघ्र होने वाली एक बैठक में 20 और तालुका सूखा प्रभावित घोषित किए जाएंगे।

# कुर्मी समाज के आंदोलन से कई ट्रेनें रद्द या उनका मार्ग बदला गया

भाषा। रांची, भुवनेश्वर

**झारखंड** और ओडिशा में कुर्मी समाज के सदस्यों के विरोध प्रदर्शन और नाकेबंदी की वजह से दक्षिण पूर्वी रेलवे (एसईआर) और पूर्वीय तटीय रेलवे (ईसीओआर) ने बुधवार को कई ट्रेन रद्द कर दीं या उनके मार्गों को बदल दिया जिनमें राजधानी एक्सप्रेस और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एसईआर रेलवे ने एक विज्ञप्ति में बताया कि कुल सात ट्रेन रद्द की गई हैं और नौ का मार्ग बदला गया है। उसमें कहा गया है कि कुर्मी समाज द्वारा किए जा रहे आंदोलन की वजह से ट्रेन के मार्गों में बदलाव किया गया है जिनमें पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस और हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस शामिल हैं जबकि हावड़ा-मुंबई गीतांजलि एक्सप्रेस और हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेन को रद्द किया गया है।




अपनी मांगों को लेकर मुरी जंक्शन पर प्रदर्शन करते कुर्मी समाज के लोग

इस बीच, ईसीओआर ने एक अन्य विज्ञप्ति में बताया कि आज के लिए कई ट्रेन को रद्द या उनके मार्गों में परिवर्तन किया गया है जिनमें भुवनेश्वर-नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस और भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि कोलकाता उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत कुर्मी आदिवासी समाज के आंदोलन को कल रद्द कर दिया गया था लेकिन उसने आज नया मोड़ ले लिया और झारखंड के विभिन्न इलाकों में आंदोलन शुरू हो गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आंदोलन झारखंड में चक्रधरपुर के पास मनोहरपुर तथा गोमोह और मुरी के पास अन्य स्थानों पर किया जा रहा है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टीए शिवज्ञानम की अगुवाई वाली पीठ ने कुर्मी समुदाय द्वारा अनिश्चितकालीन रेल और सड़क नाकेबंदी के आह्वान को मंगलवार को अवैध और असंवैधानिक घोषित किया था। कई कुर्मी संगठनों ने पहले बुधवार से झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के नौ स्टेशनों पर आंदोलन की घोषणा की थी। वे समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा देने और कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं।

झारखंड में, निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए, कई आंदोलनकारियों ने मुरी रेलवे स्टेशन तक मार्च किया और रेल की पटरियों पर बैठ गए। चांडिल के अनुमंडल अधिकारी रंजीत लोहरा ने बताया कि पुलिस ने सरायकेला-खरसावां जिले में नीमडीह रेलवे क्रॉसिंग के पास प्रदर्शनकारियों पर तब लाठीचार्ज किया, जब उन्होंने अवरोध लगाने का प्रयास किया। आदिवासी कुर्मी समाज (एकेएस) के संयोजक हरमोहन महतो ने दावा किया कि उनके एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को नीमडीह में हिरासत में लिया गया है। टोटेमिक कुर्मी विकास मोर्चा (टीकेवीएम) के सदस्य बुधवार सुबह झारखंड के सिंहभूम जिले में घाघरा स्टेशन पर रेल पटरियों पर बैठ गए। अधिकारियों ने कहा कि रांची के मुरी में सुरक्षाकर्मियों ने करीब 500 प्रदर्शनकारियों को स्टेशन से एक निश्चित दूरी पर रोक दिया।

# अंतिम पंघाल ने विश्व चैंपियन को हराया पर सेमीफाइनल में हारी

**भाषा।** बेलग्रेड (सर्बिया)



**भारत** की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के सफर के दौरान बुधवार को यहां अमेरिका की मौजूदा विश्व चैंपियन ओलिविया डोमिनिक पैरिश को हराया लेकिन इस युवा पहलवान को अंतिम चार के मुकाबले में शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे वह पेरिस ओलंपिक के कोटा और कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी।

पंघाल को महिला 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी बेलारूस की वेनेसा केलादजिन्सकाया के खिलाफ तकनीकी अंक के आधार पर 4-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी। वेनेसा तटस्थ खिलाड़ी के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं। भारतीय पहलवान अब भी ओलंपिक कोटा हासिल कर सकती है बशर्ते या तो वह कांस्य पकद जीत ले या फिर कांस्य पदक के मुकाबले को हारने वाली पहलवानों के बीच होने वाले मुकाबले को जीत लें।

दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन पंघाल ने सीनियर स्तर पर अच्छी तरह से अपने पैर जमाए हैं। यहां भी उन्होंने अपने पहले तीन मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि अन्य भारतीयों को अपने वर्गों में हार का सामना करना पड़ा। पंघाल पैरिश के खिलाफ पहले क्वालीफिकेशन दौर के मुकाबले में एक समय 0-2 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने इसके बाद जबरदस्त वापसी करके 3-2 से जीत दर्ज की।

पंघाल ने अगले दौर में पोलैंड की रोकसाना मार्ता जेसिना को सिर्फ एक मिनट और 38 सेकेंड में तकनीकी दक्षता के आधार पर हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और फिर तटस्थ खिलाड़ी के रूप में खेल रही रूस की नतालिया मालीशेवा को 9-6 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। पैरिश शुरू में ही हावी हो गई थी। उन्होंने पंघाल के दाएं पांव को पकड़कर भारतीय पहलवान को नीचे गिराकर दो अंक हासिल किए। इसके बाद भारत की 19 वर्षीय पहलवान का रक्षण हालांकि काफी मजबूत था और उन्होंने इस तरह के दो अन्य प्रयासों को नाकाम करके पहले पीरियड में आगे कोई अंक नहीं गंवाया। पंघाल ने इसके बाद भी अपना मजबूत रक्षण बरकरार रखा और पैरिश को किसी तरह से हमला नहीं करने दिया। भारतीय पहलवान ने इसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी का बायां पांव पकड़ कर उन्हें नीचे गिराया और दो अंक हासिल करके मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। पैरिश ने इसके बाद निष्क्रिय बने रहने के लिए एक अंक गंवाया। पंघाल ने अपनी इस मामूली बढ़त को आखिर तक बरकरार रखा और जीत हासिल की। हालांकि मनीषा (62 किग्रा), प्रियंका (68 किग्रा) और ज्योति ब्रेवाल (72 किग्रा) को हार का सामना करना है और अब टूर्नामेंट में इनकी उम्मीदें इन्हें हराने वाले खिलाड़ियों के नतीजे पर निर्भर करेंगी। भारत के सभी 10 पुरुष फ्री स्टाइल पहलवान पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वे ओलंपिक कोटा हासिल करने या गैर ओलंपिक वर्गों में पदक जीतने में नाकाम रहे। भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित किए जाने के कारण भारत के सभी पहलवान यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग के ध्वज तले चुनौती पेश कर रहे हैं।

# हरमनप्रीत सिंह और लवलीना एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में होंगे ध्वजवाहक

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह और ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 23 सितंबर को हांगझोउ में एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे।



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए संयुक्त ध्वजवाहक बनाने का फैसला किया।

एशियाई खेलों में इस दफा कुल 655 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जो देश का अब तक का सबसे बड़ा दल है।

भारतीय दल के दल प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने आज काफी सोच विचार के बाद यह फैसला किया।

भारतीय वुशु संघ के प्रमुख बाजवा ने कहा, इस बार एशियाई खेलों के लिए हमारे दो ध्वजवाहक होंगे – हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन।

स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा 2018 जकार्ता एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में ध्वजवाहक बने थे।

लवलीना ने तोक्यो ओलंपिक में 69 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता था। इस साल उन्होंने नई दिल्ली में महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की 75 किग्रा स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था।

हरमनप्रीत दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकर में शुमार हैं और वह तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे जिससे भारतीय हॉकी टीम का ओलंपिक में चार दशक से ज्यादा लंबे समय से चला आ रहा पदक का सूखा समाप्त हुआ था।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक पर निगाह लगाए होगी ताकि वह 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए स्वत: क्वालीफिकेशन हासिल कर ले।

बाजवा के साथ एशियाई खेलों में चार उप दल प्रमुख होंगे। वह आईओए द्वारा कुश्ती के लिए गठित तदर्थ समिति के चेयरमैन भी हैं।

# सिराज की आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर वापसी

**भाषा।** दुबई



**भारतीय** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज हाल में समाप्त हुए एशिया कप फाइनल में छह विकेट झटकने के शानदार प्रदर्शन के बाद पुरुषों की आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान पर पहुंच गए।

सिराज ने जनवरी में गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था लेकिन मार्च में जोश हेजलवुड ने उन्हें इस स्थान से हटा दिया था।

एशिया कप के फाइनल में अपने यादगार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका को महज 50 रन में समेटने में अहम भूमिका निभाने वाले सिराज को आठ पायदान का फायदा हुआ। फाइनल में भारत 10 विकेट से जीता था। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव तीन पायदान के नुकसान से नौवें स्थान पर खिसक गए। तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह दो पायदान के लाभ से 27वें जबकि हार्दिक पंड्या आठ पायदान के लाभ से 50वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने अपना क्रमशः दूसरा और 10वां स्थान बरकरार रखा है। वहीं स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक स्थान के फायदे से आठवें नंबर पर पहुंचने में सफल रहे।

आल राउंडर की सूची में भारतीयों में शीर्ष 20 में केवल पंड्या शामिल हैं जो एक पायदान के फायदे से छठे स्थान पर काबिज हुए।

## पंजाब एफसी ने डिफेंडर दिमित्रियोस चाटजिसाईयास से करार किया

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने बुधवार को यूनान के डिफेंडर दिमित्रियोस चाटजिसाईयास से आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सत्र के लिए करार करने की घोषणा की।

तीस साल का यह डिफेंडर यूनान, तुर्की और बेल्जियम में क्लबों के लिए खेल चुका है। पंजाब एफसी ने एक बयान में कहा, दिमित्रियोस इस सत्र में पंजाब एफसी से जुड़ने वाले अंतिम विदेशी खिलाड़ी बने और वह आगामी सत्र में टीम के अहम सदस्य होंगे।

# भारतीय पुरुष वॉलीबाल टीम ने एशियाई खेलों में दक्षिण कोरिया को हराकर उलटफेर किया



**हांगझोउ (चीन)।** भारत की पुरुष वॉलीबॉल टीम ने बुधवार को यहां गत उप विजेता दक्षिण कोरिया को पांच सेट चले रोमांचक मुकाबले में हराकर उलटफेर के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए एशियाई खेलों के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। भारतीय टीम ने ग्रुप सी के अंतिम मैच में कोरिया को दो घंटे 38 मिनट में 3-2 (25-27 29-27 25-22 20-25 17-15) से हराया।

मंगलवार को कंबोडिया को 3-0 से हराने वाला भारत पांच अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा। भारत के लिए अमित गुलिया और अशवाल राय ने शनदार प्रदर्शन करते हुए टीम को महत्वपूर्ण अंक दिलाए। भारत अगले दौर में चीनी ताइपे या मंगोलिया से भिड़ेगा। भारत ने एशियाई खेलों में अपना पिछला पदक 1986 में कांस्य पदक के रूप में जीता था। इंडोनेशिया के जकार्ता में पिछले सत्र में भारतीय टीम 12वें स्थान पर रही थी।

# दुर्गा पूजा के दौरान कोलकाता का दौरा करेंगे रोनाल्डिन्हो

**भाषा।** कोलकाता

**संन्यास** ले चुके ब्राजील के महान फुटबॉलर रोनाल्डिन्हो अगले महीने दुर्गा पूजा पर्व के दौरान कोलकाता का दौरा करेंगे। इसकी जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने कहा कि रोनाल्डिन्हो के 15 से 19 अक्टूबर के बीच शहर में आने की संभावना है लेकिन अंतिम तारीख की पुष्टि कोंगो में बार्का लीजेंड्स मैच की तारीख के बाद ही होगी। रोनाल्डिन्हो पहली बार कोलकाता का दौरा करेंगे और उनके एक छोटे से चैरिटी मैच में खेलने की उम्मीद है। इसके अलावा वह दुर्गा पूजा के एक पंडाल और एक फुटबॉल क्लिनिक का दौरा भी करेंगे। वह अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप विजेता लियोनल मेस्सी की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। दो बार के बैलन डिओर विजेता रोनाल्डिन्हो के कुछ प्रयोजकों से भी मिलने की संभावना है। यह अधिकारी बीते समय में फुटबॉल के महान खिलाड़ियों को शहर लाने में अहम भूमिका निभा चुका है जिसमें माराडोना, पेले और काफू शामिल हैं। उन्होंने इस साल जुलाई में अर्जेंटीना के मौजूदा विश्व कप विजेता गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को भी इस शहर में लाने में अहम भूमिका निभाई थी। रोनाडिन्हो की राजारहाट में अपनी फुटबॉल अकादमी आर10 अकादमी भी है।

# आईसीसी ने टी20 विश्वकप के स्थल के रूप में न्यूयॉर्क, डेलास और फ्लोरिडा की पुष्टि की

**भाषा।** दुबई



**अंतराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के अमेरिका चरण के तीन स्थलों के रूप में बुधवार को न्यूयॉर्क, डेलास और फ्लोरिडा के नाम की पुष्टि की।

अमेरिका में ब्रोवार्ड काउंटी (फ्लोरिडा), ग्रैंड प्रेरी (डेलास) और आइसेनहावर पार्क (न्यूयार्क) टी20 विश्व कप मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। यह पहली बार है जब टूर्नामेंट का आयोजन अमेरिका में हो रहा है और वह वेस्टइंडीज के साथ सह मेजबान है।

आईसीसी ने 2021 में अमेरिका को प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी थी। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्यौफ अलार्डिस ने कहा कि विस्तृत आकलन प्रक्रिया के बाद इन स्थलों को चुना गया है। अलार्डिस ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा, ट्रॉफी के लिए 20 टीम के बीच भिड़ंत वाले अब तक के सबसे बड़े आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के एक हिस्से की मेजबानी के लिए तीन अमेरिकी स्थलों की घोषणा करने की हमें खुशी है। उन्होंने कहा, हमने देश में कई संभावित स्थलों पर विचार किया और संबंधित मेजबानों के बीच रोमांच को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। अलार्डिस ने कहा कि फ्लोरिडा और डेलास में मौजूदा स्थलों में विस्तार किया जाएगा जिससे कि अधिक दर्शकों और मीडिया को जगह दी जा सके। साथ ही प्रीमियम हॉस्पिटेलिटी एरिया भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क की नसाउ काउंटी में भी बाकी दोनों स्टेडियम की तरह 34 हजार दर्शकों की क्षमता वाले मॉड्युलर स्टेडियम के निर्माण के लिए समान तकनीक का इस्तेमाल होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसके लिए स्थानीय अधिकारियों से जरूरी मंजूरी अगले महीने तक मिल जाएगी। प्रतियोगिता से पूर्व मुकाबलों और ट्रेनिंग के लिए अमेरिका में कुछ और स्थलों की पहचान की गई है जिसमें एमएलसी टीम वाशिंगटन फ्रीडम का घरेलू मैदान जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी भी शामिल है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला से मनोबल बढ़ाना चाहेंगे बांग्लादेशी क्रिकेटर

**एपी।** मीरपुर (बांग्लादेश)



**इस** महीने एशिया कप के फाइनल में पहुंचने में असफल रहने के बाद बांग्लादेश की टीम गुरुवार से शुरु होने वाले तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में न्यूजीलैंड को हराकर 50 ओवर के विश्व कप से पहले मनोबल बढ़ाने के लिए बेताब होगी।

बांग्लादेश ने अपने अहम खिलाड़ियों कप्तान शाकिब अल हसन, मुश्फिकुर रहीम, नजमुल हुसैन और तौहिद हृदय को आराम दिया है ताकि वे तरोताजा और चोटों से मुक्त रह सकें। हालांकि उसने अगले महीने होने वाले विश्व कप के लिए अपनी टीम घोषित नहीं की है।

न्यूजीलैंड ने विश्व कप टीम में शामिल अपने केवल पांच खिलाड़ियों को ही बांग्लादेश भेजा है जिसमें कार्यवाहक कप्तान लॉकी फर्ग्यूसन, ट्रेंट बोल्ट, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी और विल यंग शामिल हैं।

पिछले महीने वनडे कप्तानी छोड़ने वाले तमीम इकबाल पीठ की समस्या से उबरने के बाद बांग्लादेश की टीम में वापस आ चुके हैं। महमूदुल्लाह ने भी वापसी की है जिन्हें खराब फॉर्म के कारण मार्च में इंग्लैंड श्रृंखला से बाहर कर दिया गया था। शाकिब अल हसन की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई करने वाले लिटन दास ने कहा, इस श्रृंखला से काफी चीजें हासिल करनी हैं। पहली चीज तो जीत ही विश्व कप से पहले हमारे लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

फर्ग्यूसन अभी तक बांग्लादेश की सरजमीं पर नहीं खेले हैं और उनका कहना है, बांग्लादेश अपनी परिस्थितियों में काफी अच्छा खेलती है और यहां हमें बड़ी चुनौती मिलेगी। हमारे लिए ध्यान लगाना और परिस्थितियों के हिसाब से तेजी से अनुकूलित होना महत्वपूर्ण होगा। हममें से काफी खिलाड़ी यहां नहीं खेले हैं। न्यूजीलैंड ने 2008 के बाद से बांग्लादेश में कोई वनडे मैच नहीं जीता है।

## करुण नायर ने नार्थम्पटनशर के लिए बनाए नाबाद 144 रन

**लंदन।** करुण नायर ने द ओवल में यहां काउंटी चैम्पियनशिप डिविजन एक मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही सरे के खिलाफ अपने पुराने अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए नार्थम्पटनशर के लिए नाबाद 144 रन की पारी खेली। नायर ने दिन की शुरुआत 51 रन से की और अपनी नाबाद पारी के लिए 238 गेंद खेल ली हैं जिससे नार्थम्पटनशर ने बारिश और खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त होने तक नौ विकेट पर 351 रन बना लिए।

भारतीय टीम से बाहर चल रहे नायर ने अपनी पारी के दौरान 22 चौके और दो छक्के जड़े।

# मेरे खाते में केवल 900 यूरो बचे हैं, अच्छी जिंदगी नहीं जी पा रहा हूंः सुमित नागल

**भाषा।** नई दिल्ली



**एटीपी** टूर में खेलने के लिए एक करोड़ रुपए के बजट की व्यवस्था करने के बाद भारत के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के बैंक खाते में अब एक लाख रुपए से भी कम की धनराशि बची है और अच्छी जिंदगी नहीं जी पाने के कारण वह उदास हैं।

वह पिछले कुछ वर्षों से जर्मनी की नानसेल टेनिस अकादमी में अभ्यास कर रहे थे लेकिन पैसों की कमी के कारण वह 2023 के सत्र के शुरुआती तीन महीनों में अपने पसंदीदा स्थान पर अभ्यास नहीं कर पाए। उनके मित्र सोमदेव देववर्मन और क्रिस्टोफर मार्कुइस ने जनवरी और फरवरी में उनकी मदद की थी।

वित्तीय समस्याओं से जूझना शायद प्रत्एक भारतीय टेनिस खिलाड़ी की कहानी है लेकिन सच्चाई यह है कि देश का नंबर एक एकल खिलाड़ी अपने और अपने परिवार के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं जुटा पा रहा है जिससे अप्रभावी प्रणाली और एटीपी टूर से जुड़े संघर्ष का पता चलता है जहां खिलाड़ी को अपनी लड़ाई खुद लड़नी पड़ती है।

एटीपी टूर में खेलने के लिए नागल ने अपनी सारी पुरस्कार राशि, आईओसीएल से मिलने वाला अपना वेतन और महा टेनिस फाउंडेशन से मिलने वाली सहायता राशि को खर्च किया है। उनका यह खर्च पाइन में अभ्यास केंद्र में रुकने तथा अपने कोच या फिजियो के साथ टूर्नामेंट के लिए यात्राओं पर होता है। नागल ने पीटीआई से कहा, अगर मैं अपने बैंक में जमा धनराशि की बात करूं तो मेरे पास इतनी ही राशि है जितनी की वर्ष के शुरुआत में थी। यह 900 यूरो (लगभग 80000 रुपए) है। मुझे थोड़ी मदद भी मिली। महा टेनिस फाउंडेशन के प्रशांत सुतार मेरी मदद कर रहे हैं तथा मुझे आईओसीएल से मासिक (वेतन) भी मिलता है लेकिन मेरे पास कोई बड़ा प्रायोजक नहीं है।

नागल ने इस साल 24 टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया जिनसे उन्होंने लगभग 65 लाख रुपए की कमाई की। उन्हें सबसे बड़ी पुरस्कार राशि अमेरिकी ओपन से मिली जहां वह क्वालीफायर के पहले दौर में हार गए थे लेकिन इसके बावजूद उन्हें 22000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 18 लाख रुपए) मिले। उन्होंने कहा, मैं जो भी कमाई कर रहा हूं उसे खर्च कर दे रहा हूं। मेरा वार्षिक खर्च लगभग 80 लाख से लेकर एक करोड़ रुपए तक है और यह भी तब है जबकि मैं केवल एक कोच के साथ यात्रा करता हूं। मैंने जो भी कमाया उसे खर्च भी कर दिया।

नागल ने कहा, मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों से भारत का नंबर एक खिलाड़ी होने के बावजूद मुझे पर्याप्त सहयोग नहीं मिल रहा है। मैं ग्रैंड स्लैम के लिए क्वालीफाई करने वाला एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हूं तथा मैंने पिछले साल ओलंपिक में एक मैच भी जीता था इसके बावजूद सरकार ने मुझे टॉप्स में शामिल नहीं किया है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि चोटिल होने के कारण जब मेरी रैंकिंग गिर गई तो किसी ने भी मेरी मदद करना उचित नहीं समझा। किसी को भी विश्वास नहीं था कि मैं वापसी कर सकता हूं। यह निराशाजनक है क्योंकि मुझे लगता है कि मैं जो कुछ भी करता हूं वह पर्याप्त नहीं है। भारत में वित्तीय सहायता हासिल करना बहुत मुश्किल है।

ईमानदारी से कहूं तो मुझे पता नहीं कि क्या करना है। मैंने हार मान ली है। पंजाबी बाग में प्राइमरी स्कूल के शिक्षक के बेटे नागल को पिछले साल कोर्ट से बाहर की समस्याओं से भी जूझना पड़ा। उन्होंने अपने कूल्हे का ऑपरेशन करवाया और वह दो बार कोविड-19 की चपेट में भी आए।

नागल ने कहा, मेरे पास बचत के नाम पर कुछ भी नहीं है और मैं टूट रहा हूं। मैं यह नहीं कह सकता कि मैं बहुत अच्छी जिंदगी जी रहा हूं जहां मुझे काम करने की जरूरत नहीं है। मैंने पिछले दो वर्षों में खास कमाई नहीं की है।

नागल एटीपी एकल रैंकिंग में 159वें स्थान पर हैं जो भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ है। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद का नंबर आता है जिनकी विश्व रैंकिंग 407 है।

# करो या मरो के मुकाबले में बांग्लादेश से भिड़ेगा भारत

**भाषा।** हांगझोउ



**मेजबान** चीन के खिलाफ पहले मैच में करारी हार के बाद भारत गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता के करो या मरो के ग्रुप मैच में बाग्लादेश के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा।

भारतीय टीम सोमवार देर शाम यहां पहुंची थी और उचित आराम और नींद के बिना उसने मंगलवार को चीन के खिलाफ अपना पहला मैच खेला जिसमें टीम को।-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। नॉकआउट की दौड़ में बने रहने के लिए इगोर स्टिमक की टीम को ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को हर हाल में हराना होगा। बांग्लादेश के खिलाफ हार से भारत टूर्नामेंट से बाहर नहीं होगा क्योंकि छह ग्रुप से तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीम भी प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी लेकिन ऐसी स्थिति में अंतिम मैच से पहले काफी अनिश्चितता रहेगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक के रूप में क्वालीफाई करने से भारत को प्री क्वार्टर फाइनल में मजबूत टीम का सामना करना पड़ सकता है।

बांग्लादेश की टीम किसी भी स्तर पर भारत के लिए आसान टीम नहीं रही है और वे भी पहले मैच में म्यांमार के खिलाफ 0-। की हार के बाद वापसी करने की कोशिश करेंगे। डिफेंडर कोनसैम चिंगलेनसाना सिंह वीजा में विलंब के कारण टीम के साथ यात्रा नहीं कर पाए। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने उनके लिए एक्सप्रेस वीजा का इंतजाम किया और वह यहां अलग से पहुंचे। एक्सप्रेस वीजा दो से तीन दिन में मिल जाता है। सुनील छेत्री की अगुआई वाली टीम के लिए बांग्लादेश को हराकर प्रतियोगिता की पहली जीत दर्ज करना आसान नहीं होगा क्योंकि इंडियन सुपर लीग क्लबों के खिलाड़ियों को छोड़ने से इनकार करने के बाद अंतिम समय में टीम तैयार की गई और इसमें अधिकतर अंजान चेहरे हैं।

# विश्वकप ट्रायल के लिए उतरेंगे अश्विन और वाशिंगटन सुंदर

**भाषा।** मोहाली

**रविचंद्रन** अश्विन डेढ़ महीने पहले अपने तमिल यूट्यूब चैनल पर बता रहे थे कि तिलक वर्मा जैसी प्रतिभा को वनडे विश्व कप के लिए गंभीरता से क्यों लिया जाना चाहिए।

टेस्ट क्रिकेट में भारत के महानतम मैच विजेताओं में से एक ने संभवत: कभी नहीं सोचा होगा कि उन्हें वाशिंगटन सुंदर के खिलाफ दो मैचों के ट्रायल के लिए बुलाया जाएगा जो उनसे करीब डेढ़ दशक जूनियर हैं।

विश्व कप टीम के चयन के लिए खिलाड़ियों को परखना जरूरी है लेकिन इस महासमर से महज दो हफ्ते पहले भारतीय टीम प्रबंधन ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के लिए दो ऑफ स्पिनरों को बुलाया है ताकि अक्षर पटेल की चोट के समय पर ठीक नहीं होने के बाद बैक-अप विकल्प तैयार रहे।

यह एक तरह से वर्चुअल शूट-आउट होगा जिसमें मोहाली और राजकोट की सपाट पिचों पर अजीत अगरकर की चयन समिति उनका प्रदर्शन देखेगी।

पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा, मुझे लगता है कि अश्विन दौड़ में आगे हैं कि उस जैसे स्तर के गेंदबाज को टीम में बुलाया गया है। मुझे हमेशा से ही लगता है कि अश्विन को उसी समय से टीम में शामिल होना चाहिए था जब से वनडे विश्व कप के लिए तैयारी हो रही थी।

अगर अक्षर विश्व कप की टीम में जगह नहीं बना पाते हैं तो वह इनमें से किसे चुनेंगे, इस पर प्रसाद ने कहा, उम्मीद करते हैं कि अक्षर राजकोट में अंतिम वनडे के लिए फिट हो जाएं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।